


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 205 | मंगलवार, 8 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, द्वादशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया




देश दुनिया NEWS
हर खबर पर हमारी नजर

## प्रदेश में जमकर हुई बारिश, मानसून ने पार किया औसत बारिश का आंकड़ा

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सोमवार को पश्चिमी यूपी और तराई के कई जिलों में जमकर बारिश हुई। बरेली में 24 घंटे के दौरान 381.1 मिमी बारिश दर्ज की गई और शाहजहांपुर में भी 227 मिमी पानी बरसा। इन दोनों जिलों के अब तक उपलब्ध मापन इतिहास में एक दिन में यह सबसे अधिक बारिश है।



क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पश्चिमी यूपी और तराई में हुई इस बारिश से प्रदेश में मानसून की स्थिति बदल गई है। एक जून से सात सितंबर तक प्रदेश में सामान्य से एक प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है।

यानी मानसून सीजन में अब तक हुई कुल बारिश ने औसत का आंकड़ा पार कर लिया है। सोमवार को बहराइच में 175 मिमी, लखीमपुर खीरी में 156 मिमी और एटा में 135 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा कई जिलों में मध्यम से भारी बारिश हुई।

मौसम विभाग ने मंगलवार को चित्रकूट, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महराजगंज और सिद्धार्थनगर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बृहस्पतिवार से प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां कमजोर पड़ने के आसार हैं।

लखनऊ में मौसम बदला हुआ है। काले बादलों के बीच मूसलाधार बारिश हुई। बिजली कड़की और तेज बारिश के चलते कई इलाकों में अंधेरा छा गया। वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। हजरतगंज, गोमतीनगर, विभूतिखंड, इंदिरानगर और कैंट समेत कई इलाकों में बारिश हुई। अब बारिश थमने के बाद शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति है। कैंट के अटल तिराहे से निकल रही स्विफ्ट डिजायर पर नीम का पेड़ गिर पड़ा।

गोमतीनगर में सड़क पर पानी जमा है। छात्र इसी नाले के पानी को पार कर स्कूल गए। मौसम विभाग ने आज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है और मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई है। मानसून के दौरान 1 जून से लेकर 6 सितंबर तक कुल 609.5 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि सामान्य बारिश का औसत 556.6 मिलीमीटर रहा है। यह सामान्य से 10 फीसदी अधिक रहा।

## सोमवार को बदायूं की सड़कें हुईं लाल, दो हादसों में छह की मौत

### उघैती में डंपर की टक्कर से टेंपो के उड़े परखच्चे, तीन की मौत और आठ घायल

### फैजगंज बेहटा में रोडवेज बस-बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों ने मौके पर दम तोड़ा

– जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सोमवार का दिन जिले में सड़क हादसों के नाम रहा। उघैती और फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। दोनों घटनाओं के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हादसों की जांच शुरू कर दी है।







उघैती थाना क्षेत्र में सहसवान रोड पर गोदी नगला और खितौरा गांव के बीच सवारियों से भरे टेंपो में पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में रूपवती पत्नी पप्पू निवासी गाजीपुर, वसुंधरा एंक्लेव, मयूर विहार फेस-3, पूर्वी दिल्ली तथा ओमकार पुत्र रामचरण (47) और उनकी पत्नी शांति (45) निवासी धरैरा, उघैती की मौत हो गई। आठ लोग घायल हुए हैं। इनमें परवीन, साईदन, आबिद, पांच वर्षीय अयान, संजीता, मोहरकली और नजमा समेत अन्य शामिल हैं। पुलिस ने डंपर कब्जे में ले लिया है।

वहीं दूसरा हादसा फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में एमएफ हाईवे पर मुड़िया धुरेकी और सैंडौला गांव के आसपास हुआ। यहां रोडवेज बस और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी पहचान कराने के साथ हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

### चीन ने लापता भारतीयों की पहचान के लिए मांगे डीएनए नमूने

एजेंसी न्यूज

**बीजिंग।** चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद लापता भारतीय नागरिकों की पहचान में मदद के लिए भारतीय दूतावास ने उनके परिवारों से डीएनए नमूने जमा करने का अनुरोध किया है। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को बताया कि चीन के अधिकारियों ने अब लापता भारतीय नागरिकों के डीएनए नमूने लेने की पुष्टि की है। इसके बाद दूतावास ने लापता लोगों के परिवारों से पहचान प्रक्रिया में मदद के लिए डीएनए नमूने जमा करने को कहा है। दूतावास ने कहा, "चीन जनवादी गणराज्य के अधिकारियों से पुष्टि हुई है कि वे अब 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद लापता भारतीय नागरिकों के डीएनए नमूने प्राप्त करने में सक्षम हैं। भारतीय दूतावास, बीजिंग, लापता भारतीय नागरिकों के परिवारों से पहचान प्रक्रिया में सहायता के लिए डीएनए नमूने जमा करने का अनुरोध करता है।"

### पीएम का गुजरात दौरा: एक घंटे में बुक हुई वडोदरा कार्यक्रम की सीटें

एजेंसी न्यूज

**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंगलवार को वडोदरा में होने वाले कार्यक्रम में पहली बार आम लोगों के लिए मुफ्त पंजीकरण की व्यवस्था निजी डिजिटल प्लेटफॉर्म बुकमायशो के जरिए की गई। वडोदरा नगर निगम ने कार्यक्रम में लोगों के पंजीकरण के लिए इस डिजिटल मंच का इस्तेमाल किया।

पंजीकरण शुरू होने के एक घंटे के भीतर ही सभी सीटें बुक हो गईं। इसके बाद पंजीकरण बंद कर दिया गया। 42,000 से अधिक लोगों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इससे कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### 36 हजार फीट पर अटकी सांसें: उड़ान के बीच इंजन में आई खराबी

एजेंसी न्यूज

**कोच्चि।** एअर इंडिया एक्सप्रेस की कोच्चि से अबू धाबी जा रही फ्लाइट क 415 को उड़ान के दौरान तकनीकी समस्या के कारण वापस कोच्चि लौटना पड़ा। बोइंग 737 विमान में इंजन-1 के ऑयल की मात्रा तेजी से कम होने का संकेत मिला था। बाद में ऑयल प्रेशर खतरनाक स्तर तक पहुंचने पर इंजन बंद कर दिया गया। विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और किसी यात्री या चालक दल के सदस्य को नुकसान नहीं हुआ।

रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान कोच्चि से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद लगभग 36,000 फीट की ऊंचाई पर था। इसी दौरान चालक दल ने इंजन-1 में ऑयल की मात्रा तेजी से घटती देखी। स्थिति का आकलन करने के बाद पायलटों ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को वापस कोच्चि ले जाने का फैसला किया।

वापसी का फैसला लेने के करीब 45 मिनट बाद इंजन-1 का ऑयल प्रेशर अस्थिर होने लगा। कॉकपिट में इससे जुड़ी चेतावनी लाल क्षेत्र तक पहुंच गई, जो गंभीर गिरावट का संकेत था। चालक दल ने इंजन और विमान के दूसरे मानकों पर लगातार नजर रखी और स्थिति को नियंत्रित रखा।

## विहिप का स्थापना दिवस: चंपत राय ने किया विस्थापित हिंदुओं की घर वापसी का आह्वान

एजेंसी न्यूज

**अयोध्या।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने उन हिंदुओं की सम्मानजनक वापसी पर जोर दिया जो विभिन्न कारणों से अपना घर छोड़कर चले गए हैं। उन्होंने विदेशों में रहने वाले हिंदुओं को स्थानीय कानूनों का सम्मान करते हुए मंदिर निर्माण करने की सलाह भी दी। कारसेवक पुरम सभागार में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के 62वें स्थापना दिवस पर मुख्यवक्ता एवं विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने भारत में एक ऐसे समूह की बात की जो सादे कागजों पर लोगों के अंगूठे लगवाता था। इसके साथ ही, उन्होंने आंदोलन के दौरान




200 हिंदुओं को पत्र लिखकर धमकाए जाने की घटना का भी जिक्र किया। विहिप उपाध्यक्ष ने उन हिंदुओं की सम्मानजनक वापसी पर जोर दिया जो विभिन्न कारणों से अपना घर छोड़कर चले गए हैं।

उन्होंने विदेशों में रहने वाले हिंदुओं को स्थानीय कानूनों का सम्मान करते हुए मंदिर निर्माण करने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि देश के 15 हजार से अधिक संतों ने जब हिंदू पर से आलस्य की राख हटाई उसकी परिणिति श्रीराम जन्म भूमि मंदिर के रूप में हुई। बीते 200 वर्ष की चर्चा करते हुए बताया कि एक समाज ऐसा भी है जिसे अंग्रेज पानी के जहाज में भरकर विश्व के विभिन्न समुद्री टापुओं पर मजदूरी कराने ले गए और वहीं छोड़ दिया। वे लोग अपने साथ गोस्वामी तुलसीदास की रामचरितमानस या गीता लेकर गए। उसी पुस्तक ने उन्हें आज भी हिंदुत्व से जोड़ रखा है। वे भारत की धरती से दूर हैं, हिंदी नहीं जानते पर स्वयं को हिंदू मानते हैं। मॉरिशस, त्रिनिडाड, म्यांमार, सूरीनाम, फिजी कुछ ऐसे ही देश हैं जहां वे आज राज सत्ता संभाल रहे हैं और स्वयं को हिंदू भी मानते हैं।

चंपत राय ने बताया कि संगठन आज भारत के 75 हजार से अधिक गांवों शहरों के अलावा विश्व के 25 देशों में वहां के कायदे कानून मानते हुए काम कर रहा है। अधिकारी राजकुमार दास ने कहा कि हमें एक ही प्रयास में चिंतन करना चाहिए कि तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें...। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री हरिशंकर ने विषय अवधारणा प्रस्तुत की। संचालन आचार्य ऋषभ व प्रदीप ने किया।

### पूर्वोत्तर के दौरे पर उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

एजेंसी समाचार

**शिलांग।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सोमवार को मेघालय पहुंचे। उमरोई हवाईअड्डे पर मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग, राज्य सरकार के मंत्री सनबोर शुल्लाई समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी उपराष्ट्रपति की अगवानी की। मेघालय पहुंचने पर स्थानीय परंपरा और संस्कृति की झलक के बीच उनका स्वागत किया गया। चार पूर्वोत्तर राज्यों के दौरे के तहत उपराष्ट्रपति असम के बाद मेघालय पहुंचे हैं। उनका यह दौरा पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ संवाद और क्षेत्र की सांस्कृतिक विविधता को करीब से समझने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उपराष्ट्रपति सोमवार शाम शिलांग के सोसो थाम सभागार में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान मेघालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की जाएगी। राज्य के विभिन्न समुदायों के कलाकार पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे के दौरान राज्य में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं के जरिए आधारभूत ढांचे और जनसुविधाओं को मजबूत करने पर जोर है।

## एलपीजी ग्राहकों के लिए खुशखबरी, अब पहले की तरह 25 दिन में दोबारा बुक कर सकेंगे गैस सिलेंडर

एजेंसी न्यूज

**दिल्ली।** बीते दिनों में अमेरिका-ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति बाधित होने के दौरान देश में एलपीजी की उपलब्धता पर दबाव बढ़ गया था। गैस की कमी को देखते हुए केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग में बदलाव किए थे। वहीं, अब इस अंतराल को घटाकर 25 दिन कर दिया है। इस फैसले के साथ अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी रिफिल बुकिंग का नियम समान हो गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों केघरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए गैस सिलेंडर की दोबारा बुकिंग के लिए पहले से लागू प्रतिबंधों में ढील देने का निर्णय लिया है।

इससे पहले उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को राहत देने के लिए सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को संकट-पूर्व खपत स्तर के 50 प्रतिशत तक बहाल करने की अनुमति भी दी थी,



ताकि उत्पादन और व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित न हों।

केंद्रीय पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवं पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने सोमवार को कहा कि देश में एलपीजी आपूर्ति की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार और लंबित रिफिल बुकिंग में भारी कमी आने के बाद सरकार ने नियमों में बदलाव किए। सरकार ने शहरी उपभोक्ताओं को 25 दिन के अंतराल पर रिफिल बुकिंग की अनुमति दी थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए यह अवधि 45 दिन निर्धारित की गई थी।

### सीजेपी के बहाने जेन जी पर नजर: यूपी में पार्टियों ने बदली रणनीति

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सीजेपी के छात्र-युवा आंदोलन को लेकर सियासी दलों में सक्रियता बढ़ गई है। सपा सीजेपी के जरिए जेन जी वोटरों को साधने की कोशिश में है, जबकि बसपा आंदोलन के ह्यहाईजैकह्न होने की आशंका जता रही है। चंद्रशेखर आजाद खुलकर समर्थन कर रहे हैं और कांग्रेस भी मुद्दों के समर्थन में दिख रही है। भाजपा सरकार सीजेपी नेताओं से संवाद कर युवाओं की नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रही है।

गैर सियासी मंच के जरिए सियासत साधने की होड़ शुरू हो गई है। इसका बड़ा असर सबसे बड़े चुनावी अखाड़े यूपी में दिखेगा। समाजवादी पार्टी की जहां कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के छात्र- युवा आंदोलन से नजदीकी दिखने लगी है, वहीं बहुजन समाज पार्टी इसे युवा आंदोलन को हाईजैक किया जाना बता रही है। इस वर्ग के बीच दलित वोटर तलाशने वाले भी पीछे नहीं हैं।

विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही दावेदार छात्रों व युवाओं को साधने की कोशिश में लगे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी की सियासी अहमियत व उसकी आगे की रणनीति को समझा- तौला जा रहा है। दावेदारों को अहसास हो रहा है कि इस गैर राजनीतिक मंच से निकटता का संदेश अगर युवा वोटरों में चला गया तो उन्हें इसका फायदा चुनावी अखाड़े में हो सकता है।

## हर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बनेगा पंचायत उत्सव भवन, शादी-मुंडन के लिए मिलेगा सस्ता स्थान; 71 भवनों का निर्माण शुरू

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अब शादी, मुंडन और अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ग्रामीण परिवारों को सस्ती और सुलभ दरों पर स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए हर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा। योजना का क्रियान्वयन और संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा।




वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्राविधान किया गया था। योजना के पहले चरण में प्रदेश की 71 ग्रामीण विधानसभाओं में एक-एक पंचायत उत्सव भवन के निर्माण के लिए धनराशि जारी की जा चुकी है। इन भवनों की अनुमानित लागत करीब 1.41 करोड़ रुपये प्रति भवन है और निर्माण कार्य शुरू हो चुका है।

पंचायत उत्सव भवन के निर्माण के लिए करीब 3000 वर्गमीटर भूमि की आवश्यकता होगी। इसमें लगभग 520 वर्गमीटर क्षेत्रफल में भवन का निर्माण किया जाएगा।

## मेरठ: स्कूल के वॉशरूम में मिला कक्षा सात के छात्र का शव

एजेंसी न्यूज

**मेरठ।** मवाना नगर में बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने वाली गली में स्थित बसंत वैली पब्लिक स्कूल में सोमवार को एक दुखद घटना हुई। कक्षा सात के 13 वर्षीय छात्र कुणाल शर्मा की मौत हो गई। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। देर शाम परिजनों ने कानूनी कार्रवाई या पोस्टमार्टम से इंकार करते हुए छात्र का अंतिम संस्कार कर दिया।

मोहल्ला काबली गेट, फलावदा रोड निवासी धर्मेंद्र शर्मा का पुत्र कुणाल शर्मा बसंत वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा सात का छात्र था। सोमवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब अन्य बच्चे बाहर निकल गए, तब कुणाल ई-रिक्शा में नहीं पहुंचा। लगभग 15 मिनट इंतजार करने के बाद ई-रिक्शा चालक उसे तलाशने स्कूल के अंदर गया। कक्षा में कुणाल के न मिलने पर अन्य बच्चों से पता चला कि वह वॉशरूम गया था।

वॉशरूम का दरवाजा अंदर से बंद मिला और खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं आया, तो एक



छात्र ने ऊपर से झांककर देखा। कुणाल अंदर जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा था। दरवाजा खोलकर उसे तुरंत बाहर निकाला गया और परिजनों को सूचित किया गया। स्कूल स्टाफ उसे तत्काल एक निजी चिकित्सक के पास ले गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भी ले गए, लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार, मौत का कारण अचानक हृदय गति रुकना प्रतीत होता है। देर शाम घटना की सूचना मिलने पर सीओ पंकज लवानिया और थाना प्रभारी ब्रह्म कुमार त्रिपाठी कुणाल के घर पहुंचे।

### नैनीताल : शनि ग्रह पर मिली रहस्यमय 10 भुजाओं वाली अनोखी आकृति

एजेंसी न्यूज

**नैनीताल।** शनि ग्रह पर 10 भुजाओं वाली रहस्यमय वायुमंडल में अनोखी आकृति की खोज हुई है। वैज्ञानिक इस खोज को हैरान करने वाली खोज बता रहे हैं। वैज्ञानिकों ने इसे डिकैगन यानी दसभुज नाम दिया है। नासा की हवल अंतरिक्ष दूरबीन से यह खोज हुई है। शनि ग्रह शुरू से हमेशा से रहस्यमय ग्रह है। इसके अंदरूनी हिस्से में कोई न कोई बदलाव अतीत में देखे जाते रहे हैं। दो दशक पहले एक अजीब रंग देखा गया था, जिसे हॉट स्पॉट नाम दिया गया था। शनि के छल्ले भी हमेशा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र रहे हैं, जिनके बनने और टूटने की खबरें भी आती रहती हैं।

### स्वर्ण भारत ट्रस्ट का स्थापना दिवस समारोह

## सीएम योगी बोले- ग्लोबल होने के साथ नई पीढ़ी अपनी जड़ों से भी जुड़े

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंध्र प्रदेश के वेंकटचलम (नेल्लोर) में सोमवार को हुए स्वर्ण भारत ट्रस्ट के 25वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक दौर ने देश की स्वावलंबी ग्रामीण व्यवस्था को कमजोर किया, लेकिन गांवों की आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई। स्वर्ण भारत ट्रस्ट का ब्रिज स्कूल और यूपी के अटल आवासीय विद्यालय समान सोच के साथ वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य ऐसी नई पीढ़ी तैयार करना है, जो ग्लोबल और आधुनिक तकनीक से लैस हो। उसके हृदय में अपनी संस्कृति पर गर्व, संवेदनशीलता और नेशन फर्स्ट की भावना हो। उन्होंने ट्रस्ट के संस्थापक पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू को उत्तर व दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक व आध्यात्मिक सेतु बताया।




कहा, भारत की सभ्यता की शक्ति गांव रहे हैं। सदियों तक अर्थव्यवस्था, सामाजिक जीवन और संस्कृति के केंद्र भी रहे। वे उत्पादन, ज्ञान और जल संरक्षण के साथ कला-शिल्प के केंद्र तथा सामाजिक मूल्यों की मूल इकाई भी रहे हैं। कृषि, पशुपालन, शिल्प, व्यापार, स्थानीय संस्थाएं, सभी एक दूसरे से जुड़ी थीं। गांव की अर्थव्यवस्था में एक का उत्पादन दूसरे की आजीविका बनता था। महात्मा गांधी का आह्वान था बैक टू विलेज।

## एक नजर

### लगातार बारिश से कब्रिस्तान में भरा पानी, कब्रों से बाहर आए शव

**फतेहगंज पश्चिमी।** गांव रुकुमपुर में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भारी बारिश के कारण गांव के कब्रिस्तान में जलभराव हो गया, जिससे पानी के दबाव में दो कब्रों से दफन शव बाहर निकल आए। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो सप्ताह पहले नन्हे और तीन दिन पूर्व मेहरून की पत्नी सबरी बेगम का इंतकाल हुआ था। दोनों को गांव के कब्रिस्तान में दफनाया गया था। रविवार को हुई भारी बारिश के बाद सोमवार सुबह कब्रिस्तान पानी से लबालब मिला। ग्रामीणों ने दोनों शवों को बाहर निकला देखा तो प्रशासन को सूचना दी। थाना पुलिस और लेखपाल मौके पर पहुंचे। इसके बाद पंपिंग सेट लगाकर कब्रिस्तान से पानी की निकासी कराई गई। पानी निकलने के बाद दोनों शवों को सम्मानपूर्वक दोबारा दफनाया गया। ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# निर्माणाधीन टंकी का जीना गिरा, मजदूर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मीरगंज।** विकासखंड शेरगढ़ की ग्राम पंचायत बकनिया बीरपुर में हर घर जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का जीना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में काम कर रहे दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, इनमें से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान वरुण पुत्र डोरी लाल, उम्र करीब 20 वर्ष, ग्राम पंचायत इंद्र, थाना नवाबगंज के रूप में बताई गई है। वहीं घायल राजेश पुरी पुत्र हेतराम, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी कुंडलिया खुर्द, थाना बिशारतगंज बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीण थोड़ी राम पुत्र रवि राम, उम्र करीब 60 वर्ष, ने बताया कि हादसे के समय करीब पांच मजदूर काम कर रहे थे। मजदूर जीने पर काम कर रहे थे, तभी अचानक जीना भरभराकर नीचे गिर गया और उसका आधे से अधिक हिस्सा टूटकर नीचे आ गया। उन्होंने बताया कि कुछ मजदूर काम करने से मना कर रहे थे, लेकिन एक अधिकारी के आने के बाद उन्हें काम करने के लिए कहा गया। ग्रामीण नंदकिशोर ने निर्माण कार्य को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि पानी की टंकी दक्षिण दिशा की ओर झुक चुकी है और निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार मजदूरों और मौके पर मौजूद लोगों को जीने में आई दरारों के बारे में चेताया था और उच्च गुणवत्ता की सामग्री से निर्माण कराने की मांग की थी, लेकिन उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, टंकी का निर्माण 22 फरवरी 2023 को शुरू हुआ था। निर्माण कार्य की कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम, बरेली तथा एजेंसी एनसीसी लिमिटेड बताई गई है। ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की जांच कराने, घटिया निर्माण को ध्वस्त कराकर मानक के अनुरूप दोबारा निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के झुके होने की स्थिति में भविष्य में भी बड़ा हादसा हो सकता है और आसपास के घरों को खतरा बना हुआ है। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर तरह-तरह के सवाल उठाए गए। ग्रामीण प्रेमशंकर, अमित, रामप्रकाश, अनुज, मोहित और रामचरनलाल समेत कई लोगों ने निर्माण कार्य की तकनीकी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। गांव के प्रधान महेंद्र पाल वर्मा ने भी गुणवत्ता की जांच की मांग की है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी गांव को अभी तक पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल पाई है। मीरगंज उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। निर्माण की गुणवत्ता की भी जांच होगी और लापरवाही मिलने पर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी वहीं एसडीएम निधि शुक्ला ने बताया कि जल जीवन मिशन के अधिकारियों से बात की गई है फिलहाल शव का पीएम कराया जाएगा उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की पूरी मदद की जाएगी।

# अरिल नदी में बाइक समेत बहे तीन बाइक सवार

जागरण मोर्चा कार्यालय





**आंवला।** सोमवार शाम अरिल नदी में तेज बहाव के दौरान बड़ा हादसा हो गया। डरूआपुर गांव के पास नदी पर बनी पुलिया से बाइक से गुजर रहे तीन लोग तेज बहाव में बाइक समेत नदी में बह गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो में दो लोग नदी के तेज बहाव के बीच तैरते नजर आ रहे हैं। देर शाम तक तीनों का कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नदी में उनकी तलाश शुरू कर दी।

आंवला क्षेत्र के डरूआपुर गांव के समीप अरिल नदी बहती है। नदी पर अतरक्षेडी और बिशारतगंज की ओर जाने के लिए पुलिया बनी हुई है। सोमवार शाम तीन बाइक सवार इसी पुलिया से होकर अतरक्षेडी गांव की ओर जा रहे थे। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और पुलिया के ऊपर से भी तेज बहाव के साथ पानी गुजर रहा था। इसके बावजूद तीनों बाइक सवार पुलिया पार करने लगे। पुलिया के ऊपर बह रहे तेज पानी के बीच बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। बाइक का संतुलन बिगड़ते ही तीनों सवार बाइक समेत नदी में जा गिरे और तेज बहाव में बहने लगे। हादसा होते ही पुलिया के आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने शोर मचाकर मदद की कोशिश की, लेकिन नदी का बहाव तेज होने के कारण तीनों तक पहुंचना मुश्किल था। इसी दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया। सामने आई वीडियो में नदी के तेज बहाव के बीच दो लोग तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे उनके बचने की उम्मीद भी जगी, लेकिन देर शाम तक तीनों बाइक सवारों के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से नदी के किनारे और बहाव वाले क्षेत्र में तलाश शुरू कराई। देर शाम तक तीनों का कोई सुराग नहीं लग सका था। तेज बहाव और अंधेरा होने के कारण तलाश में भी परेशानी सामने आई। पुलिस और स्थानीय लोग लगातार नदी में उनकी तलाश में जुटे रहे।

# भरभराकर गिरा खपरैल का मकान, महिला घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज/ शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव पदमी में लगातार हो रही बारिश के कारण एक खपरैल दार मकान भरभराकर गिर गया। इस हादसे में एक महिला के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

गांव पदमी निवासी सोनू ने बताया कि रविवार की रात्रि वह अपने घर की खपरैल में सो रहे थे। सोमबार की सुवह उनकी माता सुषमा देवी उसे उठाने आईं तो वह उठकर अंदर कमरे में चला गया। उसकी माता सुषमा चारपाई निकाल रही थीं। तभी अचानक पूरी खपरैल भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। जिससे महिला सुषमा देवी मलवे के नीचे दब गईं। खपरैल गिरने की आवाज पर पहुंचे आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और मानपुर के जीवनदान अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में हल्का लेखपाल रिजवान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिली है और वह मौके पर जाकर जानकारी कर रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजेंगे।

## संक्षेप समाचार

### हालात सामान्य, फिर भी प्रशासन अलर्ट

**बहेड़ी।** कई दिनों से पहाड़ी क्षेत्र के साथ साथ मैदानी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते बाढ़ आने की आशंका होने लगी थी। इसके लिए प्रशासन ने बाढ़ चौकियों पर निगरानी तेज कर दी थी। एसडीएम गोपाल शर्मा तथा तहसीलदार भानु प्रताप सिंह अलग अलग संभावित बाढ़ क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लगातार कर रहे हैं। उत्तरी क्षेत्र में मुंडिया मुकर्रमपुर तथा पश्चिम में नरायन नगला क्षेत्र में किच्छा नदी के जल स्तर पर अधिकारी पैनी निगाह बनाए हुए हैं। साथ ही डोरा जलाशय से छोड़े जाने वाले पानी की भी मानीटरिंग की जा रही थी पर किसी भी जगह अभी जल स्तर खतरे की आशंका व्यक्त नहीं कर रहा है। तटीय क्षेत्रों की आबादी फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित है। एसडीएम तथा तहसीलदार ने सोमवार को भी अलग अलग स्थानों पर जाकर हालात की जानकारी ली।

### भाकियू ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**फतेहगंज पश्चिमी (संवाददाता)।** क्षेत्र के किसानों को लंबे समय से परेशान कर रही समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को उपजिलाधिकारी मीरगंज कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने अधिकारी को अपनी पीड़ा बताते हुए दस मांगों की सूची सौंपी। ज्ञापन में सबसे पहले सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना भेदभाव के मिलने की मांग उठाई गई। किसानों का आरोप है कि खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री के वितरण में गड़बड़ियां हो रही हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई। साथ ही फसलों का उचित दाम दिलाने और गन्ना किसानों का बकाया भुगतान जल्द कराने पर भी जोर दिया गया। गांवों की टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई और जलभराव की समस्या दूर करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। इसके अलावा राशन कार्ड, पेंशन और आवास योजना से जुड़े मामले लंबे समय से लटके होने पर भी किसानों ने नाराजगी जताई और इनके शीघ्र निपटारे की मांग की। आवारा पशुओं से खड़ी फसल को हो रहे नुकसान को रोकने के इंतजाम करने, ब्लॉक कार्यालय में आने वाली शिकायतों को समय पर सुलझाने, गांवों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता जांचने और हर महीने ब्लॉक स्तर पर किसान पंचायत बुलाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। यूनियन पदाधिकारियों ने साफ कहा कि यदि जल्द इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसान शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### मेला श्री रामलीला का विस्तृत कार्यक्रम जारी

**बहेड़ी।** डेढ़ शताब्दी से भी अधिक समय पुराने मेला श्रीराम लीला का विस्तृत कार्यक्रम जारी हो गया है। आगामी पांच अक्टूबर से शुरू होकर मेले का समापन एक नवंबर को होगा। पांच अक्टूबर को मेला अध्यक्ष/तहसीलदार की अगुवाई में कमेटी के सभी पदाधिकारी मेला मंच पर गणेश पूजन, परिसर में ध्वजारोहण में भागीदारी करेंगे। तदुपरान्त तीसरे पहर नगर में झंडी शोभायात्रा निकाले जाने के साथ ही मेले का आगाज हो जाएगा। 12 अक्टूबर को श्रीराम की बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी। 20 अक्टूबर को श्री राम– रावण बीच युद्ध मंचन के बाद रावण का पुतला दहन कर दशहरा पर्व मनाया जाएगा। दशहरे के दो दिन बाद 22 अक्टूबर को लंका फतह के बाद श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा यात्रा निकाली जाएगी और फिर आगामी एक नवंबर को धूमधाम के साथ भगवान् श्री राम, माता सीता , अनुज लखन लाल तथा पवनसुत हनुमान के स्वरूपों की आरती व तिलक के बाद मेले के समापन की विधिवत घोषणा हो जाएगी। उक्त जानकारी मेला कमेटी के कोषाध्यक्ष विवेक गर्ग ने साझा की।

### भाभी से छेड़छाड़ के विरोध पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप, सिर पर डंडा लगने से भतीजा बेहोश

**मीरगंज।** थाना शाही क्षेत्र के परचई गांव में भाभी से कथित छेड़छाड़ का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित इंतेयाज पुत्र इस्लाम खां ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार, 3 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे इंतेयाज की भाभी भूरन बेगम शौच के लिए घर से बाहर जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में गांव के व्यक्ति ने उन्हें अकेला देखकर उनका हाथ पकड़ लिया और झाड़ियों की ओर ले जाने लगा। शोर मचाने पर भूरन के देवर इरफान के पहुंचने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई।आरोप है कि घटना की शिकायत करने के लिए इंतेयाज अगले दिन थाने जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान 4 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे चार लोग डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। प्रार्थना पत्र में भूरन बेगम और इंतेयाज के भतीजे फैज के साथ भी मारपीट व गाली–गलौज करने तथा घर में सामान तोड़ने का आरोप लगाया गया है।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान एक ग्रामीण ने फैज के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह गिरकर बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपियों ने ईंट–पत्थरों से भी हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना में भूरन बेगम और फैज के घायल होने की बात कही गई है।इंतेयाज का आरोप है कि वह घायलों के साथ थाने पहुंचा, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि पुलिस ने उससे सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया और घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

# गंगा में डूबने से युवक की मौत दातागंज बदायूं क्षेत्र में मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**भमोरा।** भैंस चराने के लिए गंगा किनारे गया 30 वर्षीय युवक रविवार शाम भैंस लेकर लौटते समय गंगा में डूब गया। तलाश के दौरान उसका शव दातागंज बदायूं क्षेत्र में बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। भमोरा थाना क्षेत्र के झिझरी गांव निवासी शिव पाली का 30 वर्षीय पुत्र राजवीर उर्फ राजू रविवार सुबह भैंस चराने के लिए दातागंज क्षेत्र के रुकुमपुर गांव की ओर गया था। दिनभर भैंस चराने के बाद शाम को वह भैंस लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान गंगा पार करते समय वह पानी में डूब गया। राजवीर के गंगा में डूबने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी प्रयास के बाद उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर दातागंज बदायूं पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद राजवीर का शव गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। राजवीर चार भाइयों में सबसे बड़ा था और अविवाहित था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# 15 गांवों में कच्चे मकान गिरे, दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** सप्ताह भर से हो रही बारिश अब लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। सोमवार को हुई बारिश में तहसील क्षेत्र के 15 गांवों में कच्चे मकान और पशुशालाओं की दीवारें ढह गईं। इससे कई परिवारों का घरेलू सामान मलबे में दब गया और उनके सामने बारिश के मौसम में सुरक्षित छत की समस्या खड़ी हो गई। मकान गिरने की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए हैं।

सिरौली के बड़ागांव में मलबे में दबकर धर्मवती गंभीर घायल हो गईं। धर्मवती को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिवपुरी में मदन सिंह और वीरपाल सिंह के मकान प्रभावित हुए। इसी क्रम में आंवला क्षेत्र के ढिलबारी में कृष्ण मुरारी की पशुशाला की दीवार गिर गई। दराबनगर में संतोष कुमार पाठक का मकान ढहने से वह घायल हो गए। विजयी नगला में उर्मिला देवी, ग्राम टांडा में शिवकुमार, मुगलपुर में ओमपाल, भीमपुर में श्रीपाल, उरला में भगवान दास और मनौना में नेमचंद मौर्य के कच्चे मकान बारिश में क्षतिग्रस्त हो गए। अलीगंज क्षेत्र के कैनी शिवनगर में तनु देवी और अनुरुद्धपुर में नीरज कुमारी के कच्चे मकान बारिश में गिर गए। बिशारतगंज क्षेत्र के निसोई में नन्हेंलाल और शांति के मकान गिर गए।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे सपा पदाधिकारी, जाना हाल

**मीरगंज।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने सोमवार को 119 विधानसभा मीरगंज क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों का हाल जाना। विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा और राहत सबसे महत्वपूर्ण है। पदाधिकारियों ने समस्याएं सुनीं और अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# अलोपा देवी मंदिर पर त्रिदिवसीय दंगल शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



शुभारंभ करते एमएलसी कुंवर महाराज सिंह साथ में जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप व अन्य।

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम लौंगपुर में स्थित मां अलोपा देवी मंदिर पर तीन दिवसीय पारंपरिक दंगल एवं मेला का हुआ शुभारंभ। मेला का शुभारंभ एमएलसी कुंवर महाराज सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आंवला ओमवीर गुर्जर, जिला महामंत्री राजू उपाध्याय, ईशान ग्वाल, छत्रपाल सिंह, रिषभ शर्मा, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वरुण तोमर लकी साथ रहे। दंगल में हरियाणा, पंजाब, बरेली, मथुरा, दिल्ली, अयोध्या,जाट सेंटर बरेली आदि अखाड़ों के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। पहले दिन हुई कुश्ती में अर्जुन पहलवान हरियाणा व निशांत पहलवान दिल्ली के बीच मुकाबला बराबर रहा। जुबेर पहलवान गुलाब अखाड़ा बरेली शालिम पहलवान कछला के बीच कुश्ती बराबर रही। गुलाम नबी पहलवान गुलाब अखाड़ा बरेली व हैदर पहलवान दिल्ली के बीच गुलाब नबी पहलवान गुलाब अखाड़ा बरेली विजयी रहे। अक्षित पहलवान हरियाणा एवं विक्की सकलैनी गुलाब अखाड़ा बरेली के बीच एलानिया कुश्ती हुई जिसमें अक्षित पहलवान हरियाणा ने दो मिनट में ही विक्की पहलवान गुलाब अखाड़ा बरेली को चित कर पटकनी दी और विजयी हुए। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश तोमर, संयोजक अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ संरक्षक मदनपाल सिंह, संरक्षक शिवराम सिंह, मेला उपाध्यक्ष रोविन तोमर व चंदन तोमर सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# रामगंगा मंदिर की सुरक्षा को लेकर डीएम ने संभाली कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** रामगंगा नदी के बढ़ते जलस्तर और कटान की आशंका के बीच प्रशासन ने प्राचीन रामगंगा मंदिर की सुरक्षा को लेकर निगरानी बढ़ा दी है। सोमवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने तहसील मीरगंज के ग्राम कपूरपुर में रामगंगा नदी के बाएं किनारे स्थित प्राचीन रामगंगा मंदिर के पास चल रहे बाढ़ बचाव एवं कटानरोधी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने नदी के बहाव, कटान प्रभावित क्षेत्र और मंदिर परिसर की स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ खंड अधिकारियों से तकनीकी जानकारी लेते हुए कार्यों में गुणवत्ता और मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा इन्हें युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि रामगंगा तट स्थित मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। मंदिर और आबादी क्षेत्र को कटान से बचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी और जलस्तर बढ़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ट्रैक्टर से जलप्लावित क्षेत्र में पहुंचे और ग्रामीणों से समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने गंगा माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसडीएम निधि शुक्ला समेत अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।




## एक नजर

### गंदगी और जलभराव से आवागमन हुआ दुश्वार

**बहेड़ी।** विकास खंड दमखोदा के गाँव मिंतरपुर में सड़ गल चुकी व्यवस्था के चलते जगह जगह कूड़ा कचरा, जलभराव तथा कीचड़ का आलम है। परेशान ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी, डी पी आर ओ तथा खंड विकास अधिकारी को समस्या के निदान के बाबत पत्र लिखा है। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की सफाई न होने से गाँव के आने जाने वाले रास्तों पर गंदा पानी तथा कूड़ा कचरा पसरा हुआ है। गाँव के बुजुर्ग, महिलाओं, यहाँ तक कि स्कूली बच्चों को भी इसी गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। गंदगी की वजह से रास्तों पर फिसलन इतनी है कि साइकिल तथा दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गाँव में तमाम जगहों पर लगे कूड़े के ढेरों से उठने वाली दुर्गंध न केवल लोगों का जीना मुहाल किए है बल्कि बीमारियों को भी दावत दे रही है। लोगों ने अधिकारियों से स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था में अविलंब सुधार कराए जाने की मांग की है।

# बारिश बनी जर्जर मकानों की दुश्मन, घंटेभर में दो इमारतें ढहीं

## सौदागरान में दरगाह आला हजरत के पास और आजमनगर में हुआ हादसा, दोनों मकान खाली होने से बची जान, तीन स्कूटर मलबे में दबे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लगातार बरस रहे पानी के बीच शहर के पुराने मकानों पर खतरा मंडराने लगा है। सोमवार की सुबह बारिश के बीच शहर में करीब एक घंटे के अंतराल में दो जर्जर दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर ढह गए। पहला मकान सौदागरान में दरगाह आला हजरत के पास सुबह करीब 5:30 बजे और दूसरा आजमनगर में हरी मस्जिद के पास करीब 6:30 बजे गिरा। दोनों मकान पहले से खाली होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आजमनगर में मलबे की चपेट में आकर गली में खड़े तीन स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गए।

सौदागरान में करीब 50 गज जमीन पर बना लगभग 50 साल पुराना दो मंजिला मकान अचानक ढह गया। तेज बारिश के दौरान हुए हादसे में मलबा सड़क पर जा गिरा और दरगाह आला हजरत की ओर जाने वाला रास्ता कुछ समय के लिए बंद हो गया। मकान के निचले हिस्से में सुरमे की दुकान थी और ऊपर लोग रहते थे। जर्जर हालत के चलते मकान को पहले ही खाली करा लिया गया था। दुकान भी बंद थी, इसलिए हादसे के समय अंदर कोई नहीं था। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। व्यस्त इलाका होने के कारण कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति रही। लोगों ने मिलकर सड़क पर फैले मलबे को हटाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक घंटे बाद आजमनगर में हरी मस्जिद के पास शरीफ मियां का करीब 80 वर्ष पुराना मकान भी ढह गया। करीब 50 गज में बना यह दो मंजिला मकान काफी समय से जर्जर था और खाली पड़ा था। सुबह अचानक मकान गिरने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए और घरों से बाहर निकल आए। मकान का मलबा पूरी गली में फैल गया। इसी दौरान वहां खड़े तीन स्कूटर मलबे के नीचे दब गए। आसपास के लोगों के मुताबिक पड़ोस के मकान की दीवारों में भी दरारें पड़ गई हैं। लगातार बारिश के कारण लोगों को अब दूसरे मकानों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता सताने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जर्जर मकानों को लेकर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने नगर निगम से पुराने और खतरनाक मकानों का सर्वे कराने तथा बेहद जर्जर भवनों को चिह्नित कर उन्हें खाली कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि हादसे के बाद मलबा हटाने के बजाय पहले से खतरे वाले भवनों की पहचान जरूरी है।



### स्मार्ट सिटी में नाव चली, सिकलापुर की गलियां बनीं तालाब



**बरेली।** लगातार बारिश ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। वार्ड 64 सिकलापुर (फर्नीचर मंडी) की कई गलियां पानी में डूब गईं। हालात इतने खराब हो गए कि लोगों तक पहुंचने के लिए वार्ड पार्षद जयप्रकाश राजपूत को नाव का सहारा लेना पड़ा। पार्षद नाव से जलभराव वाले इलाकों में पहुंचे और लोगों की समस्याएं जानीं। बारिश के बाद सड़क और नाली का अंतर तक दिखाई नहीं दिया। घरों और दुकानों के आसपास पानी जमा होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज बारिश होते ही क्षेत्र में जलभराव हो जाता है और कई घंटे तक पानी नहीं निकलता। परेशान लोगों ने थर्माकोल की नाव बनाकर नगर निगम की व्यवस्था के खिलाफ विरोध भी जताया। पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने कहा कि सामान्य रास्ते से लोगों तक पहुंचना मुश्किल था, इसलिए नाव लेकर जाना पड़ा। उन्होंने जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान की जरूरत बताई। उनका कहना है कि केवल बारिश के समय पानी निकालने से समस्या खत्म नहीं होगी, नालों की सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था को स्थायी रूप से बेहतर करना होगा। सिकलापुर के हालात ने स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर भी सवाल खड़े किए हैं। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम और मेयर डॉ. उमेश गौतम से जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# बारिश ने रोकी शादी की रौनक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रविवार देर रात से हो रही लगातार बारिश ने सोमवार को सदर कैंट क्षेत्र में एक शादी समारोह का रंग फीका कर दिया। मदारी की पुलिया के पास आयोजित शादी में दूल्हा और परिवार के कुछ सदस्य समय से पहुंच गए, लेकिन तेज बारिश और जलभराव के कारण अधिकांश मेहमान आयोजन स्थल तक नहीं पहुंच सके। दोपहर करीब तीन बजे तक दूल्हा गिने-चुने परिजनों के साथ मेहमानों के आने का इंतजार करता रहा। परिवार की ओर से शादी की सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। आयोजन स्थल सजाया गया था और मेहमानों के स्वागत की व्यवस्था भी थी। सामान्य दिनों में जहां दोपहर तक रिश्तेदारों और मेहमानों की चहल-पहल शुरू हो जाती है, वहीं सोमवार को बारिश के कारण समारोह स्थल पर सन्नाटा नजर आया। लगातार बारिश के चलते शहर के कई हिस्सों में जलभराव हो गया। सड़कों पर पानी भरने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों से निकलना मुश्किल रहा। दूर-दराज से आने वाले रिश्तेदारों को भी रास्ते में परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने मौसम को देखते हुए बाहर निकलने से बचना ही बेहतर समझा। परिजनों को उम्मीद थी कि बारिश थमने पर मेहमान समारोह में पहुंचेंगे। हालांकि दोपहर तक मौसम की खराबी के कारण शादी की रौनक अपेक्षा के अनुरूप नजर नहीं आई।



▸ सदर कैंट में मदारी की पुलिया के पास शादी समारोह में दोपहर तक नहीं पहुंच सके अधिकांश मेहमान

## बारिश में उखड़ा पाकड़ का पेड़, यातायात बाधित

**मीरगंज/शेरगढ़।** शाही-शेरगढ़-बहेड़ी मार्ग पर डेलपुर गांव के पास सोमवार को लगातार बारिश के बीच विशालकाय पाकड़ का पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क पर गिर गया। इससे मार्ग पर यातायात बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पेड़ गिरने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसकी टहनियां कटवाकर सड़क से हटाने का काम शुरू कराया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ को हटाकर मार्ग पर यातायात सुचारु कराया जा सका। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के दौरान कोई वाहन या राहगीर उसकी चपेट में नहीं आया। हादसे से कुछ समय के लिए वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# चौपुला पुल के नीचे ट्रैक पर भरा पानी, तीन ट्रेनें प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लगातार हो रही बारिश अब रेलवे ट्रैक के संचालन में भी बाधा बनने लगी है। बरेली सिटी और बरेली जंक्शन के बीच चौपुला पुल के नीचे ट्रैक पर जलभराव होने से सोमवार को रेल यातायात प्रभावित हो गया। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने तीन सवारी ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। एक ट्रेन को बरेली सिटी के बजाय इज्जतनगर से चलाने का निर्णय लिया गया। जबकि दूसरी ट्रेन को करीब एक घंटे पुनर्निर्धारित कर वैकल्पिक मार्ग से रवाना किया गया। रेलवे के अनुसार बरेली सिटी-बरेली जंक्शन रेलखंड के किलोमीटर संख्या 318/4-5 पर पानी भर गया है। स्थिति को देखते हुए 55315 बरेली सिटी-पीलीभीत सवारी गाड़ी को बरेली सिटी के बजाय इज्जतनगर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट किया गया। इससे बरेली सिटी से पीलीभीत जाने वाले यात्रियों को इज्जतनगर पहुंचकर ट्रेन पकड़नी पड़ी। वहीं 55328 बरेली सिटी-कासगंज सवारी गाड़ी को बरेली से न्यूनतम 60 मिनट पुनर्निर्धारित किया गया है। ट्रेन को बरेली सिटी-बरेली जंक्शन (उत्तर रेलवे)-रामगंगा-बमियाना मार्ग से डायवर्ट कर चलाया गया। बताया गया की इसी तरह 55311 कासगंज-लालकुआं सवारी गाड़ी को कासगंज-बरेली सिटी के बीच रास्ते में नियंत्रित किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इसे भी बमियाना-रामगंगा-बरेली जंक्शन-बरेली सिटी मार्ग से चलाया जा सकता है। जलभराव के बाद रेलवे कर्मचारियों ने ट्रैक से पानी निकालने का काम शुरू कर दिया है। चौपुला पुल के नीचे पंप लगाकर पानी बाहर निकाला गया। कर्मचारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर और ट्रैक की स्थिति सामान्य होने के बाद प्रभावित ट्रेनों का संचालन सुचारु किया जाएगा। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी सफदर हुसैन ने बताया कि जलभराव के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। पर दोपहर तक सब समान्य हो गया। स्थिति के अनुसार आगे भी आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।



▸ बरेली सिटी-जंक्शन रेलखंड पर जलभराव से संचालन बदला, एक ट्रेन इज्जतनगर से और दूसरी 60 मिनट देरी से हुई रवाना

# दिव्यांग प्रमाणपत्र फर्जीवाड़े की जांच तेज

## जिला अस्पताल में फिर पहुंची दिल्ली पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कथित फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाए जाने के मामले में दिल्ली पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी को हिरासत में लेने के बाद सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम एक बार फिर जिला अस्पताल पहुंची। टीम ने दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी करने से जुड़े अधिकारियों, एसीएमओ, डॉक्टरों और कर्मचारियों से अलग-अलग जानकारी जुटाई।

पुलिस टीम ने जिला अस्पताल स्थित दिव्यांग प्रमाणपत्र कक्ष में पूछताछ की। इस दौरान कक्ष का गेट बंद रखा गया। अधिकारियों और कर्मचारियों से प्रमाणपत्र तैयार करने से लेकर जारी किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही यह भी समझने का प्रयास किया गया कि कथित फर्जी प्रमाणपत्रों में किस स्तर पर गड़बड़ी की गई। जांच टीम ने प्रमाणपत्रों से संबंधित दस्तावेज और रिकॉर्ड भी खंगाले। प्रमाणपत्र जारी करने वाले डॉक्टरों के साथ ही प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं प्रमाणपत्र जारी करने के दौरान नियमों की अनदेखी, लापरवाही या किसी तरह की मिलीभगत तो नहीं हुई। हालांकि अभी जांच जारी है और किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है। दिल्ली पुलिस की टीम शनिवार को सीएमओ कार्यालय पहुंची थी। वहां से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी कुलदीप सक्सेना को हिरासत में लिया गया था। इसके बाद सोमवार को टीम के दोबारा जिला अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। कर्मचारी से पूछताछ के बाद अब पुलिस प्रमाणपत्र जारी करने की पूरी व्यवस्था और उससे जुड़े रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। पुलिस की पूछताछ और जांच के चलते सोमवार को दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने पहुंचे लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

कई फरियादियों को प्रमाणपत्र संबंधी काम के लिए अगले सोमवार की तारीख देकर वापस कर दिया गया। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन और उनके परिजनों को इसके चलते दोबारा अस्पताल आने की परेशानी झेलनी पड़ेगी। दिल्ली पुलिस फिलहाल दस्तावेजों और प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया की बारीकी से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि कथित फर्जीवाड़ा किस स्तर पर हुआ और इसमें कौन-कौन लोग जिम्मेदार रहे।



# नाबालिग के अपहरणकर्ता को 24 साल की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के बाद पॉक्सो कोर्ट-03 ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसे बंधक बनाने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए कुल 24 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर कुल 33 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की मां ने आंवला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इज्जतनगर क्षेत्र के मठलक्ष्मीपुर निवासी अकबर पुत्र अनीस अहमद उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप था कि उसने बेटी को अपने मकान में बंद रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में थाना आंवला में वर्ष 2018 में धारा 344, 363, 366, 376, 295ए भादवि और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में आठ गवाह पेश किए गए। प्रभावी पैरवी के बाद पॉक्सो कोर्ट-03 ने आरोपी अकबर को दोषसिद्ध करते हुए धारा 363 में पांच वर्ष का सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड, धारा 366 में सात वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये, धारा 344 में दो वर्ष का सश्रम कारावास व तीन हजार रुपये तथा पॉक्सो एक्ट की धारा चार में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एसपी दक्षिणी एवं नोडल अधिकारी अंशिका वर्मा के निर्देशन में अभियोजन और पैरोकार ने प्रभावी पैरवी की। सजा दिलाने में विशेष लोक अभियोजक कुलदीप श्रोत्रिय, कोर्ट मोहर्रिर राहुल गिरी और आंवला थाने के कोर्ट पैरोकार सुनील का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्कूलों की छुट्टी बढ़ी, अगले दो दिन नहीं खुलेंगे स्कूल, डीएम ने जारी किया आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही और शहर के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। सड़कें पानी में डूबी हैं, गलियों में घुसा पानी लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। ऐसे हालात में बच्चों को स्कूल भेजने का जोखिम प्रशासन ने भी नहीं उठाया। सोमवार की छुट्टी के बाद अब मंगलवार और बुधवार को भी कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल बंद रहेंगे। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आदेश के बाद स्कूलों में दो दिन और छुट्टी बढ़ा दी गई है।

रविवार से शुरू हुई तेज बारिश सोमवार को भी जारी रही। लगातार बरसात से शहर के कई हिस्से पानी में डूब गए। निचले इलाकों में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। कहीं सड़कें नजर नहीं आ रहीं तो कहीं घरों और दुकानों तक पानी पहुंच गया है। जलभराव के चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है और कई जगह यातायात भी बुरी तरह प्रभावित है।

बारिश और जलभराव के बीच बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने स्कूल बंद रखने का फैसला किया है। मंगलवार और बुधवार को कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होगी। यह फैसला सरकारी स्कूलों के साथ मान्यता प्राप्त और अलग-अलग बोर्ड से संचालित स्कूलों पर भी लागू होगा।

प्रशासन ने स्कूल संचालकों को आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। साफ कहा गया है कि छुट्टी के आदेश के बावजूद अगर स्कूल खोले गए तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। बारिश के मौजूदा हालात में बच्चों की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा गया है।

वहीं, कई बड़े निजी और मिशनरी स्कूलों ने भी बारिश की गंभीर स्थिति को देखते हुए अपने स्तर से कक्षा 12 तक के बच्चों की छुट्टी बुधवार तक बढ़ा दी है। स्कूल प्रबंधनों के सामने सबसे बड़ी परेशानी बसों और वैन के संचालन की है। शहर की जलभराव वाली सड़कों पर स्कूली वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है।

## दो बाइकों की भिडंत में दो लोग गंभीर घायल

**भमोरा।** दो बाइकों की आमने-सामने से हुई भिडंत में दो लोग गम्भीर घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। कटक भरत गांव निवासी धर्मपाल पुत्र सुखपाल सोमवार सुबह मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर जा रहे थे। उनके साथ मोटरसाइकिल पर प्रवेश भी पीछे बैठे थे। देवचरा-बल्लिया मार्ग पर नौगवां मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में धर्मपाल और प्रवेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों के मुताबिक दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# डंपर की टक्कर से टेंपो के उड़े परखच्चे, तीन की मौत, छह घायल

## सहसवान रोड पर सोमवार को गोदी नगला और खितौरा गांव के बीच हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उघैती।** सहसवान रोड पर सोमवार को गोदी नगला और खितौरा गांव के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरे टेंपो में पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार दो महिलाओं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को एक टेंपो सहसवान की ओर से सवारियों को लेकर बिसौली की तरफ जा रहा था। टेंपो में करीब एक दर्जन से अधिक यात्री सवार बताए जा रहे हैं। गोदी नगला और खितौरा गांव के बीच चालक ने सवारियों को उतारने के लिए टेंपो सड़क किनारे धीमा किया था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी।



घटनास्थल पर भाजपा नेता जायजा लेते हुए। –जागरण मोर्चा



हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन। –जागरण मोर्चा

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद टेंपो में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घायलों को टेंपो से बाहर निकालने में जुट गए। हादसे में दो महिलाओं और एक पुरुष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं छह अन्य यात्री घायल हो गए। इनमें कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी उदयवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल भिजवाया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के संबंध में जानकारी जुटाई। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल रहा।

क्षतिग्रस्त टेंपो और डंपर की वजह से यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई। हादसे की सूचना मृतकों और घायलों के परिजनों को दी गई, जिसके बाद अस्पताल और घटनास्थल पर परिजनों की भीड़ जुटने लगी।

पुलिस ने तीनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। हादसे में शामिल डंपर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सहसवान रोड पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने सड़क पर वाहनों की गति नियंत्रित कराने और दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### इन लोगों की हुई मौत

हादसे में मरने वालों में रूपवती पत्नी पप्पू, निवासी गाजीपुर, वसुंधरा एंक्लेव, मयूर विहार फेस-3, पूर्वी दिल्ली की मौत हो गई। इसके अलावा ओमकार पुत्र रामचरण (47) और उनकी पत्नी शांति (45) निवासी ग्राम धरैरा, थाना उघैती, बदायूं ने भी दम तोड़ दिया।

### यह लोग हुए घायल

हादसे में परवीन पुत्री अकबर (25), साईदन पत्नी अकबर (50), आबिद पुत्र खुर्शीद खान और अयान पुत्र सानू (5) निवासी ग्राम शाहबाजपुर, थाना सहसवान घायल हुए हैं। इनके अलावा संजीता पत्नी कल्लू, निवासी ग्राम शाहबाजपुर थाना सहसवान, मोहरकली पुत्री जगदीश (30) निवासी ग्राम कुदई थाना जरीफनगर और नजमा पत्नी गुलशेर, निवासी मजहबाग थाना सहसवान भी घायल हुई हैं।

## संक्षेप समाचार

### लघु आपराधिक वादों के लिए 9 से 11 सितंबर तक विशेष लोक अदालत

**बदायूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लघु प्रकृति के आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए 9, 10 और 11 सितंबर को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके बाद 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आर्बिट्रेशन से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय, वैवाहिक, बिजली चोरी, बैंक ऋण वसूली, चेक बाउंस और वाहन चालान से संबंधित मामलों का निस्तारण कराया जा सकेगा। वहीं मध्यस्थता अभियान के तहत उपभोक्ता विवाद और दुर्घटना दावा समेत विभिन्न मामलों को भी सुलह के लिए संदर्भित किया जा सकता है। लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते से मामलों का निस्तारण होता है। इसके लिए किसी शुल्क का भुगतान नहीं करना पड़ता और जमा न्यायालय शुल्क भी वापस किया जाता है। लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वादकारियों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

### बाढ़ प्रभावित गांवों में नाव से पहुंचे अजीत यादव, सरकार पर साधा निशाना



बाढ़ पीड़ितों से बात करते कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत यादव। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने सोमवार को दातागंज विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। हजरतपुर-गढ़िया रंगीन मार्ग बाढ़ के पानी में डूबने के कारण वह नाव से हर्रामपुर गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन से बिजली आपूर्ति ठप है और कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। हर्रामपुर, शेरपुर, मौजमपुर और गढ़िया पैगंबरपुर समेत दर्जनों गांवों में आवागमन के लिए नाव ही एकमात्र सहारा बनी हुई है। बाढ़ से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं, जबकि मकानों के नुकसान का भी अभी सर्वे नहीं कराया गया है। बाढ़ राहत सामग्री और शुद्ध पेयजल की समस्या भी ग्रामीणों ने बताई। अजीत यादव ने कहा कि योगी सरकार दातागंज को बाढ़ से निजात दिलाने में विफल रही है। उन्होंने रामगंगा किनारे मानपुर से सिमरिया तक बांध-तटबंध बनाने की मांग की। साथ ही फसलों व मकानों के नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा देने और प्रत्येक प्रभावित गांव में चिकित्सा कैंप लगाने की मांग की।

### संविधान बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से हटाना जरूरी : आशीष यादव



सम्मेलन के दौरान जिला अध्यक्ष सपा आशीष यादव का सम्मान करते कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर के पिंडारा रोड स्थित मैरिज हॉल में सोमवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र बिसौली की ओर से संविधान बचाओ, पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करनी है तो भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में दलितों का उत्पीड़न हुआ और उनके खिलाफ बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। यदि आज संविधान की रक्षा करने में विफल रहे तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें माफ नहीं करेंगी। विशिष्ट अतिथि समाजवादी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मोहर सिंह सागर ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। पिछड़ों, दलितों और शोषित वर्गों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था को भी खतरा बताया। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व इस मुद्दे पर गंभीरता से चिंतन कर रहा है। पार्टी ने बाबा साहेब के विचार 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागीदारी' को संगठनात्मक स्तर पर अपनाया है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में भाजपा की विदाई होगी और अखिलेश यादव भारी बहुमत से प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम के अंत में विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह ने अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस दौरान सतीश प्रेमी, चंद्रभान जाटव, डा. आस मोहम्मद, खजाना देवी, मोर सिंह पाल, एडवोकेट राहुल यादव भीष्म, महावीर सिंह, इमरान खां, मशरूर खां, सोमेश प्रताप सिंह, सुरेंद्र सागर, अमित आदि मौजूद रहे।

# पीडीए के आह्वान पर आबिद रजा ने किया दलित सम्मेलन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पीडीए के आह्वान पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र और बदायूं शहर के दलित समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से दलित सम्मेलन का आयोजन किया। भारी बारिश के बावजूद सम्मेलन में जाटव, वाल्मीकि और गाडगे समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में दलित समाज के संभ्रांत नागरिक और नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने पूर्व मंत्री आबिद रजा का माला पहनाकर स्वागत किया, जबकि गाडगे समाज के नेताओं ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व मंत्री आबिद रजा ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए दलित और मुस्लिम समाज की राजनीतिक भागीदारी और एकजुटता पर जोर दिया। आबिद रजा ने कहा कि देश, प्रदेश और जिले में दलित और मुस्लिम समाज की स्थिति काफी हद तक एक जैसी है। उनके अनुसार जिले में दोनों समाज की बड़ी आबादी है, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं और हितों की पर्याप्त अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि दलित और मुस्लिम समाज को साथ लिए बिना राजनीति अधूरी है। दोनों समाज के परेशान रहने से देश और प्रदेश का समुचित विकास संभव नहीं है।





पूर्व मंत्री आबिद रजा का स्वागत करते गांव के लोग। –जागरण मोर्चा

पूर्व मंत्री ने कहा कि दलित समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में रहने वाली पार्टी दलित समाज के प्रति हमदर्दी दिखाने का दावा करती है, लेकिन दलितों की वास्तविक तरक्की के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

आबिद रजा ने कहा कि जिस तरह हिंदू और मुस्लिम समाज को मिलकर 'हम' बनाना होगा, उसी तरह दलित समाज के 'द' और मुस्लिम समाज के 'म' को मिलाकर 'दम' बनाना होगा। उन्होंने कहा कि यदि दलित और मुस्लिम समाज का यह 'दम' मजबूत हुआ तो 'हम' और 'दम' मिलकर 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन की दिशा तय करेंगे।

सम्मेलन में हरिओम सागर, हेतराम सागर, मुरारी सागर, चरण सिंह सागर, सुरेश सिंह सागर, सिप्पटर सिंह सागर, पप्पू सागर, डॉ. राजेंद्र सागर, राजेंद्र दिवाकर, वेदप्रकाश दिवाकर, राजू सागर, वीरेंद्र सागर, नत्थु सागर, भवेंद्र सागर, धर्मवीर सागर, नवीन विद्यार्थी, सिद्धार्थ वाल्मीकि, रमेश डी लाल, प्रवेश दिवाकर, डोरीलाल सागर, गौरी शंकर सागर, अनोखे लाल, सुरेश पाल सागर, नीरज सागर, अजय सागर, सतीश सागर, गिरीश सोनकर, जसवीर सोनकर, जवर सिंह सागर, अनिल सागर, जगदीश सागर, हीरालाल सागर, धर्मवीर सागर, श्याम सिंह सागर, राजू सागर समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# तीन घंटे में अपहृता बरामद, बाल अपचारी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अलापुर पुलिस ने इस्लामगंज के पास से की बरामदगी, मेडिकल परीक्षण के लिए भेजी गई अपहृता**

**बदायूं।** थाना अलापुर पुलिस ने अपहरण के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन घंटे के भीतर अपहृता को बरामद कर लिया। पुलिस ने मामले में वांछित बाल अपचारी को भी हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी दातागंज के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को थाना अलापुर में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 189/2026, धारा 87/137(2) बीएनएस से संबंधित मामले में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने इस्लामगंज के पास से अपहृता और मामले से संबंधित बाल अपचारी को बरामद कर लिया। बरामद अपहृता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है, जबकि बाल अपचारी को आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सनी चौधरी, उपनिरीक्षक विजय सिंह, हेड कांस्टेबल चंद्रप्रकाश और महिला कांस्टेबल रिया चौधरी शामिल रहीं।

# ब्राह्मण महासभा ने सौंपी नई जिम्मेदारी तहसील अध्यक्ष व जिला महामंत्री बने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**इस्लामनगर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से सोमवार को इस्लामनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज के लोगों और संगठन के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने और समाज को एकजुट रखने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवारी लाल पाठक, संरक्षक एवं पूर्व विधायक आरके शर्मा, हरिओम पाराशरी, जिलाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय तथा परशुराम युवा मंच के जिलाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से [नाम] को तहसील अध्यक्ष तथा परशुराम युवा मंच का जिला महामंत्री नियुक्त किया। नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों और समाज के लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज को संगठित करने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। नई जिम्मेदारी मिलने पर उपस्थित लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।



नियुक्ति पत्र देते हरिओम पाठक।

# विद्यालयों में 19 पैरामीटर हर हाल में पूरे कराएं : सीडीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

- डाइट मेंटर, एसआरजी व एआरपी को नियमित अनुश्रवण और सपोर्टिव सुपरविजन के निर्देश

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में विद्यालयों में चल रहे विकास कार्यों, शैक्षिक गुणवत्ता और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में 19 पैरामीटर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के सभी विद्यालयों में 19 पैरामीटर से संबंधित कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कराए जाएं। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही संबंधित अधिकारी कार्यों की नियमित समीक्षा करें।



विद्यालयों में सुधार के निर्देश देतीं सीडीओ गामिनी सिंगला। –जागरण मोर्चा

बैठक में मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालयों के निर्माण, जर्जर विद्यालयों की नीलामी, विद्यालयों में बच्चों की डिजिटल ऑनलाइन उपस्थिति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के निर्माण तथा रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति की स्थिति की भी जानकारी ली गई। इसके अलावा एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के रिक्त पदों पर नियुक्ति और छात्र-छात्राओं के डीबीटी कार्य के लिए अध्यापकों द्वारा किए जा रहे सत्यापन की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

सीडीओ ने डाइट मेंटर, एसआरजी और एआरपी को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों का नियमित अनुश्रवण और सपोर्टिव सुपरविजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के साथ निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से हासिल किया जाए, जिससे अधिक से अधिक विद्यालयों को निपुण घोषित किया जा सके।

बैठक में जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स के निरीक्षण, डाइट मेंटर, एसआरजी एवं एआरपी के सपोर्टिव सुपरविजन समेत अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा वार लाइसेंस, शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, राज्य पोषण मिशन, पशुपालन विभाग, 15वें व पांचवें वित्त आयोग, पंचायती राज, आकांक्षात्मक विकासखंड, फैमिली आईडी, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा और आजीविका मिशन से संबंधित बैठकों में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक** | 29 वार्डों में नियुक्त होंगे वार्ड प्रमुख, अधिवक्ताओं, सेवानिवृत्त अधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को दी जाएगी प्रमुखता

# अधिकारियों के चक्कर लगाने से मिलेगा छुटकारा, जल्द बनेगी जन समस्या निवारण समिति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अखिल भारतीय सनातन बोर्ड की ओर से गठित की जा रही जन समस्या निवारण समिति की प्रथम बैठक रविवार शाम मथुरिया चौक स्थित पंकज शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुभाष मैथिल ने की। बैठक में नगर की विभिन्न जन समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके प्रभावी समाधान के लिए समिति के गठन और उसके आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई।

अध्यक्ष सुभाष मैथिल ने कहा कि आम जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की निष्क्रियता से लोगों में निराशा बढ़ रही है। शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समय से समाधान नहीं होने के कारण जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है।

संगठन अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने नगर की बदहाल व्यवस्थाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नगर की कई सड़कें जर्जर हैं और जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। थोड़ी बारिश होते ही गलियों और सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कार्यकारिणी प्रमुख उपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अब नगरवासियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं आगे आना होगा। उन्होंने शिक्षित, बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक कार्यकर्ताओं से नगर को सुंदर और विकसित बनाने के उद्देश्य से समिति से जुड़ने का आह्वान किया।





सनातन बोर्ड की बैठक में शामिल पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

समिति अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि जल्द ही जनता को छोटी-बड़ी समस्याओं के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने से राहत दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। लोग अपनी समस्याएं अपने वार्ड में नियुक्त वार्ड प्रमुख को सौंप सकेंगे। समिति आवश्यकता के अनुसार संबंधित विभागों, प्रशासनिक अधिकारियों और मुख्यमंत्री के समक्ष भी जन समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएगी।

संगठन मंत्री डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि समिति में मुख्य पदाधिकारियों के साथ नगर के सभी 29 वार्डों में वार्ड प्रमुख नियुक्त किए जाएंगे। जनता की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखने के लिए समिति में अधिवक्ताओं, सेवानिवृत्त राजकीय अधिकारियों, पुलिस विभाग एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कर्मियों, मीडिया सदस्यों और अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रमुखता दी जाएगी। जल्द ही समिति के सभी पदाधिकारियों और वार्ड प्रमुखों के नामों की घोषणा की जाएगी।

बैठक में अरुण अग्निहोत्री, चंद्रदेव वर्मा, मुकेश कुमार, सुभाष मौर्य, गगनदीप अरोड़ा, अनिल विकी, अमित गुप्ता, नितेश वार्ष्णेय, एडवोकेट अश्वनी भारद्वाज, सत्यनारायण गुप्ता, उपेंद्र उपाध्याय, राकेश गुलाटी, विनोद कश्यप आदि मौजूद रहे।

# नशे से बच्चों को दूर रखने के साथ बाल विवाह रोकने पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ब्लॉक उझानी और कादरचौक में सोमवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध और बाल विवाह को लेकर जागरूक किया गया।

हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की प्रीति चौहान ने 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत बच्चों को मादक पदार्थों से दूर रखने की अपील की। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव और हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। वहीं वन स्टॉप सेंटर की प्रतिक्षा मिश्रा ने महिलाओं को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। अधिकारियों ने 112, 1090, 181, 102, 108 और 1098 हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इनका उपयोग करने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह ने पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण समितियों की भूमिका समझाई।



बैठक में मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

**सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील :** बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप और निराश्रित महिला पेंशन समेत महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बाल विवाह को सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर एबीएसए प्रशांत सिंह राठौर, चिकित्सा अधीक्षक, सहायक पंचायत अधिकारी हेमेंद्र कुमार, छवि वैश्य, प्रीति चौहान, भमरपाल सिंह, बाल परियोजना अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गेस्ट हाउस में अनैतिक देह व्यापार का खुलासा मालिक-संचालक समेत 12 लोग गिरफ्तार

## रानेट चौराहे के पास जय भोले गेस्ट हाउस में पुलिस की छापेमारी, 10 पुरुष और दो महिलाएं पकड़ी गईं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** थाना बिसौली क्षेत्र में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक गेस्ट हाउस में छापा मारकर होटल मालिक और संचालक समेत 10 आरोपियों तथा दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से गेस्ट हाउसों और होटलों में चल रही संदिग्ध गतिविधियों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देश, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी बिसौली के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना पुलिस को क्षेत्र में अनैतिक गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की योजना बनाई।

रविवार को नायब तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक बिसौली और महिला पुलिसकर्मियों की टीम के साथ रानेट चौराहे के पास स्थित जय भोले गेस्ट हाउस पर दबिश दी गई। पुलिस टीम के अचानक पहुंचते ही गेस्ट हाउस में मौजूद लोगों में खलबली मच गई। टीम ने गेस्ट हाउस के अलग-अलग हिस्सों की जांच की और मौके से अनैतिक देह व्यापार में संलिप्त बताए गए लोगों को हिरासत में लिया।

पुलिस ने मौके से कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें गेस्ट हाउस का मालिक और संचालक



पुलिस हिरासत में खड़े आरोपी। -जागरण मोर्चा

समेत 10 पुरुष आरोपी तथा दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं। हालांकि, पुलिस की ओर से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान और उनके संबंध में विस्तृत जानकारी प्रेस नोट में सार्वजनिक नहीं की गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गेस्ट हाउस में अनैतिक देह व्यापार संचालित किए जाने के मामले में होटल मालिक और संचालक की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गेस्ट हाउस में यह गतिविधि कब से संचालित हो रही थी और इसमें अन्य लोग भी शामिल थे या नहीं।

- नायब तहसीलदार की मौजूदगी में महिला पुलिस टीम के साथ हुई कार्रवाई
- आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कार्रवाई के दौरान महिला पुलिस टीम की मौजूदगी को विशेष रूप से रखा गया, ताकि महिला आरोपियों के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त मौजूदगी में की गई इस कार्रवाई को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। थाना बिसौली पुलिस ने बताया कि प्रकरण के संबंध में थाने में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और गेस्ट हाउस के संचालन से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में संचालित अन्य गेस्ट हाउस और होटलों में भी जांच-पड़ताल को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**यह लोग भेजे गए जेल :** सुधांशु वार्ष्णेय, सौरभ उर्फ छोटू, विक्की, भगवानदास, होशियार सिंह, अमन गुप्ता, संजीव, अर्जुन, अंकित व शानू को पुलिस ने कोर्ट में किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

## संक्षेप समाचार

### बाढ़ पीड़ितों ने मांगी ग्राम सभा की जमीन, डीएम से आवंटन की गुहार


सुरक्षित स्थान पर जाते ग्रामीण।

**उसहैत।** कदमनगला गांव में गंगा कटान से बेघर हुए बाढ़ पीड़ितों ने अब स्थायी ठिकाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अवनीश राय से खेड़ा जलालपुर पुख्ता में खाली पड़ी ग्राम सभा की भूमि में से रहने के लिए जल्द भूमि आवंटित कराने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा कटान में उनके पक्के मकान नदी में समा गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित छविराम समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि मकान गंवाने के बाद वे कदमनगला से करीब पांच सौ मीटर दूर पन्नी तानकर रहने लगे थे। अब गंगा कटान वहां तक भी पहुंच गया है और झुग्गी-झोपड़ियां उखड़ने लगी हैं। ऐसे में परिवारों के सामने सुरक्षित ठिकाने का संकट पैदा हो गया है। छविराम, दुर्वेश, नेक्सू, बृजेश, साधू, आशीष, धीरेंद्र, अवधेश, लोकपाल, सत्यवीर, राजवीर, सुखवीर, गोलम, श्याम सिंह और रानी समेत बाढ़ पीड़ितों ने डीएम से भूमि आवंटन की मांग की है। इधर, एसडीएम दातागंज विनोद कुमार सिंह ने बाढ़ पीड़ितों के लिए टेंट लगवाकर भोजन की व्यवस्था शुरू करा दी है। जनरेटर लाइट की भी व्यवस्था कराई गई है। एक बड़े टेंट में कारीगरों द्वारा भोजन तैयार करने के लिए रसोई शुरू कराई गई है। इस व्यवस्था पर बाढ़ पीड़ितों ने डीएम और एसडीएम की सराहना की है। सिठोली खाम के मजरा रैपुरा में गंगा किनारे ठोकरें और बालू भरे कट्टे लगाने का काम तेजी से चल रहा है। रैपुरा, जटा, प्रेमीनगला, ठाकुरी नगला, पथरामई और भुंडी में जलस्तर बढ़ रहा है, हालांकि फिलहाल इन गांवों में गंगा कटान से राहत मिली है। प्रशासन के अनुसार इन बाढ़ प्रभावित गांवों में अभी तत्काल कोई खतरा नहीं है।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ग्रस्त गांव जटा के हालात का नाव से लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** तहसील दातागंज क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम जटा में सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश राय ने स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ के हालात का जायजा लिया। गांव का आवागमन बाढ़ के पानी के कारण बाधित होने पर डीएम नाव के जरिए गांव पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और जरूरतें जानीं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने और राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से बाढ़ के कारण सामने आ रही परेशानियों की जानकारी लेते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि


बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय। -जागरण मोर्चा

जिला प्रशासन प्रभावित परिवारों की मदद के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहा है। आवश्यकता के अनुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**स्वास्थ्य टीमों की नियमित मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश :** डीएम ने अधिकारियों से जानकारी ली कि बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य टीमें नियमित रूप से पहुंच रही हैं या नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार और जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर पशुओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करने तथा जरूरत के अनुसार उपचार और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**राहत-बचाव कार्यों में लापरवाही न बरतने की हिदायत :** जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति पर सतत नजर रखी जाए और आवश्यकता के अनुसार तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत सामग्री, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस दौरान उप जिलाधिकारी दातागंज विनोद कुमार सिंह, बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तालाब पर कब्जे के आरोप में छह परिवार धरने पर, राष्ट्रपति से मांगी इच्छा मृत्यु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** तहसील बिसौली क्षेत्र के ग्राम बगरैन में तालाब की जमीन पर कब्जे और निजी तालाब के 36 सहखातेदारों की रोजी-रोटी छिनने का आरोप लगाते हुए छह परिवार लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से कार्रवाई न होने से परेशान तालाब स्वामियों ने अब महामहिम राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

तालाब स्वामी रामबाबू कश्यप, तिलक चंदन और कमल कश्यप समेत छह परिवारों के लोग 25 मई 2026 से मालवीय आवास गृह में दिन-रात अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि इससे पहले भी एक मार्च 2022 से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। धरनारत लोगों के मुताबिक करीब 100 दिन बीतने के बाद भी


मालवीय आवास गृह पर धरने पर बैठे पीड़ित। -जागरण मोर्चा

जिला और तहसील प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। रामबाबू कश्यप ने पत्रकारों को बताया कि ग्राम बगरैन स्थित गाटा संख्या 1588ग, रकबा करीब 96 बीघा निजी तालाब पर वर्ष 2016 से मेड़बंदी तोड़कर कब्जा किए जाने का आरोप है। उनका दावा है कि तालाब के 36 सहखातेदारों की आजीविका प्रभावित हुई है और करीब 30 परिवार रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे प्रदेशों में पलायन कर चुके हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसी क्षेत्र में ग्राम सभा के करीब 20 बीघा तालाब पर भी अवैध कब्जा कर मकान और दुकानें बना दी गई हैं तथा तालाब की नीयत बदल दी गई है। आरोप है कि निजी और ग्राम सभा के तालाबों की मेड़बंदी तोड़कर दोनों को एकरूप कर दिया गया, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

धरनारत लोगों का यह भी आरोप है कि वर्ष 2016 में राजस्व संहिता के नियमों को ताक पर रखकर जन कल्याण समिति बगरैन पंचवर्षीय समिति को तालाब का 10 वर्षीय पट्टा नियम विरुद्ध तरीके से दिया गया। उनका कहना है कि पट्टे की अवधि 10 फरवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद इसके बाद भी मछली कारोबार किए जाने के आरोप हैं। उन्होंने इस कारोबार से हुई आय और उसके लेखा-जोखा की जांच की मांग की है।

रामबाबू कश्यप का कहना है कि इस मामले में जिला प्रशासन समेत विभिन्न अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन और भू-माफिया की मिलीभगत से तालाब की जमीन का करोड़ों रुपये का कारोबार किया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक ग्राम सभा और निजी तालाब की निष्पक्ष पैमाइश कराकर दोनों की मेड़बंदी नहीं कराई जाती, तब तक वह धरना समाप्त कर घर वापस नहीं जाएंगे। कार्रवाई न होने से निराश होकर अब राष्ट्रपति के नाम पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई गई है।

# चोरी के मुकदमे में वांछित तीन आरोपी गिरफ्तार, बैटरी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** थाना बिल्सी पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई एक बैटरी समेत प्लास, लोहे की डाई और 1320 रुपये बरामद किए हैं। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर को गांव खौंसारा निवासी बिजेंद्र पाल ने तहरीर देकर सरकारी पानी की टंकी से दो सोलर बैटरी और एक फ्यूज चोरी होने की सूचना दी थी। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरधरपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर यात्री शेड के पास तीन संदिग्धों को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे टंकी फिटिंग का काम करते हैं। लालच में आकर उन्होंने चार सितंबर की रात खौंसारा गांव स्थित सरकारी पानी की टंकी से दो बैटरी चोरी की थीं। इनमें से एक बैटरी को उन्होंने एक राहगीर को तीन हजार रुपये में बेच दिया था। रुपये आपस में बांट लिए थे। दूसरी बैटरी को बारिश के कारण झाड़ियों में छिपा दिया था। सोमवार को उसे निकालकर बेचने के लिए ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रमोद कुमार, दीपक और कुमर पाल निवासी रामनगर उर्फ कनुआ नगला, थाना धनारी, जनपद संभल के रूप में की है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। आरोपियों के कब्जे से एक ईस्टमैन बैटरी, प्लास, लोहे की डाई, 1320 रुपये और एक बाइक बरामद की गई। बाइक को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज किया गया है।

कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल सुधीर कुमार और रिजर्व कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

# प्रधानाध्यापक का कथित अश्लील वीडियो वायरल, भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

## शिक्षा दिवस पर खंडवा में सैकड़ों बाइक के साथ निकली आक्रोश रैली, प्रधानाध्यापक का पुतला फूंका, दस साल से शोषण का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उघैती।** शिक्षा दिवस के दिन उघैती थाना क्षेत्र के खंडवा गांव में उस समय माहौल गरमा गया, जब एक प्रधानाध्यापक का कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की जानकारी सामने आई। वीडियो में प्रधानाध्यापक के आपत्तिजनक हरकत करने का दावा किया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा और आक्रोश का माहौल बन गया। हालांकि, वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि अभी पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

**स्कूल खुलते ही सड़क पर उतरे ग्रामीण :** सोमवार को स्कूल खुलते ही ग्रामीण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं स्कूल के बाहर एकत्र हो गए। लोगों ने प्रधानाध्यापक


स्कूल गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा


प्रधानाचार्य का पुतला फूंकने पहुंचे ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

के खिलाफ जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक का पुतला फूंककर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद ग्रामीणों ने सैकड़ों बाइक के साथ आक्रोश रैली निकाली। रैली प्रधानाध्यापक के गांव तक पहुंची, जहां काफी देर तक मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। मामले की जानकारी मिलने पर कॉलेज प्रबंधन और थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया और मामले में जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश कुछ शांत हुआ।

**दस साल से शोषण और धमकी देने का आरोप :** वायरल वीडियो में जिस महिला के होने की बात कही जा रही है, उसके परिजनों ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि पिछले करीब दस वर्षों से उसका लगातार शोषण किया जा रहा था। आरोप है कि विरोध करने या किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जाती थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

धरना-प्रदर्शन के दौरान किसान यूनियन नेता गौरव चौधरी ने कहा कि "बच्चे हमारे हैं और स्कूल हमारा है। बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता, तहरीर में लगाए गए आरोपों और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यशाला** युवाओं को स्वरोजगार और नए उद्यम स्थापित करने के लिए किया प्रोत्साहित

# उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला, योजनाओं की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में सोमवार को उद्यमी प्रोत्साहन अभियान के तहत डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से संबंधित योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से आयोजित कार्यशाला में उद्यमियों, युवाओं और नए कारोबार शुरू करने के इच्छुक लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), मुख्यमंत्री


सीएम उद्यमी योजना के बारे में जानकारी देतीं सीडीओ गामिनी सिंगला।

स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2023-30, प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना और औद्योगिक आस्थान प्रबंधन नीति समेत विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाने और नए उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में अधिकारियों ने उद्यमियों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, ऋण एवं अनुदान की सुविधाओं और शासन की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे सहयोग की जानकारी दी। साथ ही एमएसएमई के प्रदर्शन में तेजी लाने और उद्यमों के त्वरण से संबंधित कार्यक्रमों तथा उत्तर प्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन नीति-2022 के बारे में भी बताया गया।

**सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान समेत कई योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया समझाई**

अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देना, युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और छोटे एवं मध्यम उद्योगों को मजबूत बनाना है। कार्यशाला में उपायुक्त उद्योग सचिन जैन, सीडीओ गामिनी सिंगला सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

# स्वाइन फ्लू को लेकर मेडिकल कॉलेज में अलर्ट, स्वास्थ्यकर्मियों को दिए बचाव के टिप्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

- संक्रमण बढ़ने पर चिकित्सकों को सतर्क रहने के निर्देश

**बदायूं।** स्वाइन फ्लू वायरस के बढ़ते संक्रमण को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन सतर्क हो गया है। सोमवार को मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थिएटर-3 में स्वाइन फ्लू से बचाव और उपचार को लेकर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को संक्रमण के लक्षणों की पहचान से लेकर बचाव और उपचार तक की जानकारी दी गई। साथ ही मरीजों के संपर्क में रहने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

संगोष्ठी का आयोजन प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. शिव कुमार के निर्देशन में किया गया। माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. वशिष्ठ मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. निगार फातिमा ने समन्वयक की भूमिका निभाई। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने स्वाइन फ्लू वायरस से होने वाले संक्रमण, इसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर। -जागरण मोर्चा

विशेषज्ञों ने बताया कि संक्रमित मरीजों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। संक्रमण से बचाव के लिए मास्क का प्रयोग, हाथों की नियमित स्वच्छता और संक्रमित व्यक्ति से उचित दूरी बनाए रखना जरूरी है। आवश्यकता के अनुसार वैक्सीनेशन कराने की सलाह भी दी गई। मरीजों में संक्रमण के लक्षणों की समय से पहचान कर आवश्यक उपचार शुरू करने पर जोर दिया गया।

**फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों के वैक्सीनेशन पर जोर :** उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह ने कहा कि स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए जागरूकता और समय पर सावधानी बेहद जरूरी है। उन्होंने नियमित जांच कराने के साथ ही स्वाइन फ्लू मरीजों के संपर्क में आने वाले फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वाइन फ्लू और अन्य संक्रामक रोगों के मरीजों के लिए अलग ओपीडी काउंटर चिन्हित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल, डॉ. अर्शिया मसूद सिद्दीकी, डॉ. ईषा सिंघल, डॉ. अमृता बाचपेयी, डॉ. सुचेता यादव, डॉ. लालेन्द्र यादव, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. नेहा सिंह (दंत रोग विभाग) समेत अन्य संकाय सदस्य, जूनियर रेजीडेन्ट, सीनियर रेजीडेन्ट और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### रामगंगा का तटबंध टूटने से बलदेवपुर-हथिनापुर समेत आधा दर्जन से अधिक गांव जलमग्न

**जलालाबाद।** खण्डहर क्षेत्र में रामगंगा नदी के तेज बहाव ने रविवार रात नाममात्र को बनाया गया मिट्टी का तटबँध टूट जाने से दर्जनों गांव को अपनी चपेट में ले लिया।और सैकड़ों एकड़ खेती जलमग्न हो गई। ग्राम पंचायत शाहपुर में रामगंगा नदी पर मिट्टी का एक तटबंध लगभग तीन महीने पहले बनाया गया था।जिसमें बीते दिवस से दरारे पड़ना शुरू हो गई थी।जिस पर जेसीबी से और मिट्टी डालकर दरार बंद करने की कोशिश की जा रही थी। इसी बीच रविवार को तेज बरसात के बाद नदी ने कटान शुरू कर दिया और रात लगभग 10 बजे बहाव की तेज आवाज और वहां काम करने बालों का शोर सुनकर ग्रामीण सतर्क हो पाते तब तक पानी ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके चलते नदी का पानी तेजी से ग्राम के अंदर और खेतों में घुस गया, जिससे सैकड़ों एकड़ में खड़ी धान, उड़द और बाजरे की फसलें पूरी तरह डूब गईं।

# बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल, सड़कें-गलियां बनीं तालाब

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरसात के दौरान तिलहर रेहान चौक पर भरा पानी। -जागरण मोर्चा

**तिलहर।** नगर में हुई तेज और मूसलाधार बारिश के बाद नगर की सड़कें और गलियां पानी-पानी नजर आने लगीं। कई स्थानों पर इतना अधिक जलभराव हो गया कि लोगों का घरों से निकलना और आवागमन करना मुश्किल हो गया। सड़कें तालाब जैसी दिखाई देने लगीं और नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना रविवार को हुई तेज बारिश के बाद नगर के विभिन्न इलाकों में पानी भर गया।

बिरियागंज, स्टेशन रोड, बाजार, उम्मरपुर, सितारगंज और नजरपुर नगर पालिका परिसर, थाना परिसर सहित कई स्थानों पर जलभराव से आम जनजीवन प्रभावित हुआ। कई स्थानों पर गलियों और सड़कों पर कई फीट तक पानी जमा होने से पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहन चालकों, दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। जबकि नगर पालिका का लाखों रुपया नालों की सफाई पर खर्च किया गया है लेकिन इस तरह से हुई पहली बारिश ने पालिका की और ठेकेदारों की पोल खोल दी नगरवासियों का कहना है कि आखिर हर वर्ष बारिश के दौरान नगर को जलभराव की समस्या से क्यों जूझना पड़ता है? यदि नालियों और नालों की समय रहते सफाई की जाती, जल निकासी की उचित व्यवस्था होती और सड़कों के निर्माण के दौरान पानी निकासी का ध्यान रखा जाता, तो शायद हालात इतने खराब नहीं होते।

**आखिर जिम्मेदार कौन? :** नगर में जलभराव की इस समस्या ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**क्या नगर पालिका परिषद जिम्मेदार है? :** नगर की साफ-सफाई, नालियों की व्यवस्था और जल निकासी की जिम्मेदारी नगर पालिका की होती है। ऐसे में बारिश के बाद यदि सड़कें घंटों पानी में डूबी रहें तो व्यवस्थाओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**क्या नालों की सफाई कार्य करने वाले ठेकेदार जिम्मेदार हैं? :** नगर में नालों की सफाई करने वाले ठेकेदार जिम्मेदार हैं या फिर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और बाबू? नगर पालिका में योजनाओं की निगरानी, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों की भी होती है। ऐसे में केवल बारिश को जिम्मेदार ठहराकर समस्या से बचा नहीं जा सकता।

# जरूरतमंदों की धन बनेगी सहयोग सामाजिक संस्था
## विस्तार की तैयारी सहयोग संस्थाने तय की नई रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय



सहयोग संस्था की बैठक में विचार विमर्श करते सदस्य। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** जनपद की चर्चित समाजसेवी संस्था 'सहयोग' की तिमाही कोर बैठक संस्था की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में संस्था के कोर सदस्यों ने भाग लेकर समाजसेवा को और प्रभावी बनाने तथा संस्था के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।बैठक में संस्था के संरक्षक एवं पूर्व ग्रुप कैप्टन, वायुसेना प्रमोद गुप्ता ने संस्था की गतिविधियों की सराहना करते हुए उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार कर अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंच बनाने पर जोर दिया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष स्तुति गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन महीनों में संस्था द्वारा समाजसेवा के 22 कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा का यह सिलसिला रुकना नहीं चाहिए, बल्कि आने वाले तीन महीनों में और अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचकर बेहतर कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में इसी उद्देश्य से आगामी तीन महीनों की कार्ययोजना और रणनीति भी तैयार की गई। महासचिव सरदार हरजीत सिंह एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे ने संस्था की गतिविधियों और वित्तीय आय-व्यय का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिला प्रभारी विकास सक्सेना ने संस्था के विस्तार पर जोर देते हुए अधिक क्षेत्रों में सेवा गतिविधियां बढ़ाने का सुझाव दिया।इस अवसर पर संस्था के संस्थापक शाहनवाज खां एडवोकेट, अनिल गुप्ता प्रधान, डायरेक्टर तराना जमाल, सोमेश यादव, जितेंद्र सिंह एडवोकेट, अनुराग अग्रवाल, सैयद अनवर मियां, रजनी गुप्ता, शालू यादव, नुजहत अंजुम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. पुनीत मनीषी, विधिक सलाहकार सफीकुद्दीन अंसारी, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, अतुल गुप्ता, रचना गुप्ता आदि मौजूद रहे। बैठक में संस्था की आगामी गतिविधियों को लेकर सदस्यों में खासा उत्साह नजर आया। 22 सेवा कार्यों के बाद अब 'सहयोग' ने सेवा का दायरा बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों तक पहुंचने का संकल्प लिया।

# सभासद ने नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार के लगाये आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर पालिका परिषद तिलहर। -जागरण मोर्चा

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद के सभासद ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को पालिका अध्यक्ष के द्वारा अपने निजी और व्यक्तिगत कार्यों में उपयोग कर सरकारी धनराशि का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाया है।नगर के वार्ड संख्या 12 भक्सी के सभासद अभिषेक सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद वर्तमान में 254 आउट सोर्सिंग कर्मचारी काम कर रहे हैं जो की शासन द्वारा जारी मानकों के हिसाब से कहीं ज्यादा है।नगर पालिका परिषद में काम करने वाले 15 से 20 आउटसोर्सिंग कर्मचारी पालिका के कार्य न करके पालिका अध्यक्ष द्वारा अपने निजी कार्यों जैसे ड्राइवरी,आवास की सफाई,रसोईया,बच्चों को स्कूल ले जाने,मालीगिरी इत्यादि कार्यों में लगा रखे है।उक्त कर्मचारी नगर पालिका में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानदेय प्राप्त करते हैं जो की शासकीय धनराशि के अंतर्गत आता है।नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा शासकीय धनराशि प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को अपने निजी और व्यक्तिगत हित में प्रयोग करना सरकारी धनराशि के दुरुपयोग के अंतर्गत आता है।सभासद के अनुसार इसके संबंध में उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।नगर पालिका परिषद में पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा कर्मचारियों के कार्य स्थल का स्थलीय निरीक्षक कर सत्यापन करते हुए आवेशित किया गया था किंतु नगर पालिका में लंबे समय से तैनात बाबू के द्वारा पालिका अध्यक्ष के दबाव में फर्जी स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत कर मानदेय भुगतान कराया गया है।सभासद द्वारा जब बाबुओं से सत्यापन की प्रति मांगी गई तो वह आज तक प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है।उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका में अध्यक्ष और बाबू की मिली भगत से भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ऐसी स्थिति में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए उक्त कर्मचारियों को उनके कार्य से मुक्त कर आज तक प्राप्त मानदेय की रिकवरी हेतु शासन की धनराशि के दुरुपयोग किए जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा को जांच के लिए फॉरवर्ड किया है।

# 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, आपसी सहमति से होगा वादों का सरल निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद में आगामी 12 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर सरल एवं त्वरित तरीके से निस्तारण कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव #अपेक्षा सिंह ने आमजन से राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में छोटे विवाद, पारिवारिक मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर से संबंधित मामले, छोटे सिविल विवाद तथा आपराधिक प्रकृति के कंपाउंडेबल मामलों का निस्तारण कराया जा सकेगा। ऐसे मामलों में पक्षकार आपसी #सहमति से विवाद का समाधान करा सकते हैं।राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निस्तारण होने पर संबंधित पक्षकारों को न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाले समय और खर्च से राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों में कोर्ट फीस वापस किए जाने का भी प्रावधान है। लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है।आमजन की सुविधा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) का हेल्प डेस्क भी उपलब्ध रहेगा। किसी भी प्रकार की परेशानी या जानकारी के लिए लोग हेल्प डेस्क के माध्यम से आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकेंगे।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लंबित मामलों से जुड़े पक्षकारों से अपील की है कि वे 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सहमति से अपने वादों का सरलता से निस्तारण कराने का लाभ उठाएं।

## संक्षेप समाचार

### कैमुआ रेलवे पुल के पास डूबने से दो बच्चों की मौत, एक को बचाया, धरती के फूल खोजने गए थे छह बच्चे

**निगोही, शाहजहांपुर।** कैमुआ रेलवे पुल के पास सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। धरती के फूल खोजने गए छह बच्चों में से तीन बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक बच्चे दीपक पुत्र छोटे को सकुशल बचा लिया, जबकि करन पुत्र ओमकार (11) और विनय पुत्र राजीव कुमार (12) की डूबने से मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक बच्चों के परिवारों में कोहराम मच गया। बताया गया कि ग्राम पतराजपुर, ब्लॉक एवं थाना निगोही के छह बच्चे सोमवार सुबह कैमुआ रेलवे पुल के पास धरती के फूल खोजने गए थे। इसी दौरान बच्चे गहरे पानी में चले गए और तीन बच्चे डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया और दीपक को पानी से बाहर निकाल लिया। हालांकि करन और विनय को बचाया नहीं जा सका। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों बच्चों को सीएचसी निगोही पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेंसिक टीम के साथ थाना निगोही प्रभारी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। वहीं, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, विधायक सालौना कुशवाहा, भाजपा जिला मंत्री सर्वेश वर्मा समेत तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मृतक करन छह भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। वहीं, विनय चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। दोनों बच्चों की मौत की खबर से परिवार में मातम पसरा है। पूरे गांव में शोक की लहर है।

### महिला जेई से संबंध का आरोप, ठेकेदार पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा

**शाहजहांपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र की साउथ सिटी कॉलोनी निवासी महिला ने पति पर दूसरी महिला से संबंध रखने और उसे पत्नी की तरह अलग घर में रखने का आरोप लगाया है। साथ ही दहेज में 20 लाख रुपये की मांग कर उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने पति, सास, चचिया ससुर, महिला जेई समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। साउथ सिटी कॉलोनी निवासी निधि सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब सात वर्ष पूर्व रूपेश कुमार के साथ हुई थी। उसकी दो बेटियां हैं। आरोप है कि शादी के करीब तीन वर्ष बाद पति रूपेश कुमार और सास गीता देवी दहेज में 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न किया गया। निधि का आरोप है कि इसी दौरान पति के क्षेत्र में ही रहने वाली महिला जेई से कथित संबंध हो गए। आरोप है कि पति ने महिला को पत्नी की तरह दूसरे घर में रख लिया। नवंबर 2025 में पति उसे मायके लखनऊ छोड़ आया और कथित तौर पर कहा कि 20 लाख रुपये देने के बाद ही उसे वापस ससुराल लाया जाएगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके जेवर और अन्य सामान भी पति व ससुराल वालों ने अपने पास रख लिए। इसके बाद से वह मायके में रह रही है। 28 अगस्त को त्योहार पर वह साउथ सिटी स्थित ससुराल पहुंची तो उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। आरोप है कि इस दौरान ससुराल वालों ने दहेज की मांग दोहराते हुए कहा कि उसके पति ने महिला जेई से दूसरी शादी कर ली है। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने पति रूपेश कुमार, सास गीता देवी, चचिया ससुर शिव वीर सिंह, संबंधित महिला जेई और पांच अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115(2), 351(3), 82(1) तथा दहेज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तिलहर में आतिशबाज़ी गोदामों की सघन चेकिंग

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर क्षेत्र में आतिशबाज़ी गोदामों और दुकानों की संयुक्त रूप से सघन चेकिंग की गई। क्षेत्राधिकारी तिलहर और उपजिलाधिकारी तिलहर ने गोदामों व दुकानों में लाइसेंस की वैधता, पटाखों के भंडारण और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।चेकिंग के दौरान आग से बचाव के लिए उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों की स्थिति भी देखी गई। दुकानदारों और गोदाम संचालकों को सुरक्षा एवं अग्निशमन उपकरण दुरुस्त रखने और ज्वलनशील सामग्री को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस बल को पटाखा गोदामों और दुकानों पर नियमित निगरानी रखने तथा किसी भी आकस्मिक घटना की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

### कागजों से निकलकर मुर्दे ने की डीएम से गुहार, मेरी जमीन मुझे दिला दो सरकार

**जलालाबाद (शाहजहांपुर)।** तहसील में धोखाधड़ी और कागजी जालसाजी का एक मामला सामने आया है। चितरूऊ गांव निवासी एक जीवित किसान को



पीड़ित वेदपाल।

कागजों में मृत दर्शाकर उसकी कृषि भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज करा दी गई। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी जमीन वापस दर्ज कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहसील जलालाबाद के गांव चितरऊ निवासी वेदपाल सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह ने उप जिलाधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम रामपुर ढका ढांडी में उनकी गाटा संख्या 75, रकबा 0 .997 हेक्टेयर जमीन स्थित है। आरोप है कि अन्य जाति के अरुण कुमार सिंह (पुत्र रामस्वरूप सिंह, निवासी ग्राम नौगवां, थाना व तहसील जलालाबाद) ने तहसील के कर्मचारियों के साथ साठगांठ करके किसान वेदपाल को कागजों में मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दिनांक 12 सितंबर 2016 को गलत तरीके से उक्त जमीन की विरासत अपने नाम दर्ज करा ली। वेदपाल सिंह का कहना है कि वे पूरी तरह जीवित हैं और खेती-किसानी करते हैं। उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी पूर्व में नहीं थी और वह अनपढ़ है हाल ही में तहसील आकर खतौनी निकालने पर उन्हें इस जालसाजी का पता चला। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मांग की है कि फर्जी तरीके से कराई गई 12 .09 .2016 की विरासत को तत्काल निरस्त कर जमीन पुन: उनके नाम दर्ज की जाए। साथ ही, कागजों में हेरफेर करने वाले भू-माफिया और साठगांठ करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

# बंडा सीएचसी में सोलर प्लांट का उद्घाटन स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

जागरण मोर्चा कार्यालय




बंडा CHC में सोलर सिस्टम का उदघाटन के दौरान मिथिलेश कुमार। -जागरण मोर्चा

**बंडा शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बंडा में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (PGCIL) की CSR योजना के तहत स्थापित 20 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट का शनिवार को राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बिजली की बचत और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सोलर प्लांट से CHC में बिजली की उपलब्धता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिससे मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं भी अधिक सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। CSR के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र में सोलर प्लांट की स्थापना से अस्पताल की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहयोग मिलेगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक शकुंतला देवी, ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश, मंडल अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, अभिषेक शुक्ला, बृजेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संभावित बाढ़ वाले गांवों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** संभावित बाढ़ के मद्देनजर एसडीएम परशुरामपुरी मधुसूदन गुप्ता ने तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित होने वाले संभावित राजस्व ग्रामों का निरीक्षण किया। उन्होंने कसारी, शाहपुर, रघुनाथपुर, बल्देवपुर समेत अन्य गांवों में पहुंचकर बाढ़ की स्थिति और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों और राजस्व कर्मियों को संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संवेदनशील गांवों में नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही बाढ़ शरणालयों की व्यवस्था पूरी रखी जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। उन्होंने राजस्व टीम को ग्रामीणों की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि तहसील प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ग्रामीण किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और बाढ़ से संबंधित जानकारी के लिए केवल प्रशासन एवं सरकारी माध्यमों से जारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री और अन्य आवश्यक सुविधाएं तत्काल पहुंचाई जाएं।

**अनदेखी** राहगीरों के लिए बढ़ा खतरा

# हनुमत धाम से केरूगंज मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे

जागरण मोर्चा कार्यालय



हनुमत धाम मार्ग पर सड़क की हालत। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** महानगर की सड़कों पर सफर करने वाले जरा संभलकर चलिए जनाब। यहां सड़क कब धंस जाए और कब गड्ढा सामने आ जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल हनुमत धाम से केरूगंज जाने वाले मार्ग ने अपनी बदहाली की तस्वीर सामने ला दी है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। हालात ऐसे हैं कि सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, यह समझना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना और भी कठिन हो जाता है। ऐसे में तेज रफ्तार से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इसके बावजूद सड़क की स्थिति सुधारने को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। गड्ढों के कारण वाहन चालकों को बार-बार ब्रेक लगाकर और बच-बचाकर निकलना पड़ता है। फिलहाल वाहन चालकों के लिए यही सलाह है कि इस मार्ग पर धीरे चलें, नजर सड़क पर रखें और गड्ढों से बचकर निकलें। क्योंकि महानगर की सड़क पर अगला 'सरप्राइज' कहां मिलेगा, यह किसी को पता नहीं।

## रोज़ा मंडी अभिरक्षक और उसके भाई पर रंगदारी व धमकी का आरोप, पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**शाहजहाँपुर।** जनपद के थाना सदर बाजार क्षेत्र के ब्रजविहार कॉलोनी निवासी गुलशन पुत्र शिव शंकर ने थाना प्रभारी निरीक्षक (रोज़ा) को एक शिकायती पत्र सौंपकर मंडी अभिरक्षक और उसके भाई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित गुलशन के अनुसार, वह रोज़ा मंडी में अपने व्यवसाय के सिलसिले में गतिविधियों में शामिल रहते हैं। 4 सितंबर को रोज़ा मंडी में अभिरक्षक के पद पर तैनात विकास चंद्र पाठक ने उन्हें एलानिया धमकी दी। आरोप है कि विकास चंद्र पाठक ने पूर्व में की गई शिकायत और वीडियो वायरल होने से हुए नुकसान की भरपाई और पैसे की माँग की। पैसे न देने पर झूठी शिकायत कर व्यापार प्रभावित करने तथा छवि धूमिल करने की धमकी दी गई।

# रोड़ा डालने के बाद भी गली में दलदल का साम्राज्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



नौसेना गांव की गली में पसरा कीचड़।

**खुदागंज।** एक और जहां ब्लॉक प्रशासन द्वारा गांव में विकास करने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर कई गांव की गलियों से निकलना दुश्वार हो रहा है विकास क्षेत्र खुदागंज के ग्राम नौसना की गली जरा सी बरसात में यह गली कीचड़ में तब्दील हो जाती है जहां से पैदल निकलना भी लोगों को मुश्किल हो रहा है यहां विगत माह 19900 खर्च का रोडा भी डलवाया गया परंतु गली में दलदल का साम्राज्य अब भी बरकरार है विकास के नाम पर ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं परंतु गली में निकलना मुश्किल हो रहा है इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है परंतु समस्या का निस्तारण नहीं हो सका।

### बाल पेंटिंग पर भी हो रहा अत्यधिक खर्च

ग्राम पंचायत नौसेना में बाल पेंटिंग के नाम पर इस बार 31348 खर्च किया गया जो पिछले खर्चों से अधिक है बताया गया है कि अधिकारियों के मन माफिक तरीके से किए जा रहे खर्चे से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं ग्रामीणों ने अनावश्यक हो रहे खर्चों की जांच कराए जाने की मांग की है



## एक नजर

### तालाब के जलभराव के कारण गिरा मकान

**चंदौसी।** जनपद संभल के बहजोई के निकट गांव परतापुर में तालाब के जलभराव के कारण गरीब किसान रामौतार पुत्र छत्रपाल का मकान गिर गया। हादसे में मकान में रखा घरेलू सामान नष्ट होने से किसान को काफी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लगातार बारिश के साथ तालाब का पानी बढ़ने से जलभराव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाले का पानी सड़कों पर उतर रहा है और तालाब गांव के नजदीक होने के कारण उसका पानी आसपास के क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। इससे गांव की सड़कें भी खराब हो रही हैं। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जलभराव की समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित किसान को मदद और गांव में जलनिकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की।

# क्षेत्र पंचायत बहजोई में लगभग 4.44 करोड़ रुपये से होंगे 64 विकास कार्य

**विकास खण्ड बहजोई के अन्तर्गत विभिन्न गांवों में सड़क, नाली, सीसी टाइल्स, शौचालय सहित होंगे विकास कार्य**

जागरण मोर्चा कार्यालय




**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा क्षेत्र पंचायत बहजोई के प्रस्तावों के आधार पर जनहित से जुड़े 64 विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पत्रांक 549/निर्माण कार्य/स्वीकृति/2026-27, 5 सितम्बर 2026 के माध्यम से स्वीकृत इन कार्यों की कुल अनुमानित लागत 4 करोड़ 43 लाख 52 हजार रुपये है। स्वीकृत कार्य रायपुर कला, बहटा जय सिंह, सादातबाड़ी, पाठकपुर, लहरावन, कमालपुर, चौपा शोभापुर, धासीपुर, किरारी, कुवरपुर, चाटन, परतापुर, ईसमपुर/चितनपुर, मऊ कठैर, भरतपुर, नगालिया कठेर, बैरीखेड़ा, बहरोली, फरीदपुर खुशहाल, बरखेड़ा सोनक, बल्लमपुर, पगौना, चंदन कटि मौजा, पगौना की मढ़ैया, स्योराजपुर की मढ़ैया, मोहकमपुर, बहरौली ताहरपुर, अर्जुनपुर खुर्द, रम्पुरा, समशोई, वमनपुरी, अकबरपुर, भगवंतपुर एवं अलावलपुर सहित विभिन्न गांवों में कराए जाएंगे। इन कार्यों में सीसी टाइल्स एवं नाली निर्माण, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, महिला एवं सामुदायिक शौचालय, मध्यान्ह भोजन शेड, विद्यालय एवं छात्रावास से संबंधित कार्य, बाउंड्री वॉल निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, तालाब की ओर नाली एवं सिल्ट चैंबर निर्माण, बारातघर निर्माण तथा धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड बहजोई परिसर में किचन निर्माण, स्टोर रूम की मरम्मत एवं छत निर्माण, क्षेत्र पंचायत आवास में आवश्यक कार्य, मुख्य कार्यालय तक सीसी टाइल्स निर्माण आदि शामिल है।

# श्रमिक बच्चों की शिक्षा को मिलेगा संबल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक मिल रही आर्थिक सहायता**

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक निर्बाध रूप से अध्ययन जारी रखने के लिए संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य निर्माण श्रमिक परिवारों के मेधावी एवं जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा में आने वाली आर्थिक बाधाओं को दूर करना है। सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 1 से लेकर उच्च शिक्षा तक विभिन्न स्तरों पर निर्धारित आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता, आयु सीमा एवं अन्य निर्धारित शर्तों को पूरा करना आवश्यक है। योजना के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 2,000 रुपए, कक्षा 6 से 10 तक 2,500 रुपए तथा कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों को 3,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। सामान्य स्नातक तथा आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 12,000 रुपए, स्नातकोत्तर स्तर पर 24,000 रुपए तथा अनुसंधान/पीएचडी के लिए 1,00,000 रुपए तक की सहायता का प्रावधान है। व्यावसायिक डिग्री पाठ्यक्रमों, जैसे एमबीए, बी.टेक आदि के लिए 60,000 रुपए तक अथवा वास्तविक शुल्क, जो भी नियमानुसार देय हो, की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। योजना के अंतर्गत नियमित सहायता राशि के अतिरिक्त निर्धारित अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को एकमुश्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। कक्षा 1 एवं 2 के लिए अधिकतम आयु सीमा 6 से 8 वर्ष निर्धारित है। पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय संबंधित कक्षा एवं पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित आयु सीमा तथा योजना के अन्य प्रचलित नियमों का विशेष ध्यान रखना होगा। सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल ने पात्र निर्माण श्रमिकों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे योजना की पात्रता एवं निर्धारित शर्तों की जानकारी प्राप्त कर समय से आवेदन करें तथा अपने बच्चों की शिक्षा के लिए उपलब्ध इस सुविधा का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि योजना की जानकारी अधिक से अधिक पात्र श्रमिक परिवारों तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे।

# बारिश में गिरी छत, बाल-बाल बचा परिवार

जागरण मोर्चा कार्यालय


चंदौसी के गांव पलथा मिठनपुर में बारिश से गिरे मकान को देखते लोग।

**चंदौसी।** भारी बारिश के चलते तहसील के रविवार को गांव पलथा मिठनपुर में एक मकान की छत गिर गई जबकि दूसरे मकान की दीवार ढह गई। गनीमत यह रही कि दोनों ही हादसों में ही कोई जनहानि नहीं हुई।

बनियाखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत पल्था मिठनपुर में रविवार को भारी बारिश के कारण भरभराकर मकान की छत गिर गई। मकान के तीनों कमरों की छत अचानक भरभराकर नीचे आ गिरी। हादसे के समय परिवार के सभी सात सदस्य घर के अंदर सो रहे थे। छत गिरने का अहसास होते ही सभी लोग तुरंत घर से बाहर निकल आए, जिससे परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए और किसी को चोट नहीं आई। परिजनों के मुताबिक, लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से मकान की छत पर पानी जमा हो गया था। पानी के भराव के कारण छत कमजोर हो गई और अचानक ढह गई। छत गिरने से घर के अंदर रखा सारा सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। हादसे में करीब लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। घर रहने लायक न होने के कारण पीड़ित परिवार अब दूसरों के घर में रहने को मजबूर है। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश से प्रभावित मकानों का सर्वे कराया जाए और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। वहीं इसी गांव के आकाश पुत्र नत्थू के मकान की दरवाजा दीवार गिर गई। यह हादसा उस समय हुआ जब आकाश बाहर जाने के लिए निकल रहा था। आकाश दीवार की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया।

## निर्माणाधीन मकान का लिंटर गिरा, मजदूर घायल

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैंजनी में सोमवार शाम निर्माणाधीन मकान का करीब 1000 वर्गफीट लिंटर भरभराकर गिर गया। हादसे में मजदूर हंसपाल मामूली रूप से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लाखन पुत्र नरेश पाल के मकान में सुबह तीन राजमिस्त्री और 11 मजदूर काम कर रहे थे। शाम करीब चार बजे लिंटर का करीब 15 प्रतिशत हिस्सा डाला जा रहा था, तभी अचानक पूरा लिंटर नीचे गिर गया। हादसे के समय कुछ मजदूर ऊपर और कुछ नीचे काम कर रहे थे। बताया गया कि पिछले चार दिनों से बारिश के चलते मकान के अंदर और नींव के आसपास पानी भरा था। आशंका है कि पानी से सपोर्ट कमजोर होने के कारण हादसा हुआ। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

# गांव पहली में नहीं है श्मशान घाट

**चिता जलाने के लिए ग्रामीणों को करनी पड़ती है मशक्कत**

जागरण मोर्चा कार्यालय


चंदौसी के गांव भगतपुर पहली में प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** बनियाखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत भगतपुर पहली के गांव पहली में श्मशान घाट नहीं हैं। जिससे ग्रामीणों को शवो का अंतिम संस्कार करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है हाल ही में बारिश के दौरान एक शव का अंतिम संस्कार तिरपाल डालकर करना पड़ा, जिससे ग्रामीणों में रोष है।

गांव पहेली के ग्रामीणों का कहना है कि शव का अंतिम संस्कार के दौरान तिरपाल जल गया। इसके बाद चिता जलाने के लिए डीजल का इस्तेमाल करना पड़ा। यह घटना श्मशान घाट की कमी के कारण हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले करीब 20 साल से गांव में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने प्रदर्शन किया और गांव में जल्द से जल्द श्मशान घाट बनाने की मांग की। इस प्रदर्शन में समस्सा, हरिराम, हेमराज, अशोक, सूरज, शिशुपाल, रामचंद्र, शंकर लाल, राकेश, धर्मेंद्र कुमार, धनवीर, अजय कुमार, मनीष शर्मा, कमल कुमार, संजू, राहुल कुमार, सुमित कुमार, गौरव, संतोष, अमरपाल, टिंकू, रिंकू सिंह, राजू सिंह, जीवाराम, राजेंद्र सिंहसमेत कई ग्रामीण शामिल थे। ग्राम पंचायत सचिव उरमान अली ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी है। श्मशान घाट को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है और जल्द ही इसका निर्माण काम शुरू कराया जाएगा।

## यातायात पुलिस ने की 265 वाहनों पर कार्रवाई

**चंदौसी।** यातायात पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न चेकिंग प्वाइंटों पर टेंपो एवं ई-रिक्शा में ओवरलोडिंग एवं निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान 42 टेंपो/ई-रिक्शा के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 3 टेंपो एवं 2 मोटरसाइकिल सीज की गईं। मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 4 बुलेट मोटरसाइकिलों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट, तीन सवारी, नो-पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुए कुल 265 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने एवं निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने को जागरूक किया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर परिसर में गुरुवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा एक शानदार एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान बच्चों ने भजनों पर रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम के समापन पर एसडीएम आशुतोष तिवारी,और प्रभारी निरीक्षक संत कुमार मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के नतीजों की घोषणा की गई। रविवार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार- मिशिता ठुकराल, द्वितीय पुरस्कार- सानवी साहनी, तृतीय पुरस्कार-मिशिका अग्रवाल, चतुर्थ (सांत्वना) पुरस्कार- पंक्ति अग्रवाल एवं भव्य अग्रवाल को मिला। अतिथियों ने सभी बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में स्थानीय लोग और बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सुधीर मल्होत्रा, बुद्धिश छाबड़ा, सचिन मग्गो, विजय अरोरा, मोनू अदलखा, रोहित मग्गो, अमन मल्लन, गगन अरोरा,नीतू ओहरी, गगन अरोरा, बिट्टू अदलखा, गुलशन खत्री, ऋतिक अदलखा, अर्पित मेहरोत्रा, राजू कालरा, मनमोहन भसीन, इंद्रमोहन बतरा, सचिन अरोरा, पुनीत खुराना, संजय मदान, विमल साहनी, हनी डुडेजा, गुलशन अरोरा, यश मदान, सावन शर्मा, अभिषेक कुमार,आदि का विशेष योगदान रहा। संचालन सचिन मग्गो ने किया।

# एसपी ने किया थाना बनियाठेर का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी तहसील के थाना बनियाठेर का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बनियाठेर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, भोजनालय, हवालात, बैरक, शस्त्रागार एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का जायजा लेते हुए साफ-सफाई एवं अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी द्वारा थाना कार्यालय में विभिन्न अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उनके रख-रखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका

**▸ अपराध नियंत्रण, गश्त बढ़ाने और शालीन व्यवहार बनाए रखने की दी हिदायत**

समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध नियंत्रण, वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा क्षेत्र में प्रभावी पुलिस गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों को पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा आमजन के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## राजस्थान हादसे में तीसरे घायल युवक की भी मौत

**चंदौसी।** राजस्थान के बागड़ जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में घायल बनियाठेर क्षेत्र के तीसरे युवक सौदान की भी रविवार शाम मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा बृहस्पतिवार रात करीब दो बजे हुआ था। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें विक्रम और यशपाल की मौके पर ही मौत हो गई थी। भुलावई निवासी सौदान गंभीर रूप से घायल हुए थे। पैर में सेप्टिक फैलने के कारण शनिवार को उनका पैर काटना पड़ा था। रविवार को ऑपरेशन के बाद शाम करीब छह बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सोमवार दोपहर परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार कर दिया।


चंदौसी के गणेश मंदिर पर भजन कीर्तन करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# भजनों से गूंज उठा गणेश मंदिर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** श्री गणेश मेला परिषद द्वारा सीता आश्रम रोड स्थित गणेश मंदिर पर सातवें दिन प्रातः कालीन संकीर्तन का आयोजन हुआ। गणेश वंदना के बाद महामंत्र और सुंदर-सुंदर भजनों ने वातावरण को भक्ति मय बना दिया। हरिद्वारी लाल मिश्रा ने कहो कैसे तेरी बन जाऊं रसिया तथा भूदेव शंखधार ने आओ गौरी लाल तरस रहे नैना आदि भजन सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कीर्तन में मनोज मीनू, सतीश किराना, उमेश शर्मा, सुधांशु पुजारी, सुशील छोटू, डॉ जयशंकर दुबे आदि का सहयोग रहा।

# 20वें दिन भी किसानों का धरना जारी

**▸ किसान अपनी मांगों से नहीं हट रहे पीछे**

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करतें किसान नेता। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है सोमवार को संगठन के जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी, सहयोगी विकास शर्मा तहसील अध्यक्ष, एवं संरक्षक विजयपाल सिंह द्वारा धरना 20वे दिन अनिश्चितकालीन जारी बना रहा। सोमवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी किसानों के बीच आए और कार्यालय पर आज डीसीओ साथ नहीं थे तो उनसे फोन पर वार्ता कर दो बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें एक महीने के अंदर किसानों का ब्याज का बयौरा वर्षवार दिया जाएगा लिखित लेटर जारी होगा और दूसरा किसान अपने सट्टे का हिसाब का बयौरा मांगने के लिए प्रार्थना पत्र भर कर दे रहे हैं। वह ऑफिशियल मोहर लगाकर रिसीव किया जाएगा और किसानो की ओर से धरना स्थगित कर दिया जाएगा परंतु एसडीएम के समझौता कर जाने के बाद जिला गन्ना अधिकारी और बड़े बाबू के बीच फोन पर भी वार्ता के बाद बड़े बाबू द्वारा मना कर दिया गया जिससे किसानों में रोष है की उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में हुई वार्ता को भी जिला गन्ना अधिकारी ने मना कर दिया तो किसान अनिश्चित कालीन के लिए धरना जारी रहेगा और किसान हर तरह संघर्ष आंदोलन के लिए तैयार हैं। धरने पर शेर सिंह, महावीर सिंह, कमल सिंह, सचिन सेहरावत, सचिन चौधरी, कल्याण सिंह, रतन सिंह, कुलबीर सिंह, नेम सिंह मौजूद रहे।

# विन्स प्रणाली से चंदौसी बनेगी स्वच्छ और हरित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के साथ स्वच्छ वायु दिवस 'स्वच्छ वायु, स्वच्छ उत्तर प्रदेश' का आयोजन किया गया। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और 4 विन्स प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान घर-घर कूड़ा संग्रहण, गीले एवं सूखे कचरे का स्रोत पर पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग, कचरे के उचित निस्तारण तथा स्वच्छ वायु और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

सफाई खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने समिति सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को कचरा खुले में न जलाने, 4 विन्स प्रणाली अपनाने, कचरे का स्रोत पर पृथक्करण करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में हरित क्षेत्र बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में घर-घर कूड़ा संग्रहण एवं स्रोत पर कचरा पृथक्करण को प्रभावी बनाने, नागरिकों को होम कम्पोस्टिंग के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छ वायु बनाए रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। समिति सदस्यों ने चंदौसी को स्वच्छ, सुंदर, हरित एवं स्वस्थ बनाने में सक्रिय सहभागिता की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने शिक्षक दिवस के अवसर पर दो शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी मे शिक्षक दिवस कार्यक्रम पर संगीता भार्गव को सम्मानित करते अतिथि।

**चंदौसी।** रोटरी क्लब की ओर से शिक्षक दिवस पर समाज सेविका संगीता भार्गव और संगीता गोयल को वोकेशनल अवार्ड से नवाजा गया। इस अवसर पर डीजीएन प्रतीश सिंह ने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की प्रशंसा की और क्लब के कार्यों एवं सदस्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शिक्षक दिवस एवं सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संगीता भार्गव एवं संगीता गोयल उपस्थित रहीं। शिक्षक दिवस के अवसर पर दोनों सम्मानित अतिथियों का शिक्षा एवं समाज के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्लब के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल एवं सचिव एसके अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, प्रकाश वार्ष्णेय, अनिल अग्रवाल, संतोष बंसल, शंकर रस्तोगी, नितिन अग्रवाल, रितेश रस्तोगी, अनुराग अग्रवाल1 सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## गीता सार

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः ।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥

**भावार्थ** : योग में असफ़ल हुआ मनुष्य स्वर्ग आदि उत्तम लोकों को प्राप्त होकर उनमें अनेकों वर्षों तक जिन इच्छाओं के कारण योग-भ्रष्ट हुआ था, उन इच्छाओं को भोग करके फिर संपन्न सदाचारी मनुष्यों के परिवार में जन्म लेता है।

# हिंदुत्व बनाम हिंदुत्व

जब से यूपी चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने बड़ा एक्शन लिया और ऑपरेशन सिंदूर के हीरो को राम मंदिर की जिम्मेदारी दी, तब से इंडी वालों में खलबली मची हुई है, क्योंकि इन्होंने तो राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर ही यूपी चुनाव में मोदी-योगी को घेरने की प्लानिंग की थी। लेकिन अब राम मंदिर का काम सेना के ऐसे अधिकारी को दे दिया गया है, जिसने पाकिस्तान को फोड़ा था। तो इंडी वालों को लग रहा है कि अब उनके नैरेटिव में वो धार नहीं रहेगी। उधर सीएम योगी ने अयोध्या के बाद मथुरा वाले मिशन पर आगे बढ़कर अखिलेश को ऐसा चैलेंज दे दे दिया है, जो यूपी चुनाव में इंडी की पूरी प्लानिंग को ही पलटकर रख देगा। उत्तर प्रदेश जहां चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं होता,



बल्कि विचारधारा की सबसे बड़ी लड़ाई होती है। यूपी चुनाव अभी करीब 6 महीने दूर है, लेकिन उत्तर प्रदेश में चुनावी शंखनाद हो चुका है। इस बार लड़ाई सिर्फ सीटों की नही, मंदिरों की भी है। 2027 की जंग 2026 में ही मंदिर के दरवाजे पर आ खड़ी हुई है। यूपी की सियासत में सबसे पहला पड़ाव है मंदिर। पहले राम मंदिर और अब कृष्ण जन्मभूमि। एक तरफ योगी आदित्यनाथ मथुरा से ऐलान करते हैं 'सनातन को मिटाने वाले खुद मिट्टी में मिल गए'। तो दूसरी तरफ पीछे-पीछे अखिलेश यादव सहारनपुर के शिव मंदिर में पूजा करते हैं और बताते हैं कि वो सैफई में भव्य शिव मंदिर बनवा रहे हैं। कुल मिलाकर तस्वीर यही कह रही है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खींची लकीर पर ही अखिलेश यादव को भी आना पड़ रहा है। यही वजह है कि यूपी की सियासत में भगवान के नाम पर सियासी वार-पलटवार तेज हो गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के भाषणों में भगवान राम के साथ अब भगवान श्रीकृष्ण का भी जयकारा सुनाई दे रहा है। चूंकि यूपी में ये चुनावी साल है, इसलिए पब्लिक को सीधा पॉलिटिकल मैसेज देने का समय भी है। इसीलिए सीएम योगी हर मंच से भगवान भगवान कृष्ण के जयकारे लगवा रहे हैं और मथुरा जन्मभूमि के मुद्दे पर अखिलेश यादव को घेरते भी हैं। सीएम योगी अखिलेश यादव को उसी मुद्दे पर घेर रहे हैं, जिसे बीजेपी लंबे समय से अपनी राजनीति के बड़े सांस्कृतिक नैरेटिव से जोड़ती रही है। लेकिन अखिलेश यादव भी बड़ी चालाकी से पलटवार करते दिखे। अखिलेश यादव अपने हर कार्यक्रम में ये जरूर याद दिलाते हैं कि भगवान शिव सभी के आराध्य हैं, चाहे राम हों या कृष्ण। सपा सुप्रीमो ने कहा, 'भगवान शिव सबके आराध्य है इसलिए वो भगवान शिव के भव्य मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं।' ऐसे में सवाल है कि क्या यूपी की राजनीति में अब पूरी तरह हिंदुत्व बनाम हिंदुत्व की लड़ाई शुरू हो गई है? अगर ऐसा हो रहा है तो क्यों हो रहा है? तो इसका जवाब है 'वायुवीर' के हाथ 'रामकाज' की कमान। दरअसल इंडी गठबंधन वाले राम मंदिर चढ़ावा चोरी को मुद्दा बना रहे थे। पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का पहला चीफ एक्जिक्यूटिव ऑफिसर चुन लिया गया है।

## इस साल भारत में सर्दी नहीं आएगी!

# छह महीने का डेंजर जोन



**वीना गौतम**

गुजरे 3 सितंबर 2026 को विश्व मौसम संगठन ने चेतावनी जारी की है कि 'गॉडजिला अलनीनो' की वजह से भारत अगले छह महीनों के लिए डेंजर जोन में पहुंच गया है। प्रशांत महासागर में तापमान तेजी से बढ़ रहा है, इस वजह से इस साल सर्दियों का मौसम या तो आएगा ही नहीं या फिर इसका असर बहुत कम हो सकता है। कहने का मतलब यह कि इस बार सर्दी के मौसम में कड़ाके की ठंड की जगह गर्मी महसूस हो सकती है और फरवरी 2027 तक अनुमानित चलने वाले इस मौसमी दुष्चक्र की वजह से बड़े पैमाने पर फसलें खराब हो सकती हैं। लेकिन आगे बढ़ने से पहले इस बात को समझ लेना जरूरी है कि विश्व मौसम संगठन ने यह चेतावनी, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के उपलब्ध आधिकारिक आंकलनों को आधार बनाकर जारी किया है और यह भी तथ्य स्पष्ट कर लेना जरूरी है कि गॉडजिला अलनीनो कोई आधिकारिक वैज्ञानिक श्रेणी नहीं है।

इमेज

वास्तव में विश्व मौसम संगठन की ये आधिकारिक श्रेणियां कमजोर, मध्यम, मजबूत और बहुत मजबूत हैं। इसलिए इस चेतावनी को सनसनीखेज शब्दों में समझने से अधिक महत्वपूर्ण है कि हम इस वास्तविक वैज्ञानिक चेतावनी के मर्म को समझें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 3 सितंबर 2026 को विश्व मौसम संगठन द्वारा जारी चेतावनी ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है और ऐसा हो भी क्यों न, जब इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अलनीनो पूरी मजबूती से स्थापित हो चुका हो तथा आने वाले महीनों में इसके और अधिक मजबूत होने की सारी वजहें दिख रही हैं। अभी तक के आंकलन के मुताबिक इसके फरवरी 2027 तक बने रहने की संभावना है और यह संभावना पूरे सौ प्रतिशत बताई गई है। इसलिए अनुमान के बावजूद यह संभावना काफी डरावनी है। हाल में मौसम विशेषज्ञों ने महासागर की सतह पर ही नहीं, उसके नीचे भी असाधारण गर्मी दर्ज की है। कुछ क्षेत्रों में तो उप-सतही समुद्री तापमान सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक पाया गया है। यही कारण है कि इसे साधारण मौसमी उतार-चढ़ाव मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल भारत के लिए यह है कि क्या वह गॉडजिला अलनीनो ही है, जिसके कारण भारत अगले छह महीनों तक डेंजर जोन में रहेगा? क्या इस साल इसकी वजह से वाकई सर्दी नहीं आएगी? इन सवालों के संभावित जवाब चिंतित तो बेहद करते हैं, लेकिन अभी घबराने की जरूरत नहीं है। वास्तव में अलनीनो कोई तूफान नहीं है और न ही कोई अलग मौसम प्रणाली। यह पृथ्वी की महासागरीय-वायुमंडलीय व्यवस्था में होने वाला एक प्राकृतिक बदलाव है। भूमध्य रेखीय प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी हिस्से का समुद्री पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। इस गर्मी से हवाओं, बादलों और वायु दाब के वैश्विक पैटर्न बदलते हैं। लेकिन समस्या यह है कि महासागर और वायुमंडल किसी एक देश की सीमा में कैद नहीं रहते। इसलिए प्रशांत महासागर में शुरु हुआ मौसम का यह डरावना



बदलाव भारत तक पहुंच सकता है और नहीं भी पहुंच सकता। हवा के बड़े परिसंचरण, मानसून की धाराओं और वर्षा प्रणालियों में ऐन वक्त पर बदलाव हो सकता है। इस कारण अलनीनो को लेकर यह चेतावनी डराती तो है, लेकिन जरूरी नहीं है कि हमें इसका सामना करना ही पड़े। हो सकता है मौसम विशेषज्ञों ने इसके जो अनुमान लगाए हों, वो हकीकत से ज्यादा ही कड़े हों। इसलिए यह नहीं मानना चाहिए कि विश्व मौसम संगठन की चेतावनी का मतलब सौ प्रतिशत ऐसा होना ही है। सबसे पहले तो यह समझिये के गॉडजिला अलनीनो आखिर है क्या? दरअसल, हाल के सालों में मीडिया ने कई ऐसे सनसनीखेज शब्दों से वाक्य बनाना शुरू कर दिया है, जो जरूरत से ज्यादा डराते हैं। जैसे- सुपर अलनीनो या गॉडजिला अलनीनो। लेकिन वैज्ञानिक अध्ययनों में इस तरह की शब्दवली का कोई अर्थ नहीं है। विश्व मौसम संगठन अलनीनो को कमजोर, मॉडरेट, स्ट्रोंग या वेरी स्ट्रोंग श्रेणी में ही देखता है। सुपर अलनीनो या गॉडजिला अलनीनो जैसे शब्द विश्व मौसम संगठन के नहीं बल्कि इस डिजिटल युग की मीडिया के शब्द हैं, जो शब्दों में असाधारण प्रभाव पैदा करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती है। भारत सरकार ने भी जुलाई 2026 में संसद में एक स्पष्ट वक्तव्य दिया था कि विश्व मौसम संगठन या भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा सुपर अलनीनो जैसी कोई आधिकारिक श्रेणी या शब्दावली निर्धारित नहीं की है। इसलिए गॉडजिला शब्द से डरने की जरूरत नहीं है। हां, मजबूत या बहुत मजबूत अलनीनो के वास्तविक जोखिमों को समझना जरूरी है। अगर विश्व मौसम संगठन ने कहा है कि भारत डेंजर जोन में है, तो डेंजर जोन का अर्थ यह है कि आने वाले महीनों में मौसम से जुड़े जोखिम सामान्य से अधिक हो सकते हैं। ऐसे में इस चेतावनी को हमें गंभीरता से लेना चाहिए, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं लगाया जाना चाहिए कि पूरे भारत में अगले छह महीने केवल तबाही होगी। वैज्ञानिक ऐसा कोई निष्कर्ष प्रस्तुत नहीं करते। विश्व मौसम संगठन के संदेश का महत्वपूर्ण अर्थ यही है कि मजबूत अलनीनो से दुनियाभर में तापमान और वर्षा के पैटर्न में बदलाव आ सकता है। इस कारण कहीं सूखा, कहीं बाढ़ और कहीं असामान्य गर्मी बढ़ सकती है। सितंबर, नवंबर 2026 के लिए विश्व मौसम संगठन ने विश्व के लगभग सभी भू-भागों में सामान्य से अधिक तापमान की संभावना जताई है। लेकिन भारत के लिए खतरा केवल तापमान नहीं है, कृषि, जल, संसाधन, बिजली की मांग, स्वास्थ्य और खाद्य कीमतें ये सब चीजें मौसम से ही जुड़ी हैं। इसलिए यदि बारिश का पैटर्न बिगड़ता है तो इसका असर खेत से बाजार तक पहुंच सकता है। लेकिन इसका यह अर्थ लगाया जाना कि भारत में इस साल सर्दी नहीं आएगी, बेहद अतिरेक है। ऐसा कहना मीडिया की सनसनीखेज शब्दावली का नतीजा हो सकता है। जरूरी नहीं कि वास्तव में ऐसी भयंकर स्थिति आए; क्योंकि अभी तक दुनिया के किसी वैज्ञानिक या मौसम विशेषज्ञ ने यह नहीं कहा कि अलनीनो की वजह से आने वाले महीनों में भारत में सर्दी पूरी तरह से गायब हो जाएगी और न ही ऐसा विश्व मौसम संगठन ने कहा है। विश्व मौसम संगठन की चेतावनी को अपने हिसाब के सनसनीखेज शब्दों से सजाकर मीडिया ने यह बात रखी है।



## श्रीरामचरितमानस

पिता भवन जब गईं भवानी।
दच्छ त्रास काहुँ न सनमानी॥
सादर भलेहिं मिली एक माता।
भगिनीं मिलीं बहुत मुसुकाता॥1॥

**भावार्थ :** भवानी जब पिता (दक्ष) के घर पहुँची, तब दक्ष के डर के मारे किसी ने उनकी आवभगत नहीं की, केवल एक माता भले ही आदर से मिली। बहिनें बहुत मुस्कुराती हुई मिलीं॥1॥

## सौंदर्य

# मानसून में हेयर वॉश

**नीलोफर**



बारिश के दिनों में गर्मी और चिपचिपाहट होने से बालों में भी हर दूसरे-तीसरे दिन हमें चिपचिपान महसूस होता है। गर्मी और उमसभरे मौसम में बालों को रोज धोना संभव नहीं होता। उमसभरे मौसम में मन चाहता है कि जब रोज दो बार नहा सकते हैं, तो क्यों न दो बार हेयर वॉश भी किया जाए। हेयर वॉश अगर बार-बार किया जाता है तो इससे भी बालों के झड़ने की एक नई समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में कंफ्यूजन होता है कि बारिश के दिनों में बालों को कब और कितनी बार धोना चाहिए। इस कंफ्यूजन को दूर करने के लिए चलिए हम आपको कुछ टिप्स देते हैं। जिन लोगों को बालों में काफी ज्यादा पसीना आता है, पसीने के कारण उनके बाल चिपचिपे हो जाते हैं और रोज शैंपू से धोना संभव नहीं होता, क्योंकि बारिश में बाल जल्दी सूखते नहीं है। उन्हें हर दिन सादे पानी से बाल धोने चाहिए और हफ्ते में दो बार सादे पानी से और एक बार हर्बल शैंपू से अच्छी तरह बालों की सफाई करनी चाहिए। मानसून में बाल फ्रिजी हो जाते हैं और इसलिए बालों के रुखेपन को दूर करने के लिए सप्ताह में एक बार मसाज करें और किसी माइल्ड शैंपू के इस्तेमाल से बालों को साफ करें। बारिश के मौसम में सिर में पसीना आने से सिर की त्वचा पर नमक जमा हो जाता है। यदि इसकी सफाई न की जाए तो इससे बालों में बदबू आने लगती है और बाल झड़ने लगते हैं। यदि बालों को सादे पानी से धोया जाए तो सिर की त्वचा पर जमा पसीना साफ हो जाता है। इन दिनों फ्रिजी बाल होने से धोने के बाद वे ज्यादा उलझ जाते हैं। बालों को सुलझाने के लिए हमेशा चौड़े दांतों वाला लकड़ी का कंघा इस्तेमाल करना चाहिए। सप्ताह में एक बार ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल की मालिश करनी चाहिए। बालों को नेचुरल तरीके से सुखाने की कोशिश करें। घर में ही ब्लो ड्राइ करें। सॉफ्ट ब्लो ड्राइ करें, जिससे बालों का टैक्स्चर खराब न हो। बालों को लंबे समय तक गीला न छोड़ें, इससे भी वो चिपचिपे हो जाते हैं।

## तिथि विशेष

# नीरजा भनोट

नीरजा भनोट का नाम भारतीय इतिहास में साहस, कर्तव्यनिष्ठा और मानवता की अद्भुत मिसाल के रूप में दर्ज है। 7 सितंबर 1963 को चंडीगढ़ में जन्मी नीरजा ने बहुत कम उम्र में अपने व्यक्तित्व और कार्यों से ऐसी पहचान बनाई, जिसने उन्हें देश की वीर बेटियों की पंक्ति में अमर कर दिया। उनके पिता हरीश भनोट मुंबई के पत्रकार थे। नीरजा की शिक्षा चंडीगढ़ और मुंबई में हुई तथा आगे चलकर उन्होंने विमानन क्षेत्र को अपना करियर बनाया। नीरजा पैन एम एयरलाइंस में वरिष्ठ फ्लाइट पर्सर थीं। 5 सितंबर 1986 को पैन एम फ्लाइट 73 मुंबई से न्यूयॉर्क की यात्रा पर थी और कराची में रुकी हुई थी। इसी दौरान विमान का आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया। विमान में मौजूद नीरजा ने असाधारण सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। उन्होंने कॉकपिट क्रू को समय रहते स्थिति की जानकारी दी, जिससे पायलट विमान से निकलने में सफल रहे। इसके बाद विमान में मौजूद यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी काफी हद तक नीरजा के कंधों पर आ गई।






## दूसरी पारी का भारत

# जहां मनचाहे जीवन को पुकारती जिंदगी

**एन. के. अरोड़ा**

आज दूसरी पारी के भारत को हम केवल 50$ में नया कॅरियर शुरु करने की कहानीभर नहीं मान सकते। आज यह इससे बहुत आगे निकल गई है। बदलती जीवन दृष्टि, जिंदगी के बाकी बचे शौक पूरा करने का समय, मनचाही यात्राएं, रिश्तों को नए ढंग से एक्सफ्लोर करना, स्वास्थ्य तथा समाज में अपने योगदान का लोहा मनवाने और सीखने की दुनिया में कुछ नया करने जैसी अनेक कहानियां हैं, जो दूसरी पारी में फल-फूल रही हैं। आओ इस भरी-पूरी दुनिया पर नजर डालते हैं जहां मनचाहे जीवन के लिए पुकारती है जिंदगी।

इमेज

एक जमाना था जब भारतीय जीवन का एक तय खाका हुआ करता था। पढ़ाई, नौकरी, शादी, बच्चे, घर बनाना और फिर रिटायरमेंट। जिंदगी का यही क्रम हुआ करता था, जो रिटायरमेंट पर आकर खत्म होता था। लेकिन अब भारत बदल गया है। 50-55 या 60 उम्र पार कर चुके लोग खुद को बूढ़ा मानने के लिए तैयार नहीं है। इस उम्र में कोई पहाड़ों की यात्रा कर रहा है, कोई अपने बचपन के शौक चित्रकारी को फिर से शुरू कर रहा है। कोई संगीत सीख रहा है, कोई नई-नई रूपरेखाएं बनाकर किताब लिखने की दुनिया में परचम फहराने की कोशिश कर रहा है। मतलब यह कि लोग अब फिर से दूसरी पारी के लिए अपनी पसंदीदा जिंदगी चुन रहे हैं। यह भारत में परिपक्व उम्र की एक नई कहानीभर नहीं है। यह भारतीय समाज में उम्र को देखने के नजरिये में आए बदलाव की कहानी भी है। भारत में आजादी के समय के मुकाबले आज औसत उम्र दोगुने से भी ज्यादा हो चुकी है। इसलिए 60 साल की उम्र अब जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं है। साल 2022 में भारत में 60 साल से अधिक आयु के लगभग 15 करोड़ लोग थे, जिनकी संख्या 2050 में बढ़कर करीब 35 करोड़ हो जायेगी यानी आने वाले दशकों में भारत की विविध आबादी मौजूदा समय से दोगुना ज्यादा बढ़ चुकी होगी। इसका अर्थ केवल यह नहीं है कि भारत में इस दौरान सिर्फ बुजुर्गों की संख्या बढ़ेगी। इसका अर्थ यह भी है कि समाज का उम्र बढ़ने के साथ जीवन की गुणवत्ता पर नया जीवन दृष्टिकोण भी बढ़ेगा। यह अकारण नहीं है कि लोग अब पहली नौकरी खत्म होते ही उनकी पहचान समाप्त नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अब लोग रिटायरमेंट के बाद अपनी दूसरी और मनचाही जीवन यात्रा शुरु करते हैं, जिससे वह अपने को ज्यादा उत्साह के साथ जोड़ते हैं। क्योंकि जीवन की इस दूसरी पारी में लोग अपने प्यार को मूर्त करने की कोशिश करते हैं, जो पहले किसी कमी, परेशानी या अन्य किसी वजह से रह गया होता है। कुछ लोग अपनी दूसरी पारी में पढ़ाई का अपना रुका हुआ सपना पूरा करते हैं, जो बचपन में पढ़ नहीं पाए थे। चाहे किन्हीं कमियों के कारण या फिर पढ़ाई की कीमत न समझ पाने के कारण, वो फिर से पढ़ने का लुत्फ लेते हैं। कुछ तो बाकायदा कॉलेज जाते हैं और जिस कॉलेज लाइफ को अपनी शुरु की उम्र में अनुभव नहीं कर पाये थे, अब उसको जीने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग अपने ऐसे शौक पूरा करते हैं, जो न कर पाने की वजह से उनके दिल में टीस बनकर कई दशक गुजारे हैं। बागवानी करना, सामाजिक काम करना और साहित्य के क्षेत्र में कुछ करने का बीड़ा उठाना। ये तो पुरानी हो चुकी ख्वाहिशें हैं। अब लोग इनसे कहीं आगे निकल गए हैं। दरअसल युवावस्था में जिम्मेदारियां अकसर हमारी कई ख्वाहिशों को हमारे चाहते, न चाहते मार देती हैं। किसी को फोटोग्राफी पसंद थी, लेकिन परिवार में रोटियां चलाने के लिए क्लर्की करना मजबूरी बन गई थी, तो अब वह रिटायरमेंट के बाद कंधे में कैमरा टांग लेता है। किसी के दिल में गिटार बजाने की कसक जवानी के दिनों से कहीं छिपी पड़ी होती है, तो वह इस उम्र में गिटार की प्रैक्टिस करने लगता है। इस सबमें आज ऑनलाइन माध्यम भी बहुत कुछ मदद कर रहा है, जिससे कोई भी सपना पूरा करना असंभव नहीं लगता। आज लोग रिटायरमेंट के बाद भाषा सीखने, पेंटिंग, खाना पकाने की कला, नई-नई डिजिटल तकनीक और अनेकों ऊंची उड़ानों के जवान सपने देखने लगे हैं। पहले परिवारों में बच्चे भी इस सबमें बाधा बनते थे, अब युवा पहले के मुकाबले ज्यादा डेमोक्रेटिक हो गए हैं, इसलिए वह चाहते हैं कि उनके माता-पिता भी अपने शौक कर सकें तो पूरा कर लें। इसलिए वो उनके फैसले में कोई नकारात्मक राय नहीं रखते बल्कि सहयोग ही करते हैं। यही कारण है कि आज के दिन भारत में धूमधाम से दूसरी पारी शुरू करने का सिलसिला जोरों पर है। इस पारी में उम्र बढ़ने के साथ-साथ दोस्ती का महत्व भी परिवार जितना ही महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि बच्चे अपने जीवन में व्यस्त और मस्त होते हैं तथा पति-पत्नी की दुनिया भी काफी हद तक बदल चुकी होती है। इस वजह से लोग अपने पसंदीदा दोस्तों के साथ मनचाहा टाइम गुजारने का मौका तलाश लेते हैं और फिर दोस्तों की यह पारंपरिक मित्र मंडली, कभी कोई किताब क्लब बना लेती है, कभी कोई संगीत समूह, कभी फैमिली ग्रुप, तो कभी मिलकर हर रोज पार्क में एक घंटे योगा करते हैं और एक घंटे से ज्यादा गपशप और चाय नाश्ता होता है। 50$ की जिंदगी में सिर्फ उपलब्धियां हासिल करने की ख्वाहिश ठाठें नहीं मारती बल्कि मनपसंद जीने की भी तमन्नाएं उछाल मारती हैं। यही कारण है कि आजकल 50$ वाले लोग कई बार जिंदगी को कहीं ज्यादा रंग-बिरंगी खुशियों के साथ जीते नजर आते हैं, जैसे कि युवा लोग भी नहीं कर पाते। दूसरी पारी का भारत संयुक्त परिवार की वापसी जरूरी नहीं चाहता, वह परिवार के भीतर स्वतंत्रता और सम्मान चाहता है।

## वायरल

# क्रेन बुलाई और दो मंजिला छत पर चढ़ा दी स्कॉर्पियो



बिहार के गोपालगंज जिले से सोशल मीडिया पर एक ऐसा बेहद अनोखा और हैरान कर देने वाला वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई अपनी उंगलियां दबाने को मजबूर है। यहां एक मकान मालिक ने अपनी नई-नवेली Mahindra Scorpio Classic को चोरी होने से बचाने के लिए किसी गैरेज या पार्किंग का इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि उसे सीधे क्रेन से उठवाकर अपने दो मंजिला घर की छत पर खड़ा करवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह अनूठी घटना गोपालगंज जिले के मांझा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 'मीरा टोला' गांव की बताई जा रही है। यहां के निवासी मनोज यादव इजरायल में नौकरी करते हैं और घर पर परिवार में केवल पति-पत्नी ही रहते हैं। मनोज ने हाल ही में नई महिंद्रा स्कोर्पियो क्लासिक खरीदी थी। विदेश जाने के बाद गाड़ी की देखरेख और उसे चलाने के लिए उन्होंने एक ड्राइवर रखा था। हालांकि, कुछ समय बाद जब ड्राइवर को भी काम के सिलसिले में विदेश जाना पड़ा, तो परिवार के सामने कार की सुरक्षा को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई। गाड़ी की सुरक्षा और चोरी होने के डर से मनोज यादव के परिवार ने एक अनोखा तरीका खोज निकाला। एक भारी-भरकम क्रेन बेहद सावधानी से पूरी स्कोर्पियो को हवा में उठवाकर दो मंजिला मकान की छत पर भिजवा दिया। वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे क्रेन भारी गाड़ी को उठाकर धीरे-धीरे छत की ओर ले जाती है और सुरक्षित तरीके से उसे छत पर लैंड करा देती है।

## X का एक्सरे

भारत का संप्रभु क्षेत्र, जिसमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश भी शामिल हैं, भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुसार दिखाया जाना चाहिए। भारत के क्षेत्र का कोई भी गलत या भ्रामक चित्रण स्वीकार्य नहीं है। भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को लेकर देश का रुख स्पष्ट, लगातार एक जैसा और गैर-परक्राम्य है।



**रणधीर जायसवाल**

नरेंद्र मोदी ने जब प्रधानमंत्री पद संभाला, तब देश के सामने तीन बड़ी चुनौतियां थीं। इनमें जम्मू-कश्मीर की स्थिति और वहां बढ़ता आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर में विभिन्न सशस्त्र समूहों की मौजूदगी शामिल थी। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद गृह मंत्रालय ने आंतरिक सुरक्षा मजबूत करने कई कदम उठाए हैं।



**अमित शाह**

लोकप्रियता कभी मेरा लक्ष्य नहीं रही। मेरे लिए जनस्वास्थ्य जैसे मुद्दे मायने रखते हैं। यह तुकाराम मुंढे के बारे में नहीं है, यह भारत और जनस्वास्थ्य सुधारने के लक्ष्य के बारे में है। नागरिकों को जनस्वास्थ्य को सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में शामिल करना चाहिए। स्वस्थ मानव संसाधन के बिना भारत सुपरपावर नहीं बन सकता।



**तुकाराम मुंढे**

हर व्यक्ति को अपने धर्म का त्योहार मनाने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक आयोजनों में मुसलमानों को सामूहिक रूप से बाहर करना उचित नहीं है। कई संगठन मुसलमानों को भी ऐसे कार्यक्रमों में बुलाते हैं और त्योहार लोगों को जोड़ने का काम करते हैं, बांटने का नहीं।



**प्यारे खान**





## एक नजर

### चीनी के दामों में गिरावट, उपभोक्ताओं को राहत

**लखनऊ (एजेंसी)।** रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के दौरान बढ़े चीनी के दाम अब तेजी से नीचे आने लगे हैं। चीनी बाजार में तेजी का दौर थमने के बाद अगस्त में 44 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंचा एक्स-मिल भाव अब फिर 44-45 रुपये प्रति किलो पर लौट आया है। लखनऊ में चीनी के फुटकर भाव भी 63 से 64 रुपये प्रति किलो तक आ गए हैं। बाजार में पहले 70 रुपये, फिर 68 और 66 रुपये होते हुए अब चीनी 64 रुपये प्रति किलो के आसपास बिक रही है। हालांकि खुले फुटकर बाजार में सामान्य भाव अभी 65 से 70 रुपये प्रति किलो है। थोक उपभोक्ताओं के लिए 15 दिन की स्टॉक सीमा लागू होने और डीलरों की स्टॉक सीमा 4,000 से घटाकर 2,000 क्विंटल किए जाने से अतिरिक्त चीनी बाजार में आई है। इससे खरीदारी कमजोर हुई और कीमतों पर दबाव बढ़ा। सरकार के 10 लाख टन चीनी आयात के फैसले ने भी बढ़ते दाम पर रोक लगाई है।

# बेटियों को सशक्त बनाने के लिए 450 ट्रेनर होंगे तैयार

**अपने जिलों में जाकर शिक्षकों और छात्राओं को करेंगे जागरूक, बेटियों में विकसित करेंगे नेतृत्व क्षमता**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार विद्यालय स्तर पर संचालित 'मीना मंच' को और प्रभावी बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। विशेष परियोजना फॉर इक्विटी के तहत राज्य स्तर पर 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' (ToT) और 'मास्टर ट्रेनर' (MT) कार्यशाला का आयोजन राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (SIET), प्रयागराज में 9 से 24 सितंबर 2026 के बीच किया जाएगा। इस विशेष प्रशिक्षण अभियान में प्रदेश के सभी 75 जिलों से चयनित 450 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को कुल नौ बैचों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक बैच में 50 प्रतिभागी शामिल होंगे। बैच 1 और 2 का प्रशिक्षण 9-10 सितंबर को होगा, जिसमें बदायूं, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर और हमीरपुर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैच 3 और 4 का प्रशिक्षण 11-12 सितंबर को होगा। इसमें हापुड़, हरदोई, हाथरस, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, कुशीनगर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, लखनऊ और महाराजगंज के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैच 5 और 6 का आयोजन 16-17 सितंबर को होगा, जबकि बैच 7 और 8 का प्रशिक्षण 21-22 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। अंतिम बैच यानी बैच 9 का प्रशिक्षण 23-24 सितंबर को होगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के दिशा-निर्देशानुसार कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में ऐसा सुरक्षित और सहयोगी वातावरण तैयार करना है, जहां छात्राएं बिना झिझक अपनी बात रख सकें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों। प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न, बाल सुरक्षा और संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही बालिकाओं में निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व और संवाद कौशल विकसित करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स को विभिन्न तकनीकों से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रयागराज में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 450 मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जिलों में जाकर शिक्षकों और छात्राओं का क्षमता संवर्धन करेंगे। इसके माध्यम से मीना मंचों की गतिविधियों को विद्यालय स्तर तक अधिक प्रभावी तरीके से पहुंचाने और बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक तथा आत्मविश्वासी बनाने पर जोर रहेगा। सरकार का उद्देश्य मीना मंचों को केवल गतिविधि आधारित मंच तक सीमित न रखते हुए बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास, सुरक्षा और नेतृत्व क्षमता का मजबूत माध्यम बनाना है।

## यूपी में मानसून सक्रिय, भारी बारिश का अलर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार उत्तर प्रदेश के मध्य हिस्सों पर बने लो प्रेशर एरिया के प्रभाव से मानसून की गतिविधियां तेज हो गई हैं। 7 सितंबर को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। पिछले 24 घंटों में बरेली में 38 सेमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बहराइच में 18 सेमी बारिश हुई। पूर्वी उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बलिया, आजमगढ़ और मीरजापुर समेत कई जिलों में 7 और 8 सितंबर को बारिश होने का अनुमान है। 7 सितंबर को कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश और 8 सितंबर को भी अलग-अलग हिस्सों में भारी वर्षा की संभावना बनी रहेगी।

## शहादत के 22 साल बाद शौर्य चक्र लौटाने को मजबूर वृद्ध मां



***लखनऊ (एजेंसी)।** मणिपुर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए प्राण न्योछावर करने वाले शौर्य चक्र विजेता एवं पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट विवेक सक्सेना की 80 वर्षीय मां सावित्री देवी ने सरकारी व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि बेटे की शहादत के 22 साल बाद भी परिवार को सरकार की ओर से किए गए वादों का लाभ नहीं मिल सका। इससे आहत होकर उन्होंने बेटे की शहादत पर मिले मेडल और सम्मान राशि वापस लौटाने की बात कही है।*

*सावित्री देवी अपने बड़े बेटे रंजीत सक्सेना के साथ लखनऊ में आयोजित शिकायत निवारण कार्यक्रम में पहुंचीं। परिवार के अनुसार, 8 जनवरी 2003 को विवेक सक्सेना की मणिपुर में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहादत हुई थी। इसके बाद सरकार की ओर से परिवार के लिए एक मेमोरियल पार्क और ग्रामीण कोटे के तहत जमीन देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दो दशक से अधिक समय बीतने के बावजूद दोनों मांगें पूरी नहीं हुईं। रंजीत के मुताबिक, वर्ष 2016 में तत्कालीन लखनऊ जिलाधिकारी राज शेखर ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन बाद में परिवार से उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण मांगा गया। परिवार ने आवश्यक हलफनामा भी जमा किया, इसके बावजूद अधिकारियों की ओर से नए सवाल उठाए गए। रंजीत ने बताया कि उन्हें एक पुरानी रसीद मिली, जिसमें उसी पते पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा परिवार को 75 हजार रुपये का चेक जारी किए जाने का उल्लेख था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार पहले इसी पते पर भुगतान कर चुकी है तो अब मूल निवास का प्रमाण क्यों मांगा जा रहा है। परिवार का आरोप है कि शौर्य चक्र के साथ मिलने वाली सम्मान राशि के लिए भी 2024 तक इंतजार करना पड़ा। सावित्री देवी ने कहा कि अब 80 वर्ष की उम्र में सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की हिम्मत नहीं बची है। उन्होंने राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है। शिकायत के बाद एसडीएम ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।*

## 12 घंटे में मस्जिद गिराने पर अखिलेश ने उठाए सवाल

**लखनऊ (एजेंसी)।** सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में कोर्ट के आदेश के बाद मस्जिद ध्वस्तीकरण के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर सवाल उठाए।

सोमवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने कहा कि जिला कोर्ट के फैसले के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गुंजाइश थी। उन्होंने कहा कि न्याय के लिए हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का रास्ता खुला था। ऐसे में महज 12 या 13 घंटे के भीतर मस्जिद को गिराने की क्या जरूरत थी। अखिलेश ने कहा कि यदि आगे की न्यायिक प्रक्रिया की संभावना थी तो जल्दबाजी में कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए थी।

# बिजली वितरण में सुधार, वितरण हानि 13.04% तक घटी

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की बिजली वितरण व्यवस्था को मजबूत करने और लाइन लॉस कम करने के प्रयासों का असर अब आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। वर्ष 2020-21 में प्रदेश में 20.63 प्रतिशत रही वितरण हानि वर्ष 2025-26 में घटकर 13.04 प्रतिशत रह गई। इसी अवधि में एटीएंडसी हानि भी 31.19 प्रतिशत से घटकर 17.83 प्रतिशत हो गई। बिजली वितरण व्यवस्था में हुए इस सुधार को विभाग की कार्यप्रणाली में बढ़ी दक्षता और वित्तीय अनुशासन का संकेत माना जा रहा है। कृषि फीडरों को छोड़कर प्रदेश में फीडरों की संख्या 18,351 से बढ़कर 21,463 हो गई है। इनमें लाभकारी फीडरों की संख्या 5,772 से बढ़कर 8,104 पहुंच गई। यानी 2,332 अतिरिक्त फीडर लाभकारी श्रेणी में आए हैं। लाभकारी फीडरों की हिस्सेदारी भी 31 प्रतिशत से बढ़कर 38 प्रतिशत हो गई। डिस्कॉमवार प्रदर्शन में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम 53 प्रतिशत लाभकारी फीडरों के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। केस्को में यह आंकड़ा 39 प्रतिशत, दक्षिणांचल और मध्यांचल में 37-37 प्रतिशत तथा पूर्वांचल में 22 प्रतिशत रहा।




### हाई लॉस क्लस्टर मॉडल से वसूली में तेजी

बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए लागू हाई लॉस क्लस्टर मॉडल के तहत प्रदेश में 703 क्लस्टर, 1,703 फीडर, 42.21 लाख उपभोक्ता और 76,839 वितरण ट्रांसफार्मरों को कवर किया गया है। यह प्रदेश के कुल उपभोक्ताओं का करीब 11 प्रतिशत है। अभियान के तहत 654 करोड़ 31 लाख रुपये की बकाया वसूली की गई, जबकि 1,01,548 नए विद्युत संयोजन जारी किए गए। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में भी सुधार दर्ज किया गया है। यहां वितरण हानि 25.64 प्रतिशत से घटकर 14.78 प्रतिशत और एटीएंडसी हानि 31.03 प्रतिशत से घटकर 19.57 प्रतिशत रह गई। वहीं थ्रू-रेट 3.65 रुपये प्रति यूनिट से बढ़कर 4.06 रुपये प्रति यूनिट हो गया। दक्षिणांचल में वर्ष 2025-26 के दौरान 105 करोड़ रुपये की वसूली हुई, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में जुलाई तक 155 करोड़ रुपये की वसूली दर्ज की गई।

### हाई लॉस फीडरों पर कार्रवाई का असर

हाई लॉस फीडरों पर केंद्रित कार्रवाई के परिणाम भी सामने आए हैं। तालबेहट टाउन-2 ललितपुर में एटीएंडसी हानि 63 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत रह गई। मणिकापुर सीरी कासगंज में यह हानि 87 प्रतिशत से घटकर 53 प्रतिशत और राल मथुरा में 83.62 प्रतिशत से घटकर 47.82 प्रतिशत पर आ गई। आगरा, मथुरा, चित्रकूट, राठ और कोसी के टॉप-10 हाई लॉस फीडरों का घाटा 22.53 करोड़ रुपये से घटकर 17.89 करोड़ रुपये रह गया, जो करीब 21 प्रतिशत की कमी है। अधिकारियों के अनुसार, फीडर स्तर पर दैनिक समीक्षा, डेटा आधारित निगरानी और फील्ड अधिकारियों की जवाबदेही तय करने से विद्युत विभाग में वित्तीय अनुशासन मजबूत हुआ है। लगातार मॉनिटरिंग के जरिए बिजली चोरी, लाइन लॉस और बकाया वसूली पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### शिक्षक दिवस पर 81 गुरुजनों का सम्मान

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस और अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम पाती लिखी। उन्होंने शिक्षा, तकनीकी नवाचार और गुरु-शिष्य परंपरा पर विचार साझा किए। सीएम ने कहा कि शिक्षक दिवस पर राष्ट्र निर्माण की नींव रखने वाले 81 गुरुजनों को सम्मानित करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि गुरुकुल ज्ञान, जीवन मूल्यों और दायित्वबोध की शिक्षा के केंद्र थे।

# 2047 तक स्मार्ट बनेंगे देश के गांव

**▸ नीति आयोग के सहयोग से विजन डॉक्यूमेंट तैयार, यूपी की सभी 57,694 ग्राम पंचायतें होंगी पूरी तरह हाईटेक**

**लखनऊ (एजेंसी)।** स्वतंत्रता के 100वें वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिए तैयार किए गए 'विकसित उत्तर प्रदेश @2047' विजन डॉक्यूमेंट में गांवों के सर्वांगीण विकास को प्रमुखता दी गई है। सरकार प्रदेश की सभी 57,694 ग्राम पंचायतों को स्मार्ट बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी।

इसके तहत ग्राम पंचायतों में हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल, सार्वजनिक स्थानों पर वाईफाई हॉटस्पॉट और दूरदराज के गांवों में सैटेलाइट इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। नीति आयोग के सहयोग से नियोजन विभाग ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। इसमें ग्राम पंचायतों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के साथ आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर जोर दिया गया है। ग्रामीण विकास के लिए सेवा वितरण, बुनियादी ढांचा, रोजगार, बेहतर शासन और स्थिर विकास को प्रमुख क्षेत्र बनाया गया है। इसी के तहत 'स्मार्ट विलेज मिशन' शुरू किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को वर्ष 2029-30 तक 23 घंटे और वर्ष 2035-36 तक 24 घंटे करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 2029-30 तक सभी ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने, हर मौसम में सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने और सभी ग्रामीण परिवारों को पक्के घर देने का लक्ष्य भी रखा गया है। वर्तमान में 76.43 प्रतिशत पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंच चुका है, जबकि 99 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास पक्के मकान हैं।

ग्राम सचिवालयों को एकल खिड़की प्रशासनिक कार्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। पंचायत केंद्रों पर डिजिटल स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार संबंधी सेवाएं उपलब्ध होंगी। डिजिटल स्वास्थ्य डेस्क से ई-संजीवनी के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श मिलेगा। युवाओं के लिए पंचायत केंद्रों को डिजिटल परीक्षा केंद्र भी बनाया जाएगा। सरकार का वर्ष 2029-30 तक प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है।

## अजय राय गिरफ्तार सहारनपुर जाने से रोका

**लखनऊ (एजेंसी)।** सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में मस्जिद ध्वस्तीकरण के बाद मचे बवाल को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। मस्जिद कमेटी और पीड़ितों से मुलाकात करने सहारनपुर जा रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय को सोमवार को लखनऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पार्टी मुख्यालय से निकलते ही माल एवेन्यु चौराहे पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। विरोध जारी रहने पर पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई। अजय राय सहारनपुर पहुंचकर मस्जिद ध्वस्तीकरण के बाद बने हालात का जायजा लेने और प्रभावित लोगों से मिलने जा रहे थे। कांग्रेस ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद लखनऊ में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गईं।

# अपर सहायक अभियंता से मारपीट, भारी विरोध

**▸ खटीमा के डिप्लोमा इंजीनियर ने कार्य बहिष्कार कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन कड़ी कार्रवाई की मांग**

जागरण मोर्चा कार्यालय



उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपते खटीमा के डिप्लोमा इंजीनियर।

**खटीमा।** लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजिनियर्स द्वारा अपर सहायक अभियंता राजीव गौड के साथ की गयी मारपीट व अभद्रता के विरोध में कार्य बहिष्कार कर कडा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इस मामले की कड़ी निंदा करते हुए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

लोक निर्माण विभाग के खण्ड स्तरीय डिप्लोमा इंजिनियर्स इकाई द्वारा राजीव गौड अपर सहायक अभियंता काशीपुर के साथ 6 सितम्बर को बाजपुर लेवडा पुल के पास प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में राजेश कुमार पूर्व विधायक प्रत्याशी एवम् उनके साथियों द्वारा मारपीट कर मुंह पर कीचड़ पोतकर अत्यधिक निन्दनीय दुर्व्यवहार किया गया। इस प्रकरण की कड़ी निंदा की है। इस प्रकरण का कड़ा विरोध करते हुए। लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजिनियर्स ने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को ज्ञापन सौंप कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है तो डिप्लोमा इंजीनियर व्यापक आंदोलन चलाएंगे। इस दौरान खटीमा के डिप्लोमा इंजिनियर्स ने कार्य बहिष्कार किया। कार्य बहिष्कार कर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रेम प्रकाश तिवारी सहायक अभियंता, संतोष कुमार सहायकअभियंता, गिरीश भट्ट सहायक अभियंता, पीयूष शर्मा अपर सहायक अभियंता, ललित बिष्ट अपर सहायक अभियंता, गिरीश लोहनी अपर सहायक अभियंता, आदर्श अपर सहायक अभियंता, ईश्वर जोशी अपर सहायक अभियंता, हरीश कुमार अपर सहायक अभियंता, योगेश अपर सहायक अभियंता, विमल भट्ट अपर सहायक अभियंता आदि सम्मलित रहे।

# खटीमा-नानकमत्ता: राइस मिलर्स ने सौंपा ज्ञापन

**▸ 500 करोड़ लंबित भुगतान व कस्टम मिलिंग चार्ज 80% नहीं हुआ तो धान खरीद असंभव**

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते खटीमा व नानकमत्ता के राइस मिलर। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर राइस मिलर एसोसिएशन खटीमा द्वारा उपजिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026-27 में कच्चा आढती की खरीद न करने बाबत ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि राज्य व केंद्र सरकार लंबे समय से राइस मिलरों की लंबित समस्याओं का समाधान के नहीं रही है। एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि वर्ष 2019 से 25 तक राइस मिलों का लगभग 500 करोड़ से अधिक का भुगतान अभी तक नहीं किया है। सरकार से भुगतान न मिलने पर राइस मिलर बैंक किस्त अदा करने सहित अन्य आर्थिक समस्याओं से निपटने में असमर्थ हैं। राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष ईश्वर बंसल, महामंत्री संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रिदम अग्रवाल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में वर्ष 2025 - 26 का लगभग 6 लाख क्विंटल चावल उतार लंबित बताई गई है। उन्होंने चावल उतारने व लंबित भुगतान अदा करने की समय सीमा निर्धारित करने की मांग की है। ज्ञापन में वर्ष 2026-27 में किसानों के भुगतान की तर्ज पर मंडी शुल्क का भुगतान करने तथा वर्ष 2025 - 26 में राइस मिलर्स द्वारा दिया गया 5% विकास सेस वापस करने व पिछले वर्षों से निर्धारित कस्टम मिलिंग चार्ज मात्र 10% प्रति क्विंटल से बढ़कर देश के अन्य प्रदेशों की तरह 80 प्रति क्विंटल करने की मांग की है। क्योंकि वर्तमान में बिजली बिल, रख रखाव पर खर्च तथा आधुनिकरण की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ज्ञापन में इन समस्याओं के समाधान हुए बिना चालू सीजन में धान खरीद में असमर्थता व्यक्त की है। ज्ञापन सौंप ने वालों में हरप्रीत सिंह महल, बलवंत सिंह खड़ायत, संजय अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, विक्की गोयल, योगेश गर्ग, श्याम सुंदर राइस मिलर नानकमत्ता वरुण बंसल आदि मौजूद थे।

## बसपा में बड़ा फेरबदल, ईशान आनंद को कमान

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बहुजन समाज पार्टी में फेरबदल का दौर जारी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के सभी पद वापस लेकर उनके छोटे भाई ईशान आनंद को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। आकाश आनंद को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बाद दोबारा पार्टी में शामिल किया गया था। अब मायावती ने उन्हें सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया है। इस बदलाव के बाद आकाश आनंद ने सोशल मीडिया पर अपना बायो फिर बदल लिया है। उन्होंने खुद को अब 'बसपा समर्थक' बताया है। इससे पहले उनके बायो में 'बसपा कार्यकर्ता' लिखा था। उत्तर प्रदेश में चुनावी गतिविधियों के बीच बसपा के इस फैसले को अहम बदलाव माना जा रहा है।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में लखनऊ देश में अव्वल



**लखनऊ (एजेंसी)।** लगातार बारिश के बीच राजधानी लखनऊ को वायु प्रदूषण के स्तर में कमी का बड़ा लाभ मिला है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की ओर से जारी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 के परिणामों में लखनऊ ने 'मिलियन प्लस सिटी' श्रेणी में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ लखनऊ की हवा देश की सबसे स्वच्छ हवा वाले बड़े शहरों में शामिल हो गई है। सर्वेक्षण के नतीजों में मध्य प्रदेश का इंदौर दूसरे और जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा। लगातार बारिश के कारण वातावरण में मौजूद धूल और प्रदूषक कणों में कमी आने से राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। CPCB के सर्वेक्षण में विभिन्न शहरों की वायु गुणवत्ता और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े प्रयासों का आकलन किया जाता है। लखनऊ के प्रथम स्थान पर आने से स्थानीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रशासन के लिए यह उपलब्धि साफ हवा बनाए रखने की दिशा में आगे भी प्रभावी कदम उठाने की चुनौती भी है।

**एक नजर**

### ट्रेन की चपेट में आया अज्ञात व्यक्ति, सिर धड़ से अलग

**पीलीभीत।** आज सुबह मझोला चीनी मिल रेलवे फाटक के समीप सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि व्यक्ति का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया गया कि रेलवे पिलर संख्या 23/14-15 के पास एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही न्यूरिया पुलिस और रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और रेलवे कर्मचारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में मृतक के सिर की तलाश शुरू की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।पुलिस द्वारा घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है।

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में गांधी सभागार में हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सेवा संकल्प अभियान की कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा तय की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस 31 दिवसीय अभियान को जनपद में पूरी निष्ठाए पारदर्शिता एवं समन्वय के साथ संचालित किया जाए।

बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से अभियान के सम्बन्ध में बताया गया। उन्होंने बताया कि अभियान में कुल 13 प्रमुख कार्यक्रम 31 दिन की अवधि में आयोजित किए जाएगें। डिजिटलीकरण. केंद्र सरकार के 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 10 वर्षों का त्रिस्तरीय डेटा.बैंक तैयार किया जाएगा। जिसमें विधानसभा वारए विकासखण्ड वार एवं ग्राम पंचायत वार डेटा एकत्रित किया जायेगा। इसके साथ ही परिवर्तनकारी स्थलों की पहचानए रील बैंक एवं राज्य पोर्टल का निर्माण व अद्यतनीकरण किया जाएगा। 13 प्रमुख कार्यक्रमए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आशीर्वाद का दीया से जनसेवा महाकुंभ तकए निरंतर 13 प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख स्मारकों पर लेजर शोए महायज्ञ एवं प्रार्थना सभाएँए ग्राम चैपाल और जनसामान्य से सीधा संवाद स्थापित करने के कार्यक्रम आयोजित होंगे।अभियान के मुख्य आकर्षण एवं लक्ष्य.31 दिन का विशेष अभियान ;17 सितंबर से 17 अक्टूबरद्ध। जनसेवा व जनजागरूकता कार्यक्रम एवं जनसहभागिता व सांस्कृतिक टोलियाँ गठन एवं डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स का सहयोग लिया जायेगा।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की कहानियों व अनुभवों का साझा किया जायेगा।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियाँ समय से पूर्ण कर लें ताकि अभियान के दौरान आम नागरिकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुँचाया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारीए डीएफओ सामाजिक वनिकीए मुख्यचिकित्साधिकारी ए डीसी मनरेगाए उपायुक्त स्वतः रोजगारए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# करोड़ों रुपये के बैंक फर्जीवाड़े में पंजाब एंड सिंध बैंक का चीफ मैनेजर दिल्ली से गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



ठगी का आरोपी बैंक मैनेजर गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** बैंक खातों से 8.52 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी के मामले में सुनगढ़ी पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पंजाब एंड सिंध बैंक के तत्कालीन मैनेजर और वर्तमान चीफ मैनेजर राधेश्याम प्रभाकर (42 वर्ष) को नई दिल्ली से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ज्ञात रहे मामला 2 मई 26 का है, जब कोतवाली थाना क्षेत्र की के जी एन-टू कॉलोनी निवासी मोहम्मद जीशान और उनकी पत्नी इरम खां ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित दंपति ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उनके बैंक खातों से 38 चेकों का दुरुपयोग कर लगभग 7.82 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। शिकायत के आधार पर सुनगढ़ी थाने में बीएनएस की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की प्रारंभिक विवेचना में यह बात सामने आई कि आरोपी द्वारा बैंक खातों से अनुचित तरीके से कुल आठ करोड़ बावन लाख पंद्रह हजार रुपये की धनराशि निकाली गई थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित अभियुक्त की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अपराध शाखा के निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई और आरक्षी मुकेश भारती की टीम ने आरोपी राधेश्याम प्रभाकर जो वर्तमान में सिद्धार्थ एन्क्लेव, आश्रम रोड, नई दिल्ली में चीफ मैनेजर के पद पर कार्यरत था गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और विवेचना कर रही है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत जनपद में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन आज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत जनपद में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में किया जाएगा। कार्यशाला का आयोजन प्रथम पाली में प्रातः दस से तथा द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य जनपद में स्थापित राजकीय पालीटेक्निक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डिग्री कॉलेज, कौशल विकास मिशन, खादी एवं ग्रामोद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र सहित विभिन्न संस्थानों से जुडे युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना है। कार्यशाला में युवाओं को योजना के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, ऋण एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रथम पाली में राजकीय पालीटेक्निक एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों सहित अन्य निर्धारित प्रतिभागियों को प्रतिभाग कराया जाएगा, जबकि द्वितीय पाली में बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं जिला समन्वयक सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रहेगी। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व का समय से निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। कार्यशाला में युवाओं को उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ साथ योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

# बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केन्द्र का शिलान्यास नौ सितम्बर को

जागरण मोर्चा कार्यालय



- विधायक बरखेड़ा, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय इण्टर कालेज न्यूरिया हुसैनपुर में तैयारियों का लिया जायजा
- बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केन्द्र का केन्द्रीय राज्यमंत्री सांसद व अन्य जनप्रतिनिधिगण करेंगे शिलान्यास
- जिलाधिकारी ने सुरक्षा, यातायात व पार्किंग व्यवस्था का किया निरीक्षण

**पीलीभीत।** आज राजकीय इंटर कॉलेज न्यूरिया हुसैनपुर में आगामी नौ सितंबर को बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केन्द्र के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद कार्यक्रम की तैयारियों को समयबद्ध और सुव्यवस्थित ढंग से कराने हेतु विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने आज को कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था यातायात प्रबंधन, पार्किंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केन्द्र स्थानीय किसानों की समृद्धि की दिशा में केंद्र का शिलान्यास केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिकी सूचना प्रौद्योगिकी, जितिन प्रसाद, कैबिनेट मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा कृषि अनु संधान सूर्य प्रताप शाही राज्य मंत्री जनपद के प्रभारी मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवंअनुसंधानविभाग स्वलदेव सिंह औलख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दिन आमजन और आगुंतकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा एवं यातायात, कार्यक्रम स्थल और मुख्य मार्गों पर चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था तथा सुगम यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने हेतु योजना बनाई गई है। वाहनों के व्यवस्थित ठहराव के लिए पार्किंग स्थल चिह्नित किए गए हैं। साथ ही पेयजल, साफ-सफाई और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने कहा कि बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को उन्नत किस्म के बीज, आधुनिक कृषि तकनीक तथा अनुसंधान का सीधा लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### गैस के संचालक का व्हाट्सऐप हैक, पैसों की मांग करने वालों से रहें सतर्क

**शेरपुर कलां।** साइबर अपराधियों ने अब क्षेत्र के गणमान्य और व्यावसायिक लोगों को अपना शिकार बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला नफीस इंडियन गैस एजेंसी से सामने आया है, जहां एजेंसी संचालक परवेज खान का व्हाट्सऐप अकाउंट अज्ञात हैकरों द्वारा हैक हैंग कर लिया गया है। अकाउंट हैक करने के बाद हैकर उनके परिचितों और ग्राहकों को फर्जी मैसेज तथा क्यूआर कोड भेजकर पैसों की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी मिलते ही संचालक परवेज खान ने तुरंत क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों और ग्राहकों से अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि यदि उनके व्हाट्सऐप नंबर से किसी भी प्रकार का मैसेज क्यूआर कोड या पैसों की मांग की जाती है, तो उसे पूरी तरह से नजरअंदाज करें। किसी भी स्थिति में किसी अज्ञात क्यूआर कोड पर भुगतान न करें। इस प्रकार किए गए किसी भी संदिग्ध लेनदेन या भुगतान के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। घटना के संदर्भ में स्थानीय साइबर सेल और पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हैकरों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों, क्यूआर कोड और लोकेशन की तकनीकी जांच की जा रही है। जल्द ही इस साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत बारह सितम्बर को

**पीलीभीत।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार बारह सितंबर को प्रात: दस बजे से सायं पाच बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगण पीलीभीत एवं बाह्य न्यायालय पूरनपुर तथा बीसलपुर में राष्ट्रीय लोक-अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में अरूण क्रान्ति यशोदास, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जनमानस से अपील की गयी है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कर सकते हैं तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

### रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा पीलीभीत दौरे पर, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद

**पीलीभीत।** आज राष्ट्रीय लोक दल प्रदेश अध्यक्ष अनुपम मिश्रा पीलीभीत नगर में आगमन हो रहा है। वे पीलीभीत नगर के पार्टी पदाधिकारियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं से भेंट कर संवाद स्थापित करेंगे।यह जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत बनाना तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा करेंगे।

### राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुणाल चौधरी 8 सितंबर को पीलीभीत मे

**पीलीभीत।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी कुणाल चौधरी का पीली भीत में प्रथम आगमन आठ सितंबर मंगलवार होगा। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस मीडिया प्रभारी हेमंत मिश्रा एडवोकेट ने बताया की 8 सितंबर को काशीराम बारातघर में कॉंग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। एवं महत्वपूर्ण संगठनात्मक चर्चा करेंगे।

### नेत्रदान पखवाड़े के तहत प्रचार वाहन हुआ रवाना

**पीलीभीत।** सक्षम संस्था के तत्वावधान में 25 अगस्त से आठ सितंबर तक मनाए जा रहे नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत आमजन को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष प्रचार वाहन का संचालन शुरू किया गया है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले भर में घूमकर लोगों को नेत्रदान के महत्व के प्रति प्रेरित करेगा। कार्यक्रम के दौरान नेत्रदान के पुनीत कार्य को बढ़ावा देने के लिए तीस लोगों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर वीरेंद्र, डॉ. नीलेश कटियार और रामचंद्र ठाकुर ने स्वयं नेत्रदान करने हेतु संकल्प पत्र भरकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया।

# शहर की घनी बस्ती में कन्फेक्शनरी की दुकान में सुबह लगी आग भीषण

जागरण मोर्चा कार्यालय



आग बुझाते फायर सर्विस के कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज शहर कोतवाली से महज कुछ कदमों की दूरी पर स्थित एक कन्फेक्शनरी की दुकान में सोमवार तड़के अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते उसने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर राख हो गया है। प्रथम दृष्टया आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। शहर के मोहल्ला पंजाबियान निवासी नसीम की शहर कोतवाली के पास एक कन्फेक्शनरी की दुकान है। यह दुकान थाने से मात्र बीस मीटर की दूरी पर स्थित है। सोमवार तड़के करीब तीन बजे बंद दुकान के अंदर से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। सुबह का समय होने के कारण बाजार में सन्नाटा था, लेकिन आग की भयंकर लपटें देखकर आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और गश्त कर रही पुलिस ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए पानी की बौछार कर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत और भारी जद्दो जहद के बाद टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। हालांकि, जब तक आग बुझाई जाती तब तक दुकान में रखा सारा सामान और फर्नीचर जलकर पूरी तरह खाक हो चुका था, जिससे पीड़ित दुकानदार नसीम को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

# हॉबीज हेरिटेज रिसर्च ट्रस्ट की बैठक में शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर बनी कार्ययोजना

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक करते समाजसेवी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** शहर मे हॉबीज हेरिटेज रिसर्च ट्रस्ट की द्वैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने की, जबकि संचालन सचिव हर्षल सिंह ने किया। बैठक की शुरुआत में ट्रस्ट के सभी सदस्यों को टी-शर्ट वितरित की गईं। बैठक में डॉ. दीपक गंगवार के प्रस्ताव पर प्रदीप अग्रवाल को ट्रस्ट की सदस्यता प्रदान की गई। नए सदस्य का सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वागत किया। इसके बाद ट्रस्ट की आगामी शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एस.एन. इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज तथा चिलावीपा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए हॉबीज कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं प्रतिभा के अनुरूप विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में डॉ. एस.पी.एस. संधू, डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, मंजीत सिंह संधू, अनिल महेंद्र, डॉ. दीपक गंगवार, मुकुल अग्रवाल, राजेश गंगवार, हर्षल सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अमित वर्मा, राकेश कुमार, साकेत सक्सेना, विक्रम सेन सक्सेना, मो. रिहान, आफताब सिंह संधू, डॉ. सुरेंद्र कुमार गंगवार एवं प्रदीप अग्रवाल सहित ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

**सेवा संकल्प अभियान** प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सेवा काल के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेंगे 13 विशेष कार्यक्रम

# भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुई जिला कार्यशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय



भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान पर एक भव्य जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष व अभियान के संयोजक आयुष मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनंद, विशिष्ट अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद एवं जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पदों पर रहते हुए सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूरे किए हैं। पार्टी संगठन के निर्देशानुसार इस अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 13 सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष आयुष मिश्रा को बतौर संयोजक सौंपी गई है।

मुख्य अतिथि गुलशन आनंद ने विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि अभियान के तहत आशीर्वाद दिया, सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, जनसेवक महाकुंभ एवं पंचायत से पार्लियामेंट जैसे 13 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इन सभी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पदाधिकारियों को संयोजक के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। विशिष्ट अतिथि विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और इस 25 वर्ष की ऐतिहासिक सेवा यात्रा का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, महादेव गाईन, अनुराग अग्निहोत्री, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, नगर पंचायत बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल तथा नौगवां पंचायत अध्यक्ष संदीप कौर, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, नमन प्रताप राजपूत, रेखा सिंह परिहार, विकास श्रीवास्तव, मान सिंह राठौर, अतिंदर पाल सिंह, मनोज गुप्ता, जिला मंत्री नागेन्द्र प्रताप, विकास वाल्मीकि, ऋचा सिंह पटेल, सत्यपाल वर्मा, सृष्टि गुप्ता, अमित कुशवाहा, पंकजा तिवारी, रेनू राज, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला कार्यालय मंत्री पुष्पा शुक्ला, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पांडेय, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, जिला आईटी सह संयोजक पंकज प्रजापति, जिला सोशल मीडिया सह संयोजक विजय सरकार, जिला सह कार्यालय मंत्री राम चरन लाल राठौर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष डाल चंद वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शांति स्वरूप सोनकर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सतनाम सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा सहित सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बारिश के बाद नदियाँ उफान पर, देवहा, कटना व खन्नौत में जलस्तर बढ़ा; शारदा खतरे के निशान से अभी 2.40 मीटर नीचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले में जारी मानसूनी बारिश के बीच नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोमवार को बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा आज दोपहर बारह बजे जारी ताजा बुलेटिन के अनुसार जनपद में बीते 24 घंटों के दौरान 44 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही इस मानसून सत्र में अब तक की कुल संचयी वर्षा बढ़कर 704 मिमी पहुंच गई है। लगातार हो रही बारिश के बावजूद राहत की बात यह है कि जिले की सभी प्रमुख नदियाँ फिलहाल खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं।वही शारदा नदी में 1.17 लाख क्यूसेक का भारी डिस्चार्ज किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के आंकड़ों के अनुसार, शारदा नदी में 117 378 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। भारी डिस्चार्ज के बावजूद शारदा का वर्तमान गेज 219.30 मीटर दर्ज किया गया, जो इसके खतरे के निशान 221.70 मीटर से 2.40 मीटर नीचे है। नदी का रुझान घटने की ओर है, जिससे तटीय इलाकों के लोगों ने राहत की सांस ली है।तीन नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा पहाड़ी और स्थानीय जल ग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण जिले की तीन नदियों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई हैः देवहा नदीः देवहा में 23,812 क्यूसेक डिस्चार्ज दर्ज किया गया है। इसका गेज 190 34 मीटर पहुंच गया है, जो खतरे के निशान (192.76 मीटर) से 2.42 मीटर नीचे है। कटना नदीः कटना नदी का गेज 159.80 मीटर दर्ज किया गया, जिसमें 5,000 क्यूसेक पानी बह रहा है। खन्नौत नदीः खन्नौत का जलस्तर 166.45 मीटर पहुंच चुका है और इसका डिस्चार्ज 4,050 क्यूसेक है।नानक सागर और खकरा में स्थिति सामान्य नानक सागर में जल स्तर स्थिर बना हुआ है। इसका वर्तमान गेज 213.90 मीटर और डिस्चार्ज 7,613 क्यूसेक है, जो खतरे के निशान 215.95 मीटर) से 2.05 मीटर नीचे है। वहीं, खकरा नदी का गेज 188.20 मीटर दर्ज हुआ, जबकि इसमें डिस्चार्ज शून्य रहा प्रशासन अलर्ट पर बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण कक्ष पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर हैं। निचले और तटीय इलाकों में अधिकारियों को स्थिति पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।








## एक नजर

### तेज वर्षा के कारण दो आवासीय मकान क्षतिग्रस्त

**पूरनपुर।** तेज वर्षा के दौरान तहसील पूरनपुर क्षेत्र में दो स्थानों पर आवासीय मकान क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आईं। ग्राम खांडेपुर अंतर्गत ग्राम केसरपुर कला में सत्यपाल पुत्र नंदराम के मिट्टी से निर्मित आवासीय मकान की दीवार तेज वर्षा के कारण गिर गई। इसी प्रकार ग्राम सुअबोझ, परगना व तहसील पूरनपुर में सुरेश पुत्र तुलसीराम का आवासीय खपरैल–पोश मकान अचानक गिर गया। दोनों घटनाओं की सूचना प्राप्त होने पर उपजिलाधिकारी पूरनपुर श्री मयंक गोस्वामी एवं तहसीलदार पूरनपुर श्री आशीष कुमार गुप्ता द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा स्थिति का जायजा लिया गया। दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि अथवा पशुहानि नहीं हुई है। प्रभावित परिवारों के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# कटना व देवहा नदी में छलांग लगाने वाले विकास व कैलाश सक्सेना के शव मिले

## एसएसबी व एसडीआरएफ टीम की मदद से बरामद हुए दोनों शव

जागरण मोर्चा कार्यालय




विकास कुमार व कैलाश चंद्र सक्सेना के फाइल फोटो। –जागरण मोर्चा



शव मिलने के बाद मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** कटना व देवहा नदी में छलांग लगाने के बाद लापता हुए 22 वर्षीय विकास कुमार व 62 वर्षीय कैलाश चंद्र सक्सेना की तलाश सोमवार सुबह दुखद मोड़ पर समाप्त हुई। भीषण बारिश और खराब मौसम के बीच एसएसबी की टीम ने सोमवार सुबह करीब 10:45 बजे भोगापुर के पास नदी से विकास का शव बरामद कर लिया। वहीं व एसडीआरएफ की टीम ने चौसरा निवासी 62 वर्षीय वृद्ध कैलास सक्सेना की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम के प्रभारी रजत कुमार गोंड के नेतृत्व में टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शाहजहांपुर जनपद की तहसील तिलहर व बीसलपुर के बीच से बहने वाली देवहा नदी में ग्राम खेड़े नवादा के पास से शव को बरामद किया है। बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम भैनपुर निवासी विकास कुमार शनिवार को नदी में छलांग लगाने के बाद से ही लापता था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था। भारी बारिश और नदी के तेज बहाव के बावजूद एसएसबी की टीम प्रभारी गोकुल चंद्र जाट रविवार से लगातार सर्च अभियान में जुटी हुई थी। सोमवार सुबह कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने शव को पानी से बाहर निकाला। उधर नदी में रविवार को डूबे दूसरे चौसरा निवासी 62 वर्षीय वृद्ध कैलास चन्द्र सक्सेना की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम के प्रभारी रजत कुमार गोंड के नेतृत्व में टीम ने कड़ी में सकट के बाद शाहजहांपुर जनपद की तहसील तिलहर व बीसलपुर के बीच से बहने वाली देवहा नदी में ग्राम खेड़े नवादा के पास से शव को बरामद किया जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने वृद्ध के शव को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची बीसलपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं दोनों परिवारों के शव मिलने के बाद उनके परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पहुंचे एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि खराब मौसम और बारिश के कारण अभियान में काफी चुनौतियां आ रही थीं, लेकिन रेस्क्यू टीम बिना रुके डटी रही। सोमवार सफलता मिलते ही विकास व कैलाश चंद्र सक्सेना के शव को बाहर निकाल लिया गया है।

## संक्षेप समाचार

### शारदा नदी के जलस्तर बढने से ग्रामीणों में दहशत, जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर, बचाव की तैयारियां पूरी



शारदा नदी का बढा हुआ जलस्तर। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शारदा नदी का जलस्तर फिलहाल स्थिर है और खतरे के निशान से 11 सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है।लगातार हो रही बारिश के बाद नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी गई थी। लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है।जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन की टीम शारदा नदी के किनारे बसे गांवों में लगातार गश्त कर रही है। नदी के जलस्तर की हर घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रखते हुए राहत एवं बचाव की सभी व्यवस्थाएं तैयार रखी गई हैं।बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है और नावों की व्यवस्था भी कर ली गई है।जिला प्रशासन ने तहसील पूरनपुर और आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लेखपालों और ग्राम प्रधानों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सूचना देने को कहा गया है।शारदा नदी के किनारे बसे ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे नदी के करीब न जायें और बच्चों को भी नदी से दूर रखें।पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर बांधने की सलाह दी गई है।प्रशासन ने राहत सामग्री और मेडिकल टीमों को भी तैयार रहने के निर्देश दिये हैं। बाढ़ आने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये सभी इंतजाम पूरे कर लिये गये हैं।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और घबराने की जरूरत नहीं है।जिला प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है

### रास्ते पर रखा ट्रांसफार्मर दे रहा हादसे को दावत, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



ट्रांसफार्मर के खतरे को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

**शेरपुर कलां।** बिजली विभाग की घोर अनदेखी के कारण क्षेत्र में एक बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। मुख्य रास्ते पर बिना किसी सुरक्षा घेरे और चबूतरे के रखा ट्रांसफार्मर हादसों को न्योता दे रहा है। विभाग की इस कार्यशैली से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द सुरक्षा प्रबंध करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते के बिल्कुल किनारे ज़मीन के पास रखे इस ट्रांसफार्मर से हर समय करंट उतरने का डर बना रहता है। सड़क से गुजरने वाले छोटे छोटे बच्चे राहगीर और पशु अक्सर इसके बेहद करीब से गुजरते हैं ट्रांसफार्मर की कुछ ही दूरी पर एक मदरसा भी संचालित है जिसमें बच्चों का आना जाना बड़ी संख्या में रहता है जिससे कभी भी कोई अनहोनी घटना हो सकती है। कई बार स्थानीय स्तर पर शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर रखने के लिए पक्का चबूतरा बनाया जाए और इसके चारों ओर बाउंड्री वॉल कराई जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट लहजे में चेतावनी दी है कि यदि बिजली विभाग ने शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान सैफ रजा मोन्टू महमूद हुसैन सद्दीक खां जावेद खां लईक खां शब्बीर बब्बू रफूल खां कल्लू खां कासिम, सज्जाद हुसैन मुन्ने साहेद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

### बारिश बनी मुसीबत, कच्चे घर की दीवार गिरी, दोदपुर कल्लियां गांव में हादसा, पांच लोग मलबे में दबे

**पूरनपुर/कलीनगर।** गरीब परिवारों के लिए बारिश परेशानी बन गई है। कलीनगर तहसील की ग्राम पंचायत दोदपुर कल्लिया में सोमवार सुबह एक कच्चे मकान की कमजोर दीवार अचानक गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग मलबे में दब गए। सूचना पर उपजिलाधिकारी पहुंचे और निरीक्षण किया। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव दोदपुर कल्लिया निवासी बाबूराम पुत्र छबीलालाल अपने परिवार के साथ घर के अंदर थे। इसी दौरान बारिश से कमजोर हुई दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार के नीचे पूरा परिवार दब गया जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई।हादसे में बाबूराम बुरी तरह घायल हो गए। जबकि उनकी पत्नी और तीन छोटे बच्चे भी मलबे में दब गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गये। कच्चे मकान में टीन शेड भी क्षतिग्रस्त हो गया। चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी कोशिश के बाद मलबा हटाया और सभी को बाहर निकाला।गनीमत रही कि पत्नी और बच्चों को सिर्फ हल्की चोटें आईं। बड़ा हादसा होने से टल गया। बुरी तरह घायल बाबूराम को ग्रामीणों की मदद से तुरंत अस्पताल भेजा गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही तेज बारिश से गांव के कई कच्चे मकानों की दीवारें कमजोर हो गई हैं। जलभराव के कारण कई परिवारों के घरों में पानी घुस गया है।

## नगर पालिका परिषद और कुमार तनय वैश्य सभा ने किया गौरव सम्मान समारोह, क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाएं सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



सम्मानित करते चेयरमैन। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद पूरनपुर और कुमार तनय वैश्य सभा ने मिलकर नगर पालिका सभागार में गौरव और सम्मान समारोह किया। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में अच्छा काम कर नगर का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने इन प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर उनके अच्छे भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं।समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और सभासद मौजूद रहे। समारोह में नगर की बेटी आराध्या भाव्या गुप्ता (कपिल गुप्ता की बेटी और सुशील गुप्ता की पोती) को उत्तर प्रदेश स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता चैंपियनशिप के लिये क्वालीफाई करने पर सम्मान मिला। आराध्या की इस उपलब्धि पर सभी ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।इसके साथ ही शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले अनव सक्सेना (शिवम सक्सेना के बेटे) और अभिज्ञान चौहान (राजीव सिंह चौहान के बेटे) को भी सम्मानित किया गया।तीनों शूटरों ने नगर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया है।कुमार तनय वैश्य सभा के अध्यक्ष डॉ. दिनेश गुप्ता को इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया।उनके इस मनोनयन पर नगर के वैश्य समाज ने हर्ष व्यक्त किया।आर्यन वर्मा (रमेश वर्मा के बेटे) को यूनाइटेड किंगडम में साइंटिस्ट के पद पर चुने जाने पर सम्मान मिला।आर्यन की इस बड़ी उपलब्धि पर पूरे नगर में खुशी का माहौल है।वक्ताओं ने कहा कि नगर की प्रतिभाएं अलग-अलग क्षेत्रों में अच्छा काम कर पूरनपुर का नाम रोशन कर रही हैं।ऐसे लोगों को बढ़ावा मिलने से दूसरे युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## विधायक ने किया कटान क्षेत्र का निरीक्षण, दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने सोमवार को पूरनपुर विधानसभा के भारत-नेपाल सीमा से सटे ग्राम कुतिया कवर का दौरा किया। यह वह क्षेत्र है जो कभी भयंकर कटान की त्रासदी झेलता था। विधायक ने बताया कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने दो करोड़ की विशेष परियोजना स्वीकृत कराकर स्पर का निर्माण कराया गया। जिससे आज यह पूरा क्षेत्र और यहाँ के निवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के नलडेगा में भी नदी का कटान बेहद तेज़ था,यहां की सुरक्षा के लिए 14 करोड़ की लागत से तीन बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा गया। वहाँ भी स्पर बनकर तैयार हैं और क्षेत्र में कटान पूरी तरह रुक चुका है। विधायक ने निरीक्षण के दौरान कटान की स्थिति दिखी, उन्होंने तत्काल उपजिलाधिकारी कलीनगर परमेश कुमार और बाढ़ खंड के एसडीओ को मौके पर ही सख्त निर्देश दिए कि सुरक्षा कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।और तुरंत कार्य शुरू कराया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, दवाइयां और सुरक्षित ठहराव की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को अधिकारी चौबीसों घंटे अलर्ट पर रहने के लिए निर्देशित किया,दौरे के दौरान नेपाल के लोग आए उन्होंने बताया कि एक लड़की डूब गई है। उनकी सहायता के लिए तुरंत मौके पर एसएसबी के जवानों को रेस्क्यू के लिए बुलाया गया।

## ग्रामीणों की परेशानी देख डॉ. रत्नेश गंगवार ने कराया रास्ता दुरुस्त, विद्यार्थियों व राहगीरों को मिली बड़ी राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय



कीचड़ और दलदल वाले स्थान पर ईंट, रोड़ा और बजरी पड़ती हुई। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** ग्राम चौसर हरदो पट्टी और भगवंतपुर के बीच बीसलपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर लंबे समय से बने गहरे गड्ढों, कीचड़ और दलदल के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हाल ही में हुई बारिश के बाद स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई थी। इस मार्ग से गुजरने वाले आम राहगीरों सहित स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को रोजाना कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता था, जिससे कई बार बच्चे गिरकर कपड़े गंदे कर लेते थे। इतना ही नहीं, सड़क खस्ताहाल होने के कारण चार पहिया वाहनों का आवागमन भी पूरी तरह प्रभावित हो चुका था। इस जनसमस्या की जानकारी जब डॉ. रत्नेश गंगवार को हुई तो स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग की आधिकारिक कार्रवाई का इंतजार किए बिना खुद पहल की। उन्होंने तुरंत मौके पर कीचड़ और दलदल वाले स्थान पर ईंट, रोड़ा और बजरी डलवाकर रास्ते को आवागमन के योग्य बनाया। रास्ता दुरुस्त होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, रोजाना के यात्रियों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जब भी कोई समस्या आती है। तो डॉ. रत्नेश गंगवार हमेशा मदद के लिए आगे आते हैं। भले ही स्थायी समाधान में विभागीय प्रक्रिया के कारण समय लगे, लेकिन जनता को तत्काल राहत पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहती है। डॉ. रत्नेश गंगवार ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, यही मेरी प्राथमिकता है। समस्या छोटी हो या बड़ी, जानकारी मिलते ही समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मार्ग की स्थायी मरम्मत के लिए संबंधित विभाग से पत्राचार जारी रहेगा।"

## तेज बरसात से ब्रह्मदेव स्थल की बाउंड्री ध्वस्त, मूर्तियां सुरक्षित, खोखा टूटा, चेयरमैन ने दिया आश्वासन

जागरण मोर्चा कार्यालय



सूचना पर पहुंचे चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** श्री मनोकामना ब्रह्मदेव स्थल निकट डाक घर कोतवाली रोड पूरनपुर में भारी बरसात होने के कारण बड़ा हादसा हो गया। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से मंदिर परिसर की बाउंड्री भरभराकर गिर गई। बताया जा रहा है कि तेज बारिश के कारण मंदिर की पुरानी बाउंड्री कमजोर हो गई थी।पानी के दबाव के चलते बाउंड्री अचानक ध्वस्त हो गई।हादसे के दौरान पड़ोस में स्थित एक साइकिल वाले का खोखा भी टूट गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।गनीमत रही कि हादसे में सभी भगवान की मूर्तियां पूरी तरह सुरक्षित हैं। किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मंदिर समिति के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मूर्तियों को सुरक्षित स्थान पर रखा।सूचना मिलते ही नगर के लोगों में चिंता फैल गई। श्रद्धालु मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। ब्रह्मदेव स्थल पूरनपुर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता मौके पर पहुंचे।उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और पुजारियों व स्थानीय लोगों से बात की। चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने तुरंत बरसात रुकते ही बाउंड्री का निर्माण और मरम्मत कार्य शुरू कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल की सुरक्षा के लिये जल्द ही स्थायी निर्माण कराया जायेगा।मंदिर समिति ने प्रशासन और नगर पालिका का आभार जताया है।

**दहशत** सोंधा और पजाबा गांव के बीच चकरोड़ पर दिखा बाघ

## सेहरामऊ क्षेत्र में बाघ दिखने से हड़कंप, तस्वीर वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय



खेत में खड़ा बाघ। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में सोमवार सुबह सोंधा और पजाबा गांव के बीच एक बाघ दिखा। बाघ को देखकर खेतों की ओर जा रहे ग्रामीण डर गए। इसी दौरान एक शख्स ने दूर से बाघ की तस्वीर अपने मोबाइल में कैद कर ली। यह तस्वीर अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है।ग्रामीणों का कहना है कि सोमवार सुबह सोंधा और पजाबा गांव के किनारे खेतों के बीच चकरोड़ पर उन्होंने बाघ को देखा।बाघ को देखते ही आसपास मौजूद लोग सतर्क हो गये और उन्होंने एक-दूसरे को इसकी जानकारी दी।मोबाइल से खींची गई तस्वीर सामने आने के बाद इलाके में बाघ की मौजूदगी को लेकर बातें तेज हो गई हैं। तस्वीर वायरल होने के बाद पूरे सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों में बाघ को लेकर दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण खेतों और गांवों में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ गई है जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। इलाके में पहले से ही तेंदुए और हाथियों के दिखने से ग्रामीण परेशान हैं। अब बाघ दिखने की खबर से ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।किसानों ने खेतों पर जाना कम कर दिया है और बच्चों को घरों में ही रहने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही खेतों की ओर जाने वाले लोगों को सतर्क रहने और अकेले न जाने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवरों की लगातार आवाजाही को देखते हुए वन विभाग की टीम को इलाके में गश्त बढ़ानी चाहिए ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ की लोकेशन ट्रेस कर उसे जंगल की ओर भेजने और गांव के आसपास गश्त बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल वन विभाग की टीम को सूचना दे दी गई है।

## ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हुई रोडवेज बस, हादसा टला

**कलीनगर।** कलीनगर तहसील क्षेत्र में चित्तरपुर पुल के पास सोमवार को रोडवेज बस के ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा टल गया। पीलीभीत से गभिया सराय जा रही बस में करीब एक दर्जन यात्री सवार थे। पुल के पास अचानक ब्रेक फेल होने से बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। बस को बेकाबू होते देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री घबराकर बस से नीचे उतर गए। इसी दौरान बस सड़क किनारे उतर गई। टक्कर के बाद बस रुकने से यात्रियों की जान बच गई। हादसे में किसी यात्री के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## टीन शेड घर गिरने से दंपति घायल, लगातार हो रही बारिश से कमजोर हुआ था टीन शेड

जागरण मोर्चा कार्यालय



गिरा पडा टीन शेड। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** बहादुरपुर गांव में टीन शेड गिरने से हादसा हो गया। इस हादसे में रामकांत चौहान और उनकी पत्नी घायल हो गए। हालांकि उनके दो बच्चे बाल-बाल बच गए।बताया गया कि लगातार बारिश के कारण रामकांत चौहान के घर पर लगा टीन शेड कमजोर हो गया था। दोपहर में वह अचानक गिर गया। हादसे के समय पति-पत्नी शेड के नीचे ही मौजूद थे। टीन शेड गिरने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को मलबे से बाहर निकाला। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया।हादसे के बाद घायल पति-पत्नी को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत ठीक बताई जा रही है।दोनों बच्चे सुरक्षित हैं।टीन शेड के नीचे रखा पंखा, गैस चूल्हा और घर का अन्य सामान भी मलबे में दबकर टूट गया। इससे गरीब परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है। परिवार के सामने अब रहने और खाने की समस्या खड़ी हो गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बारिश से कई कच्चे मकान और टीन शेड कमजोर हो गए हैं।पीड़ित परिवार ने एसडीएम पूरनपुर से भी मदद मांगी है।ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में बारिश से हुए नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को सहायता देने की मांग की है।

# बॉन्ड यील्ड में उछाल: ब्याज दर और महंगाई के नजरिए में बड़ा बदलाव

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से बॉन्ड यील्ड में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। जुलाई में 10 साल की सरकारी प्रतिभूति की यील्ड 6.69 प्रतिशत थी, जो सितंबर के पहले सप्ताह में बढ़कर 6.97 प्रतिशत हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह वृद्धि ब्याज दर और महंगाई के नजरिए में स्पष्ट बदलाव का संकेत देती है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह वैश्विक घटनाक्रम और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे ऋण कोष में निवेश करने वाले निवेशकों की चिंता बढ़ी है।

भारत पर इसका असर इसलिए भी पड़ता है, क्योंकि हम कच्चे तेल और ऊर्जा के सबसे बड़े आयातक हैं। ऊर्जा संकट के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका भी तेज हो गई है। बिड के निदेशक विजय कुप्पा ने अमर उजाला डॉटकॉम को बताया कि 10 साल का सरकारी बॉन्ड अर्थव्यवस्था में लंबे समय के लिए उधार लेने की लागत का मानक तय करता है।



निवेशकों और बाजार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, वैश्विक बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और भू-राजनीतिक अनिश्चितता इस बदलाव के प्रमुख कारण हैं। तेल की बढ़ती कीमतें ईंधन, परिवहन और लागत की वजह से भारत में महंगाई बढ़ा सकती हैं। साथ ही, यह व्यापार/चालू खाते की स्थिति को खराब कर सकती हैं और रुपये पर भी दबाव बना सकती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए हालात मुश्किल हो जाते हैं, क्योंकि आयातित महंगाई मौद्रिक नीति में ढील देने की क्षमता को सीमित कर सकती है।

श्रीराम एएमसी के वरिष्ठ कोष प्रबंधक और प्रमुख निश्चित आय विशेषज्ञ अमित मोदानी ने बताया कि सरकारी यील्ड में हालिया बढ़ोतरी के पीछे कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें मुख्य वजह हैं। दुनिया भर में हो रही घटनाओं का भी इसमें योगदान है। ऊर्जा संकट के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका भी तेज हुई है। भारत कच्चे तेल और ऊर्जा का सबसे बड़ा आयातक होने के कारण इससे प्रभावित होता है। विकसित देशों में बढ़ता राजकोषीय घाटा और कमजोर होती आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण बनती जा रही है। इसकी वजह से वैश्विक बॉन्ड यील्ड पिछले कुछ दशकों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। इसका असर भारतीय निवेशकों और बॉन्ड बाजार पर देखने को मिलेगा।

विजय कुप्पा कहते हैं कि अमेरिकी सरकारी प्रतिभूति बाजार दुनिया भर के लिए जोखिम-मुक्त मानक तय करता है। जब अमेरिकी यील्ड बढ़ती है, तो भारतीय बॉन्ड को अमेरिका के अधिक आकर्षक जोखिम-मुक्त प्रतिफल से मुकाबला करना पड़ता है। हाल ही में अमेरिका की 10 साल की यील्ड करीब 4.8 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि भारत की 10 साल की यील्ड 7 प्रतिशत के आसपास बढ़ गई। इससे आरबीआई की नीति दर में बदलाव के बिना भी घरेलू सरकारी प्रतिभूति यील्ड पर ऊपर की ओर दबाव बनता है। इसका असर बॉन्ड, शेयर बाजार, रुपये और विदेशी निवेश पर पड़ने की संभावना है।

## अर्शदीप ने गर्लफ्रेंड समरीन कौर पर लुटाया प्यार: रोमांटिक अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने सोमवार को अपनी गर्लफ्रेंड समरीन कौर को उनके जन्मदिन पर बेहद रोमांटिक अंदाज में बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ प्यारी तस्वीरें शेयर की, जिसमें दोनों के बीच की खास बॉन्डिंग साफ नजर आ रही है। छुट्टियों के दौरान बिताए गए सुकून भरे पलों से लेकर कैंडिड तस्वीरों तक, अर्शदीप के इस पोस्ट ने दोनों के रिश्ते पर खुलकर मुहर लगा दी है।

अर्शदीप ने हर तस्वीर के साथ अलग कैप्शन लिखा। एक तस्वीर पर उन्होंने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक मेरी जान, समझदार, परिपक्व और खूबसूरत पार्टनर।' अर्शदीप ने भले ही जन्मदिन की बधाई देते हुए सरल शब्दों का चयन किया, लेकिन हर तस्वीरों ने बहुत कुछ कह दिया। पोस्ट में दोनों एक-दूसरे के साथ पोज देते और प्यार भरे पल साझा करते नजर आए और आखिरी तस्वीर के कैप्शन ने इस प्यार का खुलकर इजहार कर दिया। अर्शदीप ने लिखा, 'आई लव यू सो मच।'

समरीन पिछले कुछ समय से अर्शदीप के सोशल मीडिया पोस्ट्स में लगातार नजर आ रही हैं और दोनों अपने इस रिश्ते को फैंस के



सामने खुलकर जाहिर कर रहे हैं। उनके सार्वजनिक रूप से साथ दिखने और सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के साथ बातचीत करने ने भी सबका ध्यान खींचा है। यह जन्मदिन का पोस्ट हाल ही में सुर्खियों में आए उनके एक अन्य रोमांटिक अंदाज के बाद आया है, जो उनके मैचिंग टैटू से जुड़ा था।

दरअसल, अर्शदीप के ऊपरी बाजू पर समरीन के हाथ की लिखावट में 'रङ' गुदा हुआ है, जबकि समरीन के हाथ पर अर्शदीप की लिखावट में 'अर' लिखा है और दोनों ही टैटू के साथ एक छोटा लाल दिल भी बना हुआ है। यह पोस्ट सामने आते ही फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया और कमेंट सेक्शन में प्रशंसकों ने समरीन को जन्मदिन की ढेरों बधाइयां दीं।

अर्शदीप की गर्लफ्रेंड समरीन कौर एक पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल हैं, जो 2018 की मिस इंडिया फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। वह मूल रूप से जम्मू-कश्मीर की रहने वाली हैं और उन्होंने पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स से पढ़ाई की है।

## दिलीप ट्रॉफी फाइनल: तिहरा शतक नहीं लगा सके ईशान किशन, ईस्ट जोन ने बनाया विशाल स्कोर; कुशाग्र ने जड़ा शतक

**एजेंसी न्यूज**

**चेन्नई।** दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन भी ईस्ट जोन के बल्लेबाजों का दम दिखा। कप्तान ईशान किशन भले ही तिहरा शतक नहीं लगा सके, लेकिन उनकी शानदार पारी के बदौलत ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ पहली पारी में 708 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ईस्ट जोन की पहली पारी समाप्त होने के साथ ही दूसरे दिन का खेल खत्म होने की घोषणा कर दी गई।

ईस्ट जोन के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान ईशान किशन ने बनाए जो 334 गेंदों पर 30 चौकों और सात छक्के की मदद से 270 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा कुमार कुशाग्र ने 132 गेंदों पर आठ चौकों और पांच छक्कों के सहारे 101 रन की पारी खेली। शुरूआती दो दिन ईस्ट जोन के बल्लेबाजों का दम देखने मिला। दूसरे दिन ईशान रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए थे, लेकिन बाद में वह फिर बल्लेबाजी के लिए उतरे। हालांकि, साउथ जोन की टीम दिन का खेल समाप्त होने तक ईस्ट जोन की पारी खत्म करने में सफल रही।

ईस्ट जोन के लिए मुकेश कुमार आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे जिन्हें त्रिपुराणा विजय ने अपना शिकार बनाया। ईस्ट जोन के लिए अनुकूल रॉय ने 45, मोहम्मद कौनेन कुरैशी ने 40 और मोहम्मद शमी ने 28 रन बनाए। साउथ जोन की ओर से त्रिपुराणा विजय ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए, जबकि चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल को दो-दो विकेट मिले। शेख रशीद एक विकेट लेने में सफल रहे। अब तीसरे दिन साउथ जोन को बल्लेबाजी में दम दिखाना होगा, जबकि ईस्ट जोन की टीम साउथ जोन को जल्द समेटना चाहेगी।




ईस्ट जोन ने दूसरे दिन चार विकेट पर 385 रन से शुरूआत की। ईशान ने कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 230 रन की साझेदारी की। कुमार कुशाग्र हालांकि, शतक लगाकर आउट हुए। टीम ने 471 के स्कोर पर अपना पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद ईशान ने अनुकूल रॉय के साथ 140 रन जुटाकर टीम को 600 के पार पहुंचा दिया। ईशान 250 रन की पारी खेलकर रिटायर्ड हर्ट होकर ड्रेसिंग रूम लौटे। उन्होंने 301 गेंदों में 27 चौके और सात छक्के लगाए थे। इसके बाद मोहम्मद शमी (28) ने कुरैशी (40) के साथ 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 650 के पार पहुंचाया। टीम को 680 के स्कोर पर सातवां झटका लगा, जिसके बाद कप्तान ईशान एक बार फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे।

## इंग्लैंड क्रिकेट में पीटरसन की मिली जिम्मेदारी: सीमित ओवर टीम से इस भूमिका में जुड़ेंगे, विश्व कप तक होगा साथ

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन।** पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिर इंग्लैंड की सफेद गेंद की टीमों का विशेषज्ञ मेंटोर बनाया गया है। पीटरसन इस महीने के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ जुड़ेंगे। कोचिंग स्टाफ में मार्कस ट्रेसकोथिक, टिम साउदी, जीतन पटेल और सारा टेलर भी हैं।

पीटरसन इस साल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के दौरों पर भी टीम के साथ होंगे। इसके बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज और विश्व कप में टीम के साथ रहेंगे। पीटरसन ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी बयान में कहा, मुझे गर्व है कि मुझे दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप में टीम की मदद करने के लिए कहा गया है। इंग्लैंड की जर्सी 2014 के बाद पहली बार फिर पहनना मेरे लिए गर्व का पल होगा।

ईसीबी ने एक बयान में कहा कि पीटरसन को कुछ हद तक उनकी स्थानीय जानकारी की वजह से ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। ईसीबी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में पले-बढ़े होने के कारण, पीटरसन की जानकारी और समझ खास तौर पर वनडे टीम की मदद करेगी, क्योंकि टीम अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी कर रही है जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। पीटरसन और मैकुलम ने 2007 से 2013 के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक-दूसरे के खिलाफ 24 बार खेला और अपने करियर के आखिर में पीएसएल के दो सीजन में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के लिए साथ भी खेले।

## दक्षिण अफ्रीका की टीम घोषित: ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में बावुमा करेंगे कप्तानी, चोटिल रबाडा शामिल नहीं

**एजेंसी न्यूज**

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी आगामी घरेलू वनडे सीरीज के लिए एक मजबूत टीम का एलान कर दिया है जिसकी कमान नियमित कप्तान तेम्बा बावुमा संभालेंगे। इस टीम में अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर और क्विंटन डिकॉक को भी शामिल किया गया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि दोनों खिलाड़ी 2027 के वनडे विश्व कप की योजनाओं में बने हुए हैं। फिलहाल इन दोनों खिलाड़ियों के पास केंद्रीय अनुबंध नहीं है, लेकिन दोनों ने इस साल का टी20 विश्व कप खेला था और दुनिया भर की टी20 लीग में सक्रिय रूप से खेल रहे हैं। दूसरी ओर, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में गेराल्ड कोएट्जे को वनडे टीम में वापस बुलाया गया है। 2023 विश्व कप के बाद से कोएट्जे ने दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है। पिछले तीन वर्षों में वह लगातार चोटों से जूझते रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए की ओर से खेलते हुए क्रिकेट के मैदान पर वापसी की है। मुख्य कोच शुक्री कोनराड ने एक बयान में कहा कि गेराल्ड की टीम में वापसी से वह बेहद खुश हैं और वह अपनी पुरानी लय में तेज गेंदबाजी कर रहे हैं। कोच ने आगे कहा कि विश्व कप में अभी थोड़ा समय बाकी है और यह सीरीज टीम के संयोजन को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।




## आरबीआई रिपोर्ट : एनबीएफसी के गोल्ड लोन में शानदार उछाल जारी

### कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की बिक्री कितनी बढ़ी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 07 सितंबर 2026 को बताया कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा स्वर्ण आभूषणों के बदले दिए गए ऋण में जुलाई 2026 में 68.5 फीसदी की शानदार वृद्धि हुई है। यह कई महीनों से जारी उच्च ऋण वृद्धि के रुझान का हिस्सा है। उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की खरीद के लिए दिए गए ऋण में भी जुलाई 2026 में 51.5 फीसदी की तेजी देखी गई।



स्वर्ण ऋण खंड में पिछले महीने 69.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। एक साल पहले जुलाई 2025 में यह वृद्धि 43.9 फीसदी थी। पिछले कुछ तिमाहियों में सोने की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। इससे ऋण देने वाला पूरा पारिस्थितिकी तंत्र इस खंड के साथ अधिक सहज महसूस कर रहा है। इसमें उच्च मूल्य की सुरक्षा के साथ बेहतर प्रतिफल भी मिलता है। हालांकि, संपत्ति निर्माण से दूर होने और उपभोग संबंधी खर्चों के लिए अधिक उधार लेने की प्रवृत्ति पर चिंताएं भी व्यक्त की गई हैं।

एनबीएफसी और आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के आवास ऋण खंड में जुलाई में 11.9 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई। यह जून में 11.4 फीसदी और जुलाई 2025 में 4 फीसदी थी। एनबीएफसी के वाहन ऋण खंड में जुलाई 2026 में 15.1 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।







## सर्राफा बाजार: सोने में भारी गिरावट, दिल्ली में 650 रुपये लुढ़का भाव; वैश्विक संकेतों का असर

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सोने के दाम दिल्ली में सोमवार को 650 रुपये प्रति 10 ग्राम गिर गए। कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू धारणा




पर मंदी का रुख हावी रहा। पीली धातु 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। शुक्रवार (4 सितंबर 2026) को यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

हालांकि, चांदी के दाम लगातार दूसरे सत्र में अपरिवर्तित रहे। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बनी रही। इसमें सभी कर शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने में गिरावट दर्ज की गई। हाजिर सोना करीब 1 फीसदी गिरकर 4,395.30 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया। यह 35.03 अमेरिकी डॉलर की गिरावट थी। चांदी भी 1 फीसदी गिरकर 65.64 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

लेमनन ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि सोना दबाव में रहा। उम्मीद से बेहतर अमेरिकी रोजगार आंकड़ों के बाद यह स्थिति बनी। इन आंकड़ों से सितंबर में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में बढ़ोतरी की उम्मीदें बढ़ गईं। बाजार अब आगे की नीतिगत संकेतों का इंतजार कर रहा है। इस सप्ताह के उत्पादक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। ये आंकड़े बाजार को नई दिशा दे सकते हैं।

बाजार का ध्यान अब प्रमुख अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों पर केंद्रित हो गया है। ये आंकड़े इस सप्ताह के अंत में जारी होने वाले हैं। इनसे फेडरल रिजर्व की ब्याज दर की दिशा पर नए संकेत मिल सकते हैं। इन संकेतों का बुलियन के भविष्य पर भी प्रभाव पड़ेगा।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।